राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025
वर्ष 07, अंक 20, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

यूपी के ये तीन डॉक्टर होंगे बर्खास्त, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्रवाई के दिए निर्देश...03

तहसीलदार गोला भी नही हटवा पा रहे तालाब से दबंगो का अवैध कब्जा.....06

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे जलाने की इजाजत, शर्तों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने दी हरी झंडी

**● दिवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-NCR वालों को बड़ी राहत दी है. कोर्ट ने शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दे दी है. ये इजाजत 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए ही है. आदेश सुनाते हुए CJI ने कहा कि पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना संयम के साथ अनुमति देनी होगी।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (15 अक्टूबर) को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों के उपयोग पर लगे पूर्ण प्रतिबंध में ढील देते हुए दिवाली के त्योहार पर कुछ शर्तों के साथ "हरे पटाखों (Green Crackers)" के उपयोग की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को जलाने की मंजूरी दे दी है। अदालत ने बुधवार को ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने ये इजाजत केवल 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए दी है। सीजेआई गवई ने कहा कि हमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा। पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना संयम के साथ अनुमति देनी होगी।

मुख्य प्रावधान 'हरे पटाखों की बिक्री 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2025 तक की जा सकेगी। बिक्री केवल निर्धारित स्थानों पर ही की जा सकती है।' पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोलिंग टीमें गठित करनी होंगी कि केवल त्तक्रष्टश्स्रद्द वाले अनुमोदित पटाखे ही बेचे जाएं। 'ई-कॉमर्स वेबसाइट्स (जैसे फ्लिपकार्ट, अमेज़न आदि) पर पटाखों की ऑनलाइन बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। 'पटाखों का उपयोग केवल दिवाली से एक दिन पहले और दिवाली के दिन, सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे के बीच किया जा सकेगा।' "केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)" और "राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (PCB)" 18 अक्टूबर से वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) की निगरानी करेंगे और कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करेंगे।

यह आदेश चीफ़ जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की खंडपीठ ने एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिय मामले में पारित किया। इससे पहले 3 अप्रैल को कोर्ट ने एनसीआर में पूरे साल के लिए पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था, जिसमें हरे पटाखे भी शामिल थे। बाद में इस आदेश की पुनर्विचार याचिकाएँ दाखिल की गई थीं।

सुनवाई के दौरान सीजेआई गवई ने यह भी कहा था कि दिवाली के समय के लिए प्रतिबंध में अस्थायी छूट दी जा सकती है – "फिलहाल हम दिवाली के दौरान ही प्रतिबंध हटाने की अनुमति देंगे।"

केंद्र और एनसीआर के राज्यों (दिल्ली, हरियाणा) ने निम्नलिखित सुझाव दिए- 1. केवल नीरी (NEERI) द्वारा अनुमोदित हरे पटाखों की अनुमति हो। 2. लड़ियों (Joint Crackers, Lardis) का निर्माण, बिक्री और उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहे। 3. बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं द्वारा की जाए। 4. किसी भी ई-कॉमर्स साइट पर ऑनलाइन बिक्री नहीं होगी। 5. पटाखे फोड़ने की समय-सीमा – दिवाली पर 8 से 10 बजे रात तक, क्रिसमस और न्यू ईयर पर रात 11:55 से 12:30 बजे तक, और गुरु पर्व पर सुबह 4-5 बजे व रात 9-10 बजे तक।6. सभी




हरे पटाखों पर क्यूआर कोड होना अनिवार्य होगा। 7. अनधिकृत निर्माण पर सख्त कार्रवाई- लाइसेंस निलंबन और निर्माण स्थल की तत्काल सीलिंग। 8. पीईएसओ, नीरी, जीएनसीटीडी और राज्य पीसीबी" द्वारा नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि पटाखों में बैरियम, लिथियम, आर्सेनिक, एंटिमनी, लेड या मरकरी जैसे प्रतिबंधित रसायन न हों।

सीजेआई ने यह भी उल्लेख किया कि देश के कुछ हिस्सों में नरक चतुर्दशी के दिन सुबह दिवाली मनाई जाती है, इसलिए उस पर भी विचार किया जाएगा।

न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने चिंता जताई कि बाजार में नकली ग्रीन पटाखे मिल रहे हैं, जिनमें अभी भी प्रदूषक रसायन मौजूद हैं। जस्टिस चंद्रन ने सुझाव दिया कि पुलिस और पीईएसओ द्वारा रैंडम सैंपलिंग और जांच की जाए। सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट 2018 के 'अर्जुन गोपाल बनाम भारत संघ' फैसले की समीक्षा पर विचार करेगा, ताकि नई परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन किए जा सकें। 2018 के फैसले में कोर्ट ने पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार करते हुए केवल कम प्रदूषण वाले हरे पटाखों की बिक्री की अनुमति दी थी, वह भी लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं के माध्यम से।

सीजेआई ने पूछा कि 2018 से अब तक वायु गुणवत्ता में कोई सुधार हुआ है या नहीं। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि कोविड अवधि को छोड़कर ए.क्यू.आई. में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।

सीनियर एडवोकेट के. परमेश्वर ने निर्माताओं की ओर से कहा कि उन्हें नियंत्रित मात्रा में ग्रीन पटाखों का निर्माण करने की अनुमति दी जाए और उनकी ऑनलाइन निगरानी की जा सकती है। निर्माताओं का कहना था कि 3 अप्रैल का आदेश 2018 के अर्जुन गोपाल फैसले के विपरीत है, क्योंकि उसमें केवल सर्दियों के मौसम में प्रतिबंध की बात कही गई थी, पूरे साल की नहीं। इस मामले में सीनियर एडवोकेट जे. साई दीपक, गोपाल शंकरनारायणन और एडिसनल सालिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी भी पेश हुए।

**'सरकार बदली, बैन भी हटा'**

सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि सरकार बदली और हिंदुओं के त्यौहारों से बैन लगना बंद हो गया. बरसों के बाद दिल्ली वाले परंपरागत तरीके से दिवाली मनाएंगे. उन्होंने आगे कहा कि दिवाली पर ग्रीन पटाखों की अनुमति देने का उच्चतम न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है. दिल्ली सरकार ने जनता की आवाज न्यायालय के सामने रखी, उसके लिए ष्टरूरेखा गुप्ता का आभार.

# पुलिस की लापरवाही से अपहरण करने के बाद मासूम की हो गई हत्या

**● मां की सूचना के बावजूद इफको चौकी की पुलिस नहीं हुई सक्रिय।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कनौजा खुर्द गांव में 14 वर्षी हसनैन की अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई। उसकी लाश गुलचपा गांव के पास एक नहर के किनारे फेंक दी गईथी? इस घटना से पूरे गांव में गम का माहौल व्याप्त है और पुलिस की लापरवाही के प्रति आक्रोश दिखाई पड़ा। लोगों का कहना है कि हसनैन की मां द्वारा इफको चौकी की पुलिस को मंगलवार को सूचना सुबह देने के बाद भी अगर तुरंत कार्रवाई के कर दी गई होती तो शायद हसनैन की हत्या होने से बच जाता।

घटना के बारे में बताते चलें कि सोमवार को स गांव के विद्यालय के पास हसनैन लड़कों के साथ घूम रहा था की सायं काल कल संदलपुर निवासी शहीद बाबा के लड़के मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और उसे लेकर चले गए। शाहिद हसनैन की मां के मामा लगते हैं जिससे वह लड़का उनको जानता पहचानता था और उनके कहने पर वह उनकी मोटरसाइकिल पर बैठकर चला गया ।उस मासूम को यह नहीं मालूम था कि यह लोग हत्या के इरादे से उसे लेकर जा रहे हैं। उसकी मां जब काफी देर के बाद उसका लड़का घर नहीं लौटा तो उसने पता लगाया और मालूम हुआ कि उसके मामा के लड़के हसनैन को लेकर के गए हैं ।हसनैन की मां को तुरंत संदेह हो गया कि उसके लड़के की जान खतरे में है और वह रात भर रोती रही रह गई और शहीद बाबा के ऊपर आरोप लगाती रही ।कि उन्होंने हमारे बच्चे की अपहरण करके उसके साथ कुछ अनहोनी कर डालेंगे। सुबह मंगलवार को उसने अपने भाई के साथ इफको चौकी पुलिस पर गई और यह सूचना दी और शहीद बाबा को आरोपित करते हुए यह बताया कि उन्होंने अपहरण कर लिया है। लेकिन चौकी के प्रभारी ने उसको उल्टी सीधी फटकार लगाने लगे और स्वयं गायब करके यहां नाटक करने की बात कही। उसके बताने के बावजूद की उनसे मेरे मायके वालों से दुश्मनी है इसलिए मुझे अनहोनी की आशंका है। पुलिस सक्रियता नहीं दिखाई इसी बीच किसी समाचार चैनल वाले ने प्रभारी निरीक्षक को टेलीफोन से सूचना दी कि आपके क्षेत्र में किसी लड़के का अपहरण हो गया है तो प्रभारी निरीक्षक भी यही जवाब दिया कि उसका रिश्तेदार ही उसको बैठा कर ले गया है इसलिए अपहरण कहां से हो गया। वह भी गंभीरता को नहीं समझ पाए लेकिन जब प्रभारी निरीक्षक को फिर किसी ने फोन करके यह बताया की सूचना देने वाले को मोबाइल चौकीइंचार्ज ने छीन कर तोड़ दिया तो प्रभारी निरीक्षक ने तुरंत चौकी इंचार्ज को इस बात पर नाराजगी जताते हुए तुरंत छानबीन करने का निर्देश दिया। उसका मोबाइल क्यों तोड़ा गया आप फौरन मौके पर जाइए और जो इसमें अपने आवेदन में कहा है उसका पता करिए। फिर उनके कान पर जू रेंगी।लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। और जाट पड़ताल करते हुए चिरौना चौराहे के सीसी कमरे में उसे ले जाते हुए फोटो कैद हो गई थी तो उसकी मां को बुलाकर पहचान कराई गई ।इसके बावजूद चौकी इंचार्ज सहमत नहीं थे। इस संवाददाता ने स्वयं जब उनसे टेलीफोन करके जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने कहा कि केवल उसकी मां पहचान कर रही है और कोई दूसरे लोग नहीं ।प्रश्न उठता है कि यदि उसकी मां नहीं पहचानेगी तो दूसरा कौन पहचान कर सकता था। लेकिन उन्होंने कहा की जांच पड़ताल चल रही है प्रयास किया जा रहा है लेकिन रात भर बीतने के बावजूद बच्चे का न तो कहीं पर यह लोग पता कर पाए।

शहीद बाबा को नाम नामजद करने के बावजूद उनके घर वालों से कड़ाई से पूछताछ



की। लोगों का कहना है कि अगर उसी रात पुलिस सक्रिय हो गई होती तो बालक की हत्या शायद न हो पाती। उसे रात में ही मार करके हत्या करके गांव से करीब 5 किलोमीटर दूर गांव के पास एक नहर के किनारे फेंक दिया गया था ग्रामीणों में इस बात पर भी आक्रोश है कि पुलिस को यह घटना की जानकारी होने के बावजूद जब लाश बरामद हुई तो उसके घर वालों से बिना बुलाए और पहचान कराए सीधे पोस्टमार्टम में लाश को भेज दिया गया।

पोस्टमार्टम हाउस में उसके परिवार वाले वहां जाकर के पहचान कर पाए ।आखिर पुलिस इसको घटना को क्यों छुपाना चाहती थी क्या आपने लापरवाही पर पर्दा डालना चाहती थी या नामजत बाबा के रसूक को देखकर के उसे पर हाथ नहीं डालना चाहती थी। और अंत में उस बालक की हत्या हो गई इस संबंध में सहायक पुलिस अधीक्षक से दो बार बातचीत करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया और उन्होंने एक बाइट जारी करके इस घटना को तोड़ मरोड़ करके पेश किया है। लोगों का कहना है कि गुमशुदा होने सूचना पर भी सुबह उसकी लाश मिली तो पता कराया गया कि हसनैन है।

कनौजा खुर्द गांव के लोगों का और आसपास के लोगों का स्पष्ट मानना है की पुलिस की लापरवाही के कारण से मासूम की हत्या हो गई यदि सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हो जाती तो उसी दिन उसकी डेड बॉडी मिल जाती या हत्या होने से बचाया जा सकता था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईट भट्ठे से चार ट्रैक्टरों के सेल्फ चोरी

**पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज, शिनाख्त नहीं।**

**प्रयागराज यमुनापार।** घूरपुर थानांतर्गत बादलगंज गांव स्थित नीतेश पटेल के ईट भट्ठे से चार ट्रैक्टरों के सेल्फ चोरी होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि यह घटना देर शाम को ट्रैक्टर खड़ा करने के बाद हुई है, क्योंकि चालकों ने दिनभर ट्रैक्टरों से कहीं न कहीं आवागमन करने के बाद खड़ा कर दिया था, और अपने घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब लोगों ने देखा तो जानकारी मिली कि 4 ट्रैक्टरों से सेल्फ चुराए गए थे।हालांकि, बताया तो यह भी गया है कि चोर ट्रैक्टरों की बैटरी भी चोरी करने की फिराक में थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। घटना की सूचना घूरपुर थाने पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। ईट भट्ठे पर लगे सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे चोर की पहचान नहीं हो पाई। उसने सफेद शर्ट और काली पैंट पहन रखी थी और लाल रूमाल से अपना चेहरा ढका हुआ था।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवा के मंत्री रवि नाइक के निधन पर जताया शोक



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोवा के मंत्री रवि नाइक के निधन पर शोक व्यक्त किया है। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री रवि नाइक जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा, प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शांति! गोवा के कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बच्चे, एक बहू और तीन पोते-पोतियां हैं।

# सोनभद्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी युवक को 20 साल कठोर कारावास की सजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र** जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के जुर्म में 25 वर्षीय युवक को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता नीरज कुमार सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) अमित वीर सिंह ने मामले की सुनवाई पूरी कर आरोपी रौतम कुमार (25) को दोषी ठहराया और उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने उसपर 40,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे छह महीने की अतिरिक्त जेल की सज़ा काटनी होगी। अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माने की राशि में से 30,000 रुपये पीड़िता को मुआवज़ा के तौर पर दिए जाएं। यह मामला विंढमगंज थाने में करीब डेढ़ साल पहले दर्ज किया गया था। पीड़िता के पिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उनकी 16 साल बेटी का चार लोगों ने अपहरण कर लिया और नौ दिसंबर, 2023



को जोरुखाड़ गांव निवासी रौतम कुमार ने उसका यौन उत्पीड़न किया।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि कुमार पिछले चार सालों से उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न कर रहा था और वह पांच महीने की गर्भवती थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुमार ने गर्भपात न कराने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस नेसंबंधित धाराओं में मामला दर्ज करके जांच के बाद आरोपपत्र दाखिल किया। इसके बाद अदालत ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाया। अन्य आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। पीड़ित लड़की वर्तमान में अपने माता-पिता के साथ रह रही है और उसने एक बच्चे को पिछले साल जन्म दिया था।

# कागजो पर फर्जी काम दिखाकर लाखो का गोलमाल के आरोप

**● गांव वालो द्वारा कराए गए ब्रह्म देव चबूतरे के निर्माण को दिखाकर 70000 का भुगतान निकाले जाने के आरोप**

**राधेश्याम गुप्ता के खेत से कामता प्रसाद के खेत तक रास्ता निर्माण कार्य कराए बगैर ही लाखों का भुगतान भुगतान निकाले जाने का मामला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** भले ही सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने के बडे बडे दावे और वादे कर रहे हो लेंकिन जनपद मे योगी आदित्यनाथ के आदेशो का किस तरह से मखौल/अवमानना की जाती है और जनपद खीरी के विकास खंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया के पंचायत सचिव और खंडविकास अधिकारी पसगवां पर शासन के आदेशो का कोई असर पडता नजर नही आरहा है। जिसके चलते जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खमरिया में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से ब्रह्म देवस्थान का चबूतरा बनवा बगैर ही भुगतान निकाल कर हजम कर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। वही ग्राम खमरिया के अंदर राधेश्याम गुप्ता के खेत से कामता प्रसाद के खेत तक रास्ता निर्माण कराए बगैर ही लाखों का भुगतान निकाले जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। ग्रामीणों के बताएं अनुसार ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के मिली भगत से लगवाई गई गुणवत्ता विभिन्न स्थित लाइट से अधिकांश बंद पड़ी हैं यहां तक मंदिर पर भी हमेशा अंधेरा ही बना रहता है गांव में ना नाली निर्माण कराया गया है और ना ही खड़ंजा का निर्माण हुआ है इसके चलते गंदा पानी सड़कों से लेकर लोगों के घरों तक भर रहा है और ग्राम प्रधान कागजों पर विकास की गंगा बहाकर सरकारी धन का निजी हित में दुरुपयोग करते देखे जा रहे हैं गांव का विकास भले ही नहीं हुआ है लेकिन ग्राम प्रधान का संपूर्ण विकास

**शिकायतो मे फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कर देता है फर्जी निस्तारण**

ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पूनम के पति दीपू और देवर पंकज की दबंगई का आलम यह है कि जब कोई शिकायतकर्ता शिकायत करता है है तो ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव तथा उनके देवर शिकायतो मे शिकायत कर्ता का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायत का फर्जी तरीके से निस्तारण कर देता है ।ऐसा ही एक मामला खमरिया निवासी शिकायतकर्ता का है ।बताते चलें कि मुन्ना नामक शिकायत कर्ता ने ग्राम पंचायत खमरिया की शिकायत की थी मुन्नालाल अंगूठा छाप व्यक्ति है जिसने अपनी शिकायत पर अपना अंगूठा लगाते हुए शासन प्रशासन से ग्राम पंचायत के विकास कार्यक्रम में हुई धांधली की जांच कराए जाने की मांग की थी । आईजीआरएस पर की गई शिकायत में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने मिलकर अपने मन माफिक रिपोर्ट लगाकर मुन्ना के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायत का फर्जी तरीके से निस्तारण कर दिया। ऐसा आरोप शिकायतकर्ता का है शिकायतकर्ता का स्पष्ट कहना है कि जब वह दस्तखत करता ही नहीं तो निस्तारण पर उसके हस्ताक्षर कैसे बने? शिकायत निस्तारण आख्या पर शिकायतकर्ता के बनाए गए फर्जी हस्ताक्षर ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान के फर्जीवाडा की पुष्टि करने को काफी है। फिलहाल मामला जांच का विषय बना है। जांच के बाद होगा दूध का दूध पानी का पानी।




होने के साथ-साथ ग्राम प्रधान 20 लाख की कंबाइन के स्वामी जरूर हो गएहैं। ग्रामीणो की जुवानी सत्य मानी जाय तो ग्राम प्रधान की दबंग ई का आलम यह है कि वह एलानिया कहता है कि यदि कोई, शिकायत करेगा तो उसको पिटवा कर रख दूंगा। स्ट्रीट ला इट शोकपिट, नल रिबोर एवं मरम्मत दवा छिडकाव , साफ सफाई, बेंच निर्माण कार्य के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। फर्जीबाडा और भ्रष्टाचार करके ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव समेत रोजगार सेवक ने लाखो की नामी बेनामी संपत्ति बना डाली गयी।यदि इनके आय से अधिक ऑसंपत्ति की.करायी जाय जांच तो एक बडे भ्रष्टाचार का खुलासा होकर आयेगा सामने।

# सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को आपराधिक अपीलों की सूची में देरी के लिए तलब किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार न्यायिक (सूचीकरण) को 16 अक्टूबर, 2025 को उसके समक्ष उपस्थित होकर आपराधिक अपीलों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया समझाने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय में 2,297 अपीलें ऐसे अभियुक्तों से संबंधित हैं जो दस वर्ष से अधिक समय से कारावास में हैं, और 52 अपीलों में कारावास की अवधि पंद्रह वर्ष से अधिक है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने एक आदेश पारित किया।

न्यायालय ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को इस घटनाक्रम से अवगत कराया जाना चाहिए।"हम रजिस्ट्रार न्यायिक (सूचीकरण) को, जिन्होंने 27.09.2025 को रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, या वर्तमान अधिकारी को, इन अपीलों की सूचीकरण और/या सुनवाई से संबंधित पूरी कार्ययोजना के साथ अगली सुनवाई की तारीख पर न्यायालय में उपस्थित रहने का निर्देश देते हैं। उच्च न्यायालय के विद्वान मुख्य न्यायाधीश को इस आदेश के पारित होने से अवगत कराया जाए।" न्यायालय ने आदेश दिया।

इससे पहले भी न्यायालय ने सूचीबद्ध करने के बारे में एक प्रभावी योजना बनाने का आह्वान किया था, लेकिन यह भी कहा था कि रजिस्ट्रार की रिपोर्ट इस पहलू पर चुप थी, जहां "यह आसानी से दर्शाया जा सकता था, (क) गठित पीठों की संख्या और ऐसी अपीलों की सुनवाई; (ख) क्या पक्षों को सेवा पूरी हो गई है या नहीं; (ग) क्या अपीलों की सुनवाई के लिए कागजी पुस्तकें तैयार थीं; और (घ) इन अपीलों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने में आने वाली कठिनाइयों, और इसके लिए दिए गए विशिष्ट कारणों के साथ।" न्यायालय ने आगे कहा।

याचिकाकर्ता-दोषी ने उच्च न्यायालय के 2010 के उस आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की थी जिसमें सीआरपीसी की धारा 389 के तहत उसकी ज़मानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह याचिका दोषसिद्धि के विरुद्ध उसकी अपील के लंबित रहने के दौरान दायर की गई थी। उच्च न्यायालय में उसकी अपील 2010 से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए बिना लंबित है, और याचिकाकर्ता-दोषी 21 वर्षों से अधिक समय से जेल में बंद है।

8 सितम्बर, 2025 को न्यायालय ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (जनरल) को नोटिस जारी किया , जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया कि वे रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि "1) वर्ष 2010 में प्रस्तुत अपील को अभी तक सुनवाई के लिए सूचीबद्ध क्यों नहीं किया गया है? और 2) विचाराधीन अपील के निपटान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं , जहां अभियुक्त लंबे समय से कारावास की सजा भुगत रहे हैं?" इसके अलावा, अदालत ने रजिस्ट्रार (जनरल) को एक सारणीबद्ध चार्ट में जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया कि ऐसी कितनी अपीलें विचाराधीन हैं, जहां अभियुक्त कम से कम दस वर्षों की अवधि के लिए कारावास की



सजा भुगत रहे हैं।

न्यायालय को 27 सितंबर, 2025 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि उच्च न्यायालय में 2,297 अपीलें लंबित हैं, जिनमें दस वर्ष से अधिक समय से कारावास में बंद अभियुक्त शामिल हैं, और 52 अपीलें ऐसी हैं जिनकी कारावास अवधि पंद्रह वर्ष से अधिक है। हालाँकि, रिपोर्ट में सूचीकरण में आने वाली किसी भी प्रकार की रूपरेखा, प्रक्रिया या कठिनाई का उल्लेख नहीं किया गया था। इस पृष्ठभूमि में, न्यायालय ने रजिस्ट्रार न्यायिक (सूचीबद्धता) को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने और आपराधिक अपीलों की सूचीबद्धता प्रक्रिया से अवगत कराने को कहा।

# देवरिया गौशाले में कई पशु बीमार, समय पर इलाज और चारा न मिलने से बिगड़ रही हालत

**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील बारा विकासखंड जसरा स्थित देवरिया ग्राम सभा के बाबा सुजावन देव गौवंश आश्रय स्थल में कई पशुओं का अव्यवस्था का माहौल है। यहां बड़ी संख्या में गोवंश बीमार हैं, उन्हें न तो उचित इलाज और न ही चारा-पानी मिल पा रहा है, जिससे उनकी हालत गम्भीर होती जा रही है। ग्रामीणों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के मुताबिक, आश्रय स्थल में करीब 284 गौवंश हैं, जिसमें से कई तो बीमार हालत में जमीन पर पड़े हैं और चलने फिरने में भी असमर्थ हैं। पशुओं के लिए रखी पानी की टंकी भी खाली है, भूसे और हरे चारे की कमी है। आश्रय स्थल पर साफ सफाई व्यवस्था भी खराब है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। ग्राम प्रधान राजीव गिरि ने बताया कि बीमार गोवंशों के इलाज के लिए पशु चिकित्साधिकारी को सूचित किया गया है और जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त होगी। हालांकि, ग्रामीणों ने बताया कि यह शिकायत कई बार दी, लेकिन अब तक न तो पशु चिकित्सक ही पहुंचे और न ही कोई इलाज शुरू किया गया है। पशु चिकित्सक डॉ एसबी सिंह ने बताया कि उन्हें दो गोवंशों के बीमार होने की



जानकारी मिली है। इलाज के लिए एक टीम गठित कर मौके पर भेजा जा रहा है। स्थिति का जायजा लेने के बाद सभी पशुओं की जांच पड़ताल कराई जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गौशाला की स्थिति का निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग किया है। शासन द्वारा प्रतिमाह लाखों रुपए आश्रय स्थलों के नाम पर जारी की जाती है, लेकिन धरातल पर उसका उपयोग नहीं दिखता। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि आश्रय स्थल पर पशुओं की संख्या रिकॉर्ड में अधिक दिखाई जाती है, जबकि वास्तविक संख्या कम है, मौके पर मौजूद नहीं हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द मौके पर निरीक्षण कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं ग्राम प्रधान पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### जयंती पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को दी गई श्रद्धांजलि



**बस्ती।** बस्ती जिले में जयंती पर भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति और कबीर साहित्य सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. कलाम के जीवन संघर्ष, वैज्ञानिक योगदान और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. वी.के. वर्मा ने कहा कि डॉ. कलाम ने साधारण परिवार में जन्म लेकर मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राम नरेश मंजुल ने कहा कि उनका पैतृक घर देखने का अवसर मिला, जो एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने बताया कि डॉ. कलाम के नेतृत्व में 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण सफल हुआ, जिसने भारत को विश्व में शक्तिशाली देशों की श्रेणी में खड़ा कर दिया। कार्यक्रम में पं. चंद्रबली मिश्र, कृष्ण प्रसाद मिश्र, मुमताज अहमद, जय प्रकाश, गणेश मौर्य, मुख्तार आलम, दीनबंधु उपाध्याय, छोटेलाल यादव, कृष्ण चंद्र पांडेय आदि शामिल रहे। सभा के अंत में सभी ने डॉ. कलाम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### दलहन, तिलहन मिनीकिट बीज के लाभार्थियों का चयन की ई लॉटरी विकास भवन सभागार में 16 अक्टूबर को होगी सम्पन्न

**बलरामपुर।** उपनिदेशक कृषि श्याम नारायण राम ने बताया है कि निःशुल्क दलहन,तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत चना, मटर, मसूर एवं तोरिया के मिनीकिट बीज की विकास खण्डवार लक्ष्यों के सापेक्ष ऑनलाइन अधिक बुकिंग,आवेदन आमंत्रित किए गए थे , प्राप्त आवेदन पत्रों की ई लॉटरी की जानी हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा नामित मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ई-लॉटरी के माध्यम से मिनीकिट बीज के लाभार्थियों का चयन दिनांक-16.10. 2025 को स्थान विकास भवन बलरामपुर में प्रारम्भ होगी।

### प्रगति पर है शिक्षक निर्वाचक नामावली मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने की अन्तिम तिथि 06 नवम्बर

**बलरामपुर।** सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/जिलाधिकारी शपवन अग्रवाल ने बताया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मण्डलायुक्त गोरखपुर/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा शिक्षक निर्वाचक क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियां तैयार करने के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण, नियम 1960 के नियम 31(3) के अन्तर्गत नोटिस जारी कर दी गई है तथा 30 सितम्बर 2025 से शिक्षक निर्वाचक नामावली के मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है तथा नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन 15 अक्टूबर को कर दिया गया है और दूसरा प्रकाशन आगामी 25 अक्टूबर को होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत होने के पात्र प्रत्येक व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण, नियम 1960 के फार्म-19 को आगामी 06 नवम्बर 2025 तक या उससे पहले भरकर अपने-अपने तहसील मुख्यालय, अपने सम्बन्धित विकासखण्ड कार्यालय तथा एमपीपी इंटर कालेज बलरामपुर एवं स्वतंत्र भारत इन्टर कालेज तुलसीपुर में जमा कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनपद में शिक्षक निर्वाचन हेतु कुल 10 मतदेय स्थल निर्धारित हैं। निर्वाचक नामावली में अपना नाम शामिल कराने के लिए फार्म-19 भरकर अपने मतदान केन्द्र पर उपरोक्त तिथियों तक जमा कर सकते हैं।

### चोरी करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा 3 वर्ष का कारावास व 5000रु अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई

**बलरामपुर-** दिनांक 26.07.2024 को अनीता साहू पत्नी संजय साहू निवासी फुलवरिया बाईपास थाना कोतवाली देहात बलरामपुर की सूचना के आधार पर कि विपक्षी राजन यादव पुत्र विराम यादव उर्फ मालिक राम निवासी फुलवरिया बाईपास थाना कोतवाली देहात बलरामपुर द्वारा चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में मामले की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता श्री नवीन तिवारी व प्रभारी मॉनीटरिंग सेल बृजानन्द सिंह एवं थाना को0 देहात पुलिस के द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय स्छ्व बलरामपुर द्वारा अभियुक्त राजन यादव उपरोक्त को धारा 303(3) बी0एन0एस0 के अपराध में 03 वर्ष का कारावास व 5000रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में अधिकारों की अनदेखी, सीएचओ पद पर नियुक्ति से वंचित, आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलेके ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में फार्मासिस्टों की लगातार उपेक्षा को लेकर राज्य भर के फार्मासिस्टों में आक्रोश बढ़ रहा है। फार्मासिस्टों ने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएचओ) को एक पत्र लिखकर अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें दवा वितरण, परामर्श और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचवो) पद पर उनकी नियुक्ति की बात प्रमुख है। यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो सामूहिक आंदोलन की चेतावनी दी गई है। पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण स्तर पर दवा वितरण और परामर्श का कार्य एएनएम, जीएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कराया जा रहा है, जबकि यह कार्य केवल प्रशिक्षित और पंजीकृत फार्मासिस्टों का है। फार्मासिस्टों का तर्क है कि कम जानकारी वाले लोगों से यह काम कराना न केवल फार्मेसी एक्ट के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि ग्रामीण जनता की सेहत के लिए गंभीर खतरा भी पैदा कर रहा है। हाल ही में सीएचवो की भर्ती में भी फार्मासिस्टों को दरकिनार कर एएनएम, जीएनएम नर्सिंग स्टाफ को प्राथमिकता दी गई, जबकि फार्मासिस्टों का दावा है कि सीएचवो पद का दायित्व उन्हें सौंपा जाना चाहिए। वे एमबीबीएस डॉक्टरों से परामर्श लेकर सही प्रिस्क्रिप्शन तैयार कर सकते हैं, दवाओं का सुरक्षित उपयोग और खुराक बताने में सक्षम हैं, तथा प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटर्स को कुशलतापूर्वक चला सकते हैं।

पत्र में उल्लेख है कि ग्रामीण स्तर पर फार्मासिस्टों के लिए कभी वैकेंसी नहीं निकाली गई, जो उन्हें जानबूझकर दबाने की साजिश दर्शाती है। फार्मासिस्टों ने जो मांगें रखीं वह इस प्रकार है जिसमें ग्रामीण स्तर पर फार्मासिस्टों की नियमित भर्ती और वैकेंसी निकाली जाए। सीएचवो पद पर फार्मासिस्टों को शामिल किया जाए। दवा वितरण एवं परामर्श का अधिकार केवल फार्मासिस्टों को दिया जाए; आयुष आरोग्य मंदिरों में भी उन्हें रखा जाए। फार्मेसी एक्ट के नियमों का सख्ती से पालन हो, एएनएम, जीएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके निर्धारित क्षेत्रों (टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, जागरूकता) तक सीमित रखा जाए। फार्मासिस्टों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो सभी फार्मासिस्ट सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह मुद्दा लंबे समय से लंबित है और फार्मासिस्ट यूनियनों की ओर से जल्द ही प्रदर्शन की योजना बन रही है। राज्य सरकार से इस पर ध्यान देने की मांग की जा रही है, ताकि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो सकें और योग्य के अनुसार काबिल को उनका हक मिले। ज्ञापन देने में जिला प्रभारी शिवम अग्रहरी जिला महामंत्री आदर्श वर्मा आदर्श कुमार पुनीत पाण्डेय कार्तिक त्रिपाठी अभिनीत सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# पंचायत सहायक के मनमानी ड्यूटी से परेशान ग्रामीणों को ब्लाक का लगाना पड़ता है

### ● चक्कर , पंचायत भवन शुक्लपुरा पर ताला लटकता देख मायूस होकर लौटे ग्रामीण

### सचिव व पंचायत सहायक की लापरवाही से सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य सामाग्री पंचायत भवन से गायब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केविकासखंड दुबौलिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत शुक्लपुरा में स्थित पंचायत भवन पर रोस्टर प्रणाली के अनुसार आवंटित ग्राम पंचायत शुक्लपुरा के पंचायत भवन से सचिव श्याम बिहारी वर्मा व पंचायत भवन पर कार्यरत पंचायत सहायक ड्यूटी से गायब मिले । सचिव व पंचायत सहायक के ड्यूटी से गायब रहने के कारण पंचायत भवन पर ताला लटकता रहता है । पंचायत भवन पर ताला लटकता देख ग्रामीण मायूस होकर घर लौट गए । सचिव व पंचायत सहायक के मनचाहा ड्यूटी से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । प्रदेश सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने व पात्रों को घर बैठे लाभ देने के उद्देश्य ग्राम सचिवालय ( पंचायत भवन ) का निर्माण कराया है । प्रत्येक ग्राम सचिवालय पंचायत भवनों पर पंचायत सहायक की नियुक्ति सरकारी शासनादेश के अनुसार किया गया है । ग्राम सचिवालय पर तैनात पंचायत सहायकों को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक ग्राम सचिवालय पर रहकर सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी देना है ग्रामीणों की छोटी बड़ी समस्याओं का निस्तारण करना है । जब पंचायत भवन पर सचिव ड्ड पंचायत सहायक ही ड्यूटी से गायब रहेंगे तो ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं की जानकारी कौन देगा ? व ग्रामीणों की समस्याओं का कैसे निस्तारण होगा ? ग्राम सचिवालय / पंचायत भवन पर समस्त अभिलेख उपस्थित रहता है एवं समस्त प्रमाण पत्र पंचायत सहायक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन होता है और सरकारी शुल्क देकर समस्त प्रमाण पत्र को प्राप्त किया जा सकता है । मीडिया पड़ताल में ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन शुक्लपुरा पर ताला बराबर लगा रहता है और कभी-कभी ताला खुलता है और पंचायत भवन पर कोई सरकारी अभिलेख उपलब्ध नहीं है । सचिव श्याम बिहारी वर्मा के लापरवाही से पंचायत भवन पर कम्प्यूटर सिस्टम समेत अन्य सामाग्री का कोई पता नहीं है कि समस्त सामाग्री कहां रखा हुआ है । जन्म मृत्यु व अन्य सरकारी कागजातों के लिए ब्लॉक दुबौलिया का चक्कर काटना पड़ता है । इस सम्बंध में ड्यूटी से गायब पंचायत सहायक से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो पंचायत सहायक का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकला सचिव श्याम वर्मा व ग्राम प्रधान वेचन राम ने फोन रिसीव नहीं किया । उक्त प्रकरण खंड विकास अधिकारी दुबौलिया संदीप सिंह ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी ।

# डीएम एवं सीडीओ के मार्गदर्शन में महिलाओं की आत्मनिर्भरता की मिसाल - विद्युत सखी अनुपम त्यागी बनीं प्रेरणा स्रोत

### ●जनपद अमेठी में आजीविका मिशन से महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद अमेठी निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में विकास खंड सिंहपुर की ग्राम पंचायत अहोरवा भवानी की निवासी अनुपम त्यागी, सवित्री बाई महिला स्वयं सहायता समूह एवं गंगा महिला प्रेरणा संकुल संघ की सदस्य के रूप में आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल बनी हैं।**संघर्ष से सफलता तक की यात्रा**

अनुपम त्यागी ने वर्ष 2022 में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत आईसीआरपी दीदीयों से प्रेरणा लेकर समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने से पहले वे एक सामान्य गृहणी थीं, परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी तथा आजीविका के सीमित साधन थे। समूह का गठन होने के उपरांत उन्होंने नियमित बैठकों में भाग लिया, समूह संचालन एवं लेखा जोखा सीखना शुरू किया। तत्पश्चात समूह में प्राप्त सामुदायिक निवेश निधि से 30,000 का ऋण लेकर विद्युत सखी के रूप में कार्य प्रारंभ किया।आर्थिक सशक्तिकरण की नई दिशा अनुपम त्यागी ने अपने समर्पण एवं मेहनत से मात्र एक वर्ष में 2,24,48,678 के विद्युत बिल संग्रह किए, जिससे उन्हें 3,02,790 का कमीशन प्राप्त हुआ। आज वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार हेतु प्रेरित कर रही हैं। उनके पिता, जो प्रारंभ में इस कार्य से असहमत थे, अब उनकी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं और विद्युत सखी के कार्य में उनका सहयोग भी कर रहे हैं।

**प्रेरणा एवं संदेश**

अनुपम त्यागी कहती हैं – ÷समूह से जुड़कर मुझे आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता दोनों मिली हैं। आजीविका मिशन ने मेरे जीवन की दिशा बदल दी है। मेरी कामना है कि हर महिला किसी न किसी समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बने और अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाए।÷जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि - ÷राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद अमेठी की महिलाएँ आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। विद्युत सखी अनुपम त्यागी जैसी महिलाएँ ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण की सच्ची प्रतीक हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत में ऐसी प्रेरक कहानियाँ सामने आएँ और समूहों के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाएँ स्वरोजगार से जुड़ें।

# अमेठी में एनडीआरएफ की टीम ने इंडोरामा कंपनी में किया गैस रिसाव से बचाव का मॉक ड्रिल अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद के मुसाफिरखाना तहसील स्थित इंडोरामा कंपनी में 11वीं बटालियन, एनडीआरएफ वाराणसी (गोरखपुर यूनिट) की टीम द्वारा अमोनिया गैस रिसाव से बचाव हेतु मॉक अभ्यास (Mock Drill) आयोजित किया गया। अभ्यास के दौरान कंपनी के गैस स्टोरेज यूनिट से अमोनिया गैस रिसाव की काल्पनिक स्थिति दर्शाई गई। इस दौरान कंपनी द्वारा सूचना दी गई कि गैस रिसाव को नियंत्रण में नहीं लाया जा सका है, कई लोग घायल हैं तथा रिसाव के कारण गैस आसपास के क्षेत्रों में फैलने की संभावना है। इस पर जिला प्रशासन के आपदा नियंत्रण केंद्र को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों और एजेंसियों को अलर्ट किया तथा एनडीआरएफ वाराणसी यूनिट को तत्काल सूचना दी। एनडीआरएफ की टीम आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने फायर विभाग एवं अन्य एजेंसियों के सहयोग से गैस रिसाव को नियंत्रित किया तथा काल्पनिक रूप से घायल व्यक्तियों को निकालकर नजदीकी अस्पतालों व जिला अस्पताल भेजा। कार्यवाही पूर्ण होने के बाद एनडीआरएफ टीम ने ÷ऑल क्लियर÷ सिग्नल दिया। इसके बाद सुनिश्चित किया गया कि न तो गैस रिसाव जारी है और न ही कोई व्यक्ति घायल अवस्था में शेष है। इस पूरे अभ्यास में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार पाल, इंडोरामा कंपनी के एचआर प्रभारी मनोज कुमार झा, सेफ्टी प्रभारी एवं बचाव कर्मी, उपनिदेशक कारखाना आनंद कुमार, एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, तहसीलदार राहुल सिंह, जिला प्रशासन के आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार एवं अग्निशमन विभाग के प्रभारी शिव दरस प्रसाद अपनी टीम सहित मौजूद रहे। इसके साथ ही बीपीसीएल एवं आइओसीएल के प्रतिनिधियों ने भी मॉक ड्रिल में सहभागिता की, जिससे भविष्य में संभावित औद्योगिक दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारी और समन्वय को मजबूत किया जा सके।

# टोल प्लाजा चौकड़ी की वैधता पर कल हाईकोर्ट में सुनवाई

### ●सुनवाई हुई लम्बित तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाऊंगा - चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले के हरैया विधानसभा क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी व भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' द्वारा दायर जनहित याचिका के क्रम में कल प्रयागराज हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ में टोल प्लाजा चौकड़ी की वैधता को लेकर महत्वपूर्ण सुनवाई सुनिश्चित हुई है। सुदामा जी वर्ष 2013-14 से एक ही राजमार्ग पर 40 किलोमीटर के भीतर स्थापित दो टोल प्लाज़ा में से एक को हटाने की मांग लगातार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह टोल मानक दूरी 60 किलोमीटर नियम का उल्लंघन करते हुए तालाब की भूमि पर बनाया गया है, जो जनहित के विरुद्ध है।उन्होंने बताया कि 2019 में टोल कर्मियों द्वारा उनके चालक पर हमला और उसके बाद उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे के बावजूद उन्होंने जनहित के इस संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटेअगस्त 2023 में कोर्ट ने इस मामले में सचिव, भू-तल परिवहन मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (नई दिल्ली व गोरखपुर) तथा जिलाधिकारी को नोटिस जारी किया था। एनएचएआई द्वारा दिए गए जवाब पर सुदामा जी ने तर्क दिया है कि "राजपत्र जनता के अधिकारों को कुचलने का औजार नहीं, बल्कि जनहित का संरक्षण करने का माध्यम है।"

सुदामा जी ने कहाअब जबकि केस 250 नम्बर पर लगा है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि कल सुनवाई निश्चित होगी। यदि किसी कारणवश सुनवाई लम्बित हुई तो अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जनसहयोग के साथ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाऊंगा।उन्होंने जनता से आह्वान किया कि इस जनहित लड़ाई में साथ दें ताकि मनमाने टोल और भ्रष्ट तंत्र पर लगाम लगाई जा सके।

# बाल श्रम के खिलाफ अभियान में 8 नाबालिगों को कराया गया सुरक्षित रेस्क्यू, नियोक्ताओं पर कानूनी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंउत्तर प्रदेश में बाल श्रम के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत बस्ती पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने जिले के गौर, वाल्टरगंज और कोतवाली थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 8 नाबालिग बाल श्रमिकों को विभिन्न दुकानों, ढाबों और गैराजों से मुक्त कराया। संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफ श्रम विभाग की ओर से कानूनी कार्रवाई की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस (12 जून 2025) के अवसर पर संपूर्ण प्रदेश में30 के तहत बाल श्रम चिन्हांकन, उन्मूलन एवं पुनर्वास अभियान संचालित किए जाने के निर्देश शासन स्तर से जारी किए गए थे। इसी के अनुपालन में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी AHTU) के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर AHT प्रभारी विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में थाना AHTU बस्ती की टीम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी तथा चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने संयुक्त अभियान चलाया। टीम ने गौर, वाल्टरगंज और कोतवाली थाना क्षेत्रों में सात ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 8 नाबालिग बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराते हुए सुरक्षित रेस्क्यू किया गया और उन्हें उनके अभिभावकों को सुपुर्द कर दिया गया। श्रम विभाग की टीम ने नियोक्ताओं के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। साथ ही आम जनमानस को बाल श्रम के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। इस संदर्भ में शासन द्वारा जारी आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076 और 181 की जानकारी भी दी गई ताकि लोग ऐसे मामलों की तुरंत सूचना दे सकें। इस संयुक्त अभियान का उद्देश्य जिले में बाल श्रम और भिक्षावृत्ति जैसी गतिविधियों को जड़ से समाप्त कर बच्चों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना है।

## संग्रामपुर पुलिस द्वारा 12 घण्टे में हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

### ●अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल दाना भुनने वाला धारदार नुकीला हसिया व डण्डा (फावड़े का बेट) बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** दिनांक 14.10.2025 को वादी पवन यादव पुत्र स्व0 रामयश यादव निवासी ग्राम पूरे घुइसर मजरे पड़री थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा थाना संग्रामपुर पर लिखित तहरीर दी गयी कि उनका पुत्र राहुल अपने मित्र चन्दन के साथ खुर्दिहा भौसिंह चन्दन के मामा के घर घूमने गया था । जहां भौसिंह अग्रेजी शराब ठेका के पास ठेलिया पर दाना भुजाने की बात को लेकर विवाद व मारपीट हो गयी जिसमें चन्दन घायल हो गया और उनके पुत्र राहुल की मृत्यु हो गयी । उक्त सूचना पर सुसंगत धाराओं मे थाना संग्रामपुर में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही थी, एवं घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये थे ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बीएनएस विभिन्न धाराओं में थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में वांछित 02 अभियुक्त अशोक पुत्र वासुदेव निवासी ग्राम संग्रामपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष, जियालाल पुत्र स्व0 पंचू निवासी खुर्दिहा मजरे भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 62 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अशोक ने बताया कि वह अमेठी संग्रामपुर मेन रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने जियालाल के खेत के पास दाना भुनने का ठेला लगाता है । दिनांक 14.10.2025 को रात्रि समय करीब 08.30 बजे वह और जियालाल ठेले के पास बैठकर शराब पी रहे थे तभी ग्राम खुर्दिहा भौसिंहपुर रिश्तेदारी में आया चन्दन व एक व्यक्ति (मृतक राहुल) जल्दी भूजा बनाने को कहने लगे । जल्दी भूजा न बनाने पर वह दोनों लोग विवाद और हाथापाई करने लगे तभी जियालाल ने ठेले पर रखे डण्डा (फावड़े का बेट) से चन्दन के सर पर मार दिया और उसने दाना भुनने वाले हसिया से चन्दन पर वार कर दिया जिससे चन्दन वहां से भाग गया । राहुल (मृतक) अकेला रह गया जिसको जियालाल डण्डा (फावड़ा के बेट) से मारने लगा और वह दाना भुनने वाले धारदार नुकीले हसिया से राहुल के सीने पर कई वार कर दिया जिससे वह गिर गया जिससे चन्दन शोर मचाने लगा तो वह और जियालाल वहां से भाग गये । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल दाना भुनने वाला धारदार नुकीला हसिया व डण्डा (फावड़े का बेट) को घटनास्थल के पास झाड़ियों से बरामद किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत आज जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों, कॉलेजों तथा बाजारों में किया गया, जहाँ बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के उद्देश्य से संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे–वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। वरिष्ठ उप निरीक्षक राम मोहन सिंह द्वारा गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के विषय में सार्थक चर्चा की गई। मुख्य आरक्षी तेरसराम यादव ओम प्रकाश आरक्षी प्रमोद कुमार प्रथम पवनेश कुमार उपस्थित जनसमूह को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरण कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में महिला आरक्षी सपना राज अनीता गुप्ता श्रेवता भदोरिया पूजा यादव सपना देवी ने स्थानीय थानों पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के कार्य, उद्देश्य तथा वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की भी जानकारी प्रदान की गई, ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।

# जनजातीय एकजुटता की अद्भुत मिसाल- चैनबनकटवा के ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान से रचा नया इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकासखंड पचपेड़वा क्षेत्र के थारू जनजाति बहुल ग्राम चैनबनकटवा ने आत्मनिर्भरता और सामुदायिक भावना की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी है। बरसात के दिनों में वन क्षेत्र से गुजरने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया था, जिससे ग्रामीणों का जीवन ठहर-सा गया था। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे थे, मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना कठिन हो गया था, और मजदूरी करने वाले लोग रोजी-रोटी के लिए जूझ रहे थे।सरकारी सहायता का इंतजार छोड़, ग्रामीणों ने स्वयं अपनी समस्या का समाधान करने की ठान ली। गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, युवक और बच्चे सभी ने एक साथ जुटकर सामूहिक श्रमदान शुरू किया। किसी ने झाड़ियां काटीं, किसी ने गड्ढे भरे, तो किसी ने मिट्टी ढोई। कुछ ही दिनों में सबके परिश्रम और एकता से एक नया, सुगम मार्ग तैयार हो गया। इस अभियान में सैकड़ों से अधिक ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। गांव के प्रदीप कुमार, मनीराम, कुमारी प्रिया, खुशबू कुमारी, चुन्नी लाल, जगदीश प्रसाद, संजय कुमार, अमरीका प्रसाद सहित अनेक ग्रामीणों ने कहा कि यह रास्ता उनके जीवन की धड़कन है। अब बच्चे स्कूल जा पाएंगे, मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा और मजदूर अपने काम तक आसानी से पहुंच सकेंगे। ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से सरकार से मांग की है कि चैनबनकटवा जैसे दुर्गम जनजातीय इलाकों में पक्के रास्ते, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोगों को भविष्य में परेशानियों का सामना न करना पड़े। चैनबनकटवा के श्रमवीरों ने साबित किया है कि जब जनशक्ति संगठित होती है, तो कठिन से कठिन राह भी आसान बन जाती है। यह सामूहिक प्रयास पूरे जिले के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिसवां एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु चतुर्दिवशीय कार्यक्रम का मनाया गया तृतीय दिवस



**बिसवां सीतापुर** बिसवां के एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु दिनांक 13से 16 अक्टूबर 2025 तक चतुर्दिवसीय कार्यक्रम का तृतीय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस शो में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रोचक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये,छात्रों ने अपने अभिनय कौशल द्वारा सभ्य समाज को एक नई दिशा देने का संदेश दिया। इस भव्य कार्यक्रम का डायरेक्टर उमंग राजवंशी नें दीपप्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया वेलकम गीत, निर्तयनाटिका, शिवतांडव, एवं विभिन्न विषयों पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देखकर प्रमुदित मन से शुभाशीष देते हुए उत्कृष्ट सफल प्रदर्शन हेतु विद्यार्थियों समेत समस्त शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा नें सभी विद्यार्थियों के कला, कौशल की प्रशंसा करते हुए संस्था की सतत् उन्नति की कामना के साथ उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया।

### दीपावली उपहार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर।** जिले के लोटन क्षेत्र के सेन्ट लॉरेन्स पब्लिक स्कूल महदेइया में बुधवार को दीपावली उपहार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कारागार अधीक्षक सचिन कुमार वर्मा व विशिष्ट अतिथि डिप्टी जेलर मुकेश प्रकाश रहे। स्कूल के संरक्षक वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने जिला कारागार अधीक्षक को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

उपहार समारोह में आए कारागार अधीक्षक सचिन कुमार वर्मा ने सभी को आगामी दीपावली व धनतेरस की शुभकामनाएं दीं, व त्योहार को सावधानी से मनाने की अपील की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यालयों में होना बहुत ही जरूरी होता है। इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है। जिससे बच्चों में स्कूल के प्रति लगाव व आगे बढ़ने की भावना का विकास होता है। बच्चों को जिला कारागार अधीक्षक द्वारा बारी बारी से दीपावली का उपहार वितरण किया गया। प्रधानाचार्य लवकुश सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों को दीपावली का उपहार वितरण किया गया। बच्चे उपहार पाकर खुश नजर आए। इस अवसर पर प्रबंधक दीपेन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्य लवकुश सिंह, लेखाकार रूबी मिश्रा, शिक्षक अश्वय,मनोज, सोनू उपाध्याय, आशुतोष दूबे आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों का हस्ताक्षर अभियान जारी, काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर टेट की अनिवार्यता का जता रहे विरोध



**बस्ती।** बस्ती जिले में शिक्षकों द्वारा टेट की अनिवार्यता के सवाल को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया शिक्षकों का देश व्यापी हस्ताक्षर अभियान जारी है। साऊंघाट, परसरामपुर, हर्रैया, दुबौलिया, कुदरहा, बहादुरपुर आदि विकास खण्ड क्षेत्रों में शिक्षकों ने समस्या समाधान की मांग को लेकर हस्ताक्षरित ज्ञापन ईमेल के माध्यम से राष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और बेसिक शिक्षा मंत्री को भेजा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद जनपद में शिक्षकों का आन्दोलन चरणबद्ध ढंग से जारी है। अभी तक केन्द्र सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया गया। कहा कि सरकार स्वयं हस्तक्षेप कर नियमों में संशोधन कर समस्या का समाधान कराये। बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। 24 दिवसीय राष्ट्र व्यापी आन्दोलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष, मंत्री और पदाधिकारी प्रतिदिन एक-एक न्याय पंचायत के शिक्षकों का हस्ताक्षर करा रहे हैं। संगठन निरन्तर संघर्षरत है और किसी भी दशा में टेट की अनि।

# यूपी के ये तीन डॉक्टर होंगे बर्खास्त, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्रवाई के दिए निर्देश

● वाराणसी के कबीर चौरा चिकित्सालय की प्रमुख अधीक्षिका पर होगी विभागीय कार्रवाई

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को कार्रवाई के दिए निर्देश

यूपी के ये तीन डॉव?टर होंगे बर्खास?त, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्रवाई के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लगातार गैरहाजिर तीन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के आदेश अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य अमित घोष को दिए हैं। आगरा के शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तैनात डॉ. वंदना जैन, श्रावस्ती संयुक्त जिला चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विपुल अग्रवाल, बाराबंकी के जाटा बरौली सीएचसी के डॉ. देवव्रत लगातार गैरहाजिर चल रहे थे। इसके अलावा छह अन्य डाक्टरों पर भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

वाराणसी कबीर चौरा जिला महिला चिकित्सालय में 18 अगस्त को गर्भवती रिजवाना को शाम की ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स प्रीतम सिंह ने बिना चिकित्सीय जांच के रेफर कर दिया था। गर्भवती के लिए एंबुलेंस और स्ट्रेचर की व्यवस्था भी नहीं की गई थी। जिससे रिजवाना का प्रसव अस्पताल परिसर में ही हो गया और उसकी जिंदगी संकट में पड़ गई। उप मुख्यमंत्री ने जांच के बाद स्टाफ नर्स प्रीतम सिंह को आरोप पत्र देकर निलंबित करने के आदेश दिए हैं।

महिला चिकित्साधिकारी डॉ. सुमिता गुप्ता पर कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।डॉक्टर व कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण न रखने, ड्यूटी चार्ट, राउंड की व्यवस्था, रोगियों के बेड हेड टिकट पर जांचों को नियमित दर्ज न करने, चिकित्सालय का स्वयं नियमित निरीक्षण न करने के लिए प्रमुख अधीक्षिका डॉ नीना वर्मा के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

मिर्जापुर विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त (प्रशासन) डा. विश्राम सिंह की पत्नी रमा यादव के इलाज में लापरवाही बरतने पर डॉ पंकज पांडेय, डॉ विनय कुमार, डॉ सुनील सिंह, डॉ तरुण सिंह के खिलाफ विभागीय और सेवानिवृत्त हो चुकी स्टाफ



नर्स सुषमा पांडेय के खिलाफ कार्रवाई के आदेश डिप्टी सीएम ने दिए हैं। चिकित्साधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने समय पर मरीज की ईसीजी नहीं कराई थी। डॉ. विनय, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. तरुण वर्तमान में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) सोनभद्र के अधीन तैनात हैं। डॉ पंकज पांडेय वर्तमान में स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय मीरजापुर के पल्मोनरी विभाग में सहायक आचार्य के पद पर कार्य कर रहे हैं। अयोध्या के कुमारगंज में स्थित 100 बेड संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को बाहर की दवा लिखने व प्राइवेट प्रैक्टिस करने के मामले में उप मुख्यमंत्री ने महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शीला वर्मा और फिजीशियन डॉ. अरविंद मौर्या के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश अपर मुख्य सचिव को दिए हैं।

### टेलकम पाउडर में रिफाइंड और केमिकल मिलाकर तैयार क?िया गया नकली खोआ बरामद, दीपावली में खपाने की थी तैयारी



**लखनऊ।** क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि जिसे आप असली खोआ समझकर खा रहे हैं उसमें दूध का अंश मात्र नहीं है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बुधवार को आदर्श विहार कालोनी रोड़पारा में एक मकान में छापा मारकर आठ क्विंटल से अधिक नकली खोआ और बड़ी मात्रा में इसे तैयार की जाने वाली सामग्री बरामद की। बरामद खोआ टेलकम पाउडर, रिफाइंड, स्टार्च और रसायन मिलाकर तैयार किया जा रहा था जो लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता था। एफएसडीए ने नकली खोआ तैयार कर रहे मिलावटखोर दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। दीपावली पर मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एफएसडीए को सूचना मिली थी कि पारा रिंग रोड के पास एक मकान में नकली खोआ बनाकर बाजार में सप्लाई किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह टीम लेकर मौके पर गए और जांच की।

### 5 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य गुरुकुल- राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा का भव्य कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/सीतापुर।** राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला जी के नेतृत्व में सीतापुर थाना क्षेत्र के बिसवा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा काजल किन्नर उर्फ कनकेश्वरी गिरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला, एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरुकुल का शुभारंभ एवं सनातन धर्म पर प्रकाश डालना रहा। प्रदेश अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ सोनी जी के यहां आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला जी ने बताया कि मंदिर परिसर में 5 करोड़ की लागत से एक भव्य गुरुकुल का निर्माण किया जाएगा, जहां वैदिक शिक्षा, संस्कार और सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनी शुक्ला ने महिलाओं को शक्तिकरण एवं आत्मरक्षा (तलवारबाजी) की दिशा में प्रेरित किया और युवतियों से अपील की कि



वे सोशल मीडिया पर गंदे या भ्रामक वीडियो न बनाएं, बल्कि संस्कृति व राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेश प्रसारित करें। कार्यक्रम में आशीष शुक्ला, गौरव तिवारी, एसी मिश्रा, प्रदीप शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा संस्था के नियम, उद्देश्य एवं शर्तें —**

1. गौ, गीता, गायत्री की रक्षा करना।
2. सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना।
3. नारी सशक्तिकरण एवं युवाओं को वैदिक संस्कारों से जोड़ना।
4. समाज में शिक्षा, संस्कार और सेवा की भावना को बढ़ावा देना।
5. राष्ट्र हित सर्वोपरि- भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र के रूप में स्थापित करना।

"संस्कार से ही राष्ट्र सशक्त होता है, और धर्म ही राष्ट्र की आत्मा है।"

## ग्राम पंचायत करनपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन, महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण पर जोर

● ........प्रधान मदन मोहन सिंह और पंचायत सचिव शुभम मिश्रा की अगुवाई में हुआ कार्यक्रम, पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को जागरूकता और आत्मरक्षा की दी सीख।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत करनपुर में बुधवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान मदन मोहन सिंह और पंचायत सचिव शुभम मिश्रा की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक





करना था। इस दौरान पुलिस विभाग की ओर से महिलाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों, महिला हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181) और आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या असमान व्यवहार की स्थिति में वे निडर होकर कानूनी मदद लें और अपनी आवाज बुलंद करें।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से सरकार महिलाओं को समाज में सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अभियान का लक्ष्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और समाज में उनकी भूमिका को और मजबूत करना है।

ग्राम पंचायत करनपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। उपस्थित ग्रामीणों ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों की सराहना की और यह संकल्प लिया कि गांव में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम का समापन महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता की शपथ के साथ किया गया।

## सुन्दरवल कस्बे में चल रहा बिना मान्यता कॉलेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश की सरकार शिक्षा व्यवस्था को ठीक करने के लिए दिशा निर्देश देती रहती है लेकिन इनके अधिकारी गांव के बच्चों का भविष्य सुधारने के नाम पर फर्जी स्कूल चलवा रहे हैं जिस कारण कक्षा 5 की मान्यता लेकर कई स्कूल इंटर तक चला रहे हैं खंड शिक्षा अधिकारी जानते हुए भी कोई कार्यवाही नहीं करते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक फूलबेहड़ में चल रहे इन स्कूलों को कार्यवाही के नाम पर नोटिस देते हैं नोटिस पा करके फर्जी स्कूल चलाने वाले खंड शिक्षा अधिकारी के सामने नत मस्तक होकर के सांठ गांठ कर खुलेआम अपना स्कूल चलाते रहते हैं इस तरह से यह स्कूल गांव गरीब के बच्चे का भविष्य सुधारने के बजाए बिगाड़ने में लगे हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुंदरवल निवासी इंद्रपाल विश्वकर्मा गुरु नानक इंटर कॉलेज लखीमपुर में शिक्षक के पद पर तैनात हैं




इन्होंने ब्लॉक फूलबेहड़ के गांव सुंदरवल में कक्षा 5 की मान्यता की आड़ में इंटर तक उनके परिवार के लोग स्कूल चलाकर सरकार को चुनौती दे रहे हैं। जब एक इंटर कॉलेज का इंटर कॉलेज का अध्यापक ऐसे भ्रष्टाचार करेगा तो सामान्य लोगों को क्या कहा जाए। उनके व परिवार द्वारा कस्बा सुंदरवल में एसपीएचएल मेमोरियल स्कूल की कक्षा 5 की मान्यता लेकर इंटर तक स्कूल इनका बेटा ही चलता है। बताया जाता है कि इस विद्यालय की मान्यता दिलाने में जिन लोगों की अंक तालिकाएं लगी है वह शिक्षक भी इस विद्यालय में नहीं पढ़ाते हैं जो शिक्षक पढ़ाते हैं वह अनट्रेंड है उनको वेतन मात्र 3 हजार रुपए दिया जा रहा है जो छात्र अच्छे से 12 तक पढ़ रहे हैं उनका नाम किस स्कूल में किस कॉलेज में दर्ज है यह तो निष्पक्षता से की गई जांच में ही पता चलेगा। गांव के लोग बताते हैं कि इस विद्यालय को खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ में द्वारा कई बार नोटिस दी गई जिसे पाने के बाद जब स्कूल चलाने वाला मास्टरमाइंड उनके पास जाता है तब कार्यवाही के बजाय सेटलमेंट हो जाता है। इस तरीके से तमाम स्कूल बीआरसी फूलबेहड़ की कृपा से चारों तरफ कुकुरमुत्ता की तरह चल रहे हैं शिक्षा विभाग के अफसर कमाऊ पूत होने के कारण इन स्कूल चलाने वालों मेहरबान रहते हैं लेकिन यहां पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर संकट गहराता जा रहा है।

### केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल परसराय द्वारा फ्री स्वास्थ्य कैंप तथा जांच शिविर का किया गया आयोजन



**लहरपुर सीतापुर** जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में श्री पीताम्बरा शिक्षा समिति एवं के पी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल पारा सराय द्वारा ग्राम सभा रौरापुर ब्लॉक परसेंडी में एक फ्री स्वास्थ्य कैंप तथा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 139 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको दवाइयां व निशुल्क जांच की गई कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सभा प्रधान अरुण सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर के डी जोशी एमडी मेडिसिन तथा हड्डी रोग के ऑर्थो सर्जन डॉक्टर सुधीर चौधरी डॉक्टर मधुलिका राय डॉ अनूप सरवैया समेत नर्सिंग स्टाफ तथा मेडिकल टीम के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ऐश्वर्य प्रताप सिंह अंशुमान सिंह आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने किया।

### आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में विश्व विद्यार्थी दिवस पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर,**15 अक्टूबर 2025- आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती को "विश्व विद्यार्थी दिवस" के रूप में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. कलाम का जीवन संघर्ष, समर्पण और सादगी का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने और देश सेवा के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, पोस्टर मेकिंग, और निबंध प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। छात्रों ने डॉ. कलाम के जीवन, उनके विचारों और देश के प्रति योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

पूरे कार्यक्रम में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, संकाय प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, डीन एकेडमिक श्रीमती रुचि सिंह, उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अब्दुल रब खान, विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल शर्मा, रजिस्ट्रार श्री रोहित सिंह, तथा अध्यापकगण राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बानो, अनुभा धुरिया, रेहान, तान्या उपाध्याय, नीलम वर्मा, प्रांजुल वर्मा, साहिल सिंह, तिलक राज, अरुण सिंह, प्रीति यादव, प्रवीण, अबरार, रमा सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) विश्व मानक दिवस (World Standards Day)-2025

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** "एक साझा दृष्टि बेहतर दुनिया के लिए- लक्ष्यों हेतु साझेदारी पर विशेष ध्यान (Shared Vision for a Better World: Spotlight on SDG v| - Partnership for the Goals)" इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्र, लखनऊ द्वारा विश्व मानक दिवस (World Standards Day) मनाया गया। इस वर्ष का विषय है -"एक साझा दृष्टि बेहतर दुनिया के लिए ~लक्ष्यों हेतु साझेदारी पर विशेष ध्यान (Shared Vision for a Better World: Spotlight on SDG 17 - Partnership for the Goals)" इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता (Keynote Speaker) रहे - ई. अशोक कुमार सिंह, स्त्रद्धश्च, पूर्व प्रमुख अभियंता (E.N.C.), एवं विभागाध्यक्ष (HOD), उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग। मुख्य वक्ता, ई. अशोक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मानक (Standards) केवल तकनीकी प्रगति का आधार नहीं हैं, बल्कि वे विश्व स्तर पर सहयोग, पारदर्शिता और स्थिरता (Sustainability) को सुनिश्चित करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने बताया कि SDG17 (Partnership for the Goals) का मूल भाव यह है कि जब विभिन्न संस्थान, संगठन, सरकारें और समाज के वर्ग मिलकर काम करते हैं, तभी सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति संभव होती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानक हमारे उद्योगों, पर्यावरण और समाज को जोड़ने का पुल हैं। मानकीकरण के माध्यम से न केवल उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि यह वैश्विक प्रतिस्पर्धा और नवाचार को भी प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में आईपी अध्यक्ष एवं परिषद् सदस्य, इंजी. मसर्रत नूर खान, एफआईई एससीसी लखनऊ ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विषय-वस्तु पर अपने



विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक रहे, इ. एम के गुप्ता FIE ने बताया कि इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स सदैव ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से अभियंताओं, विशेषज्ञों और समाज के बीच तकनीकी जागरूकता फैलाने का कार्य करता रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय "एक साझा दृष्टि बेहतर दुनिया के लिए" हमें यह प्रेरणा देता है कि हम सभी अपने-अपने क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी के माध्यम से बेहतर भविष्य का निर्माण करें। अंत में संस्थान के निर्वाचित मानद सचिव इ. एन0 के0 निषाद जी ने सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### उप्र-बच्चे की हत्या कर शव संदूक में छुपाया, आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर** जिले के नरसैना क्षेत्र में 18 महीने के एक बच्चे का शव संदूक में छुपा दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि नरसैना थाना क्षेत्र के नित्यानन्दपुर नंगलिया गांव से 18 महीने के एक बच्चे के गुम होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की गई तो बच्चे का शव उसके पड़ोसी अंकुश के घर से बरामद हुआ। शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अंकुश को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बच्चे की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि बच्चे का गला दबाकर हत्या की गई है। ग्रामीण सचिन ने बताया कि अंकुश बच्चे को उठाकर अपने घर में ले गया। लोगों ने उसकी तलाश की। पुलिस ने संदेह होने पर अंकुश के घर में रखा संदूक खोलने को कहा। उसमें रजाई के बीच में बच्चे का शव पाया गया।

### लाखों के गहने और नगदी चोरी मलिहाबाद में बड़ी वारदात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** बीती रात अज्ञात चोरों ने रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के गहने और नगदी चोरी कर लिए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।रहीमाबाद निवासी श्रवण कुमार ने पुलिस को बताया कि रात करीब 12 बजे खाना खाने के बाद उनका परिवार नीचे के बाहरी कमरे में सो गया, जबकि श्रवण कुमार स्वयं छत पर सोने चले गए। इसी बीच, अज्ञात चोरों ने मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया।चोर बाहर की दीवार के सहारे छत पर चढ़े और सीढ़ियों से नीचे उतरकर घर के उस कमरे तक पहुंचे जहां कीमती सामान रखा था। इस कमरे में बाहर से ताला लगा था, जिसे चोरों ने कुंडी के पेच खोलकर पल्ले को खोल लिया और



अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखे बक्से और अलमारी को खंगाला और सोने का मंगल सूत्र,सोने की अंगूठी,चांदी की पाजेब और पायल,पाँच हजार रुपए नगद

सुबह जब श्रवण कुमार छत से नीचे आए तो उन्होंने घर का बाहरी दरवाजा खुला पाया। अंदर जाकर देखा तो सामान वाले कमरे के पल्ले खुले थे, और बक्सा व अलमारी भी खुली पड़ी थी। बक्से से नगदी और जेवर गायब थे। पीड़ित श्रवण कुमार ने तत्काल रहीमाबाद थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की गहनता से जांच में जुट गई है। पुलिस ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद सीतापुर में दिनांक 15-10-2025 को गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य गणित के प्रति रुचि, रचनात्मकता और व्यावहारिक समझ को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट के प्राचार्य डॉ महेंद्र प्रताप सिंह जी द्वारा सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ÷गणित केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा एक तर्कसंगत विज्ञान है। ऐसी प्रतियोगिताएँ सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करती हैं। "प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 10 तक के पाठ्यक्रम को शामिल करते हुए परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। *प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल और चार्ट प्रस्तुत किए- जिनमें "ज्यामिति का दैनिक जीवन में प्रयोग", "आकृतियों की समानता", "गणित और वास्तुकला", "मैथेमेटिक्स इन नेचर" आदि प्रमुख रहे। निर्णायक मंडल सदस्य (श्री विपिन कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, गवर्नमेंट डिग्री कालेज,सीतापुर एवं डॉ मो0 इमरान असिस्टेंट प्रोफेसर आचार्य नरेंद्रदेव,टी 0टी0 कालेज) ने सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन सृजनात्मकता, नवाचार, मौलिकता, सटीकता और प्रस्तुति के आधार पर किया।जिसमें प्रथम स्थान्तरित क्षेत्र सीतापुर ने प्राप्त किया। दूसरे तथा तीसरे स्थान पर क्रमशः रेउसा तथा गोंदलामऊ ब्लॉक रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही जनपद स्तरीय ओलंपियाड गणित प्रतियोगिता में चयनित पांच बच्चों को भी प्राचार्य महोदय ने चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतिभागियों




के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल गणितीय ज्ञान को समृद्ध करती हैं, बल्कि आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल भी विकसित करती हैं। समापन भाषण में प्रतियोगिता नोडल गणित प्रवक्ता श्रीमती मनीषा ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों और समस्त सम्मानित प्रवक्तागण एवं प्रशिक्षुओं का आभार व्यक्त किया। पूरे संस्थान में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखा गया। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि गणित केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

## जरिगवां में वृद्धा आश्रम निर्माण कार्य का शुभारंभ, बुजुर्गों को मिलेगा सम्मान और सहारा

स्वतंत्र प्रभात सांददाता

**मिश्रिख(सीतापुर)** ज्योति स्वास्थ्य सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम के निर्माण कार्य का शुभारंभ मंगलवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि इस आश्रम की नींव पूजन 15 जनवरी 2025 को किया गया था, जिसके बाद अब इसका कार्य औपचारिक रूप से आरंभ हुआ।कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं हवन के उपरांत निर्माण कार्य का आरंभ किया गया। यह आश्रम मिश्रिख तहसील के ग्राम जरिगवां में स्थापित किया जा रहा है, जो चौरासी कोसी परिक्रमा का आठवां पड़ाव भी है।आश्रम का उद्देश्य उन बुजुर्गों को आश्रय, सेवा और स्नेह देना है जो अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलापन या असहायता का अनुभव कर रहे हैं। संस्थान के संस्थापक डॉ. अजय पाल ने कहा कि वृद्ध सेवा ही प्रभु सेवा है, और यह कार्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से ही सफल हो सकता है।इस अवसर पर प्रदेश प्रचारक एवं जिला अध्यक्ष सचिन यादव, जिला उपाध्यक्ष अतुल तिवारी, विजय यादव, प्रखर सिंह,




विवेक त्रिवेदी, टीका राम मौर्य, मनोज वर्मा, कमलेश राजवंशी, अनिल यादव, लवकुश, राधेश्याम राठौर, सूरज राठौर, राजेश सिंह, अमित अर्कवंशी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने वृद्ध सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया।

# भूख की आँच में झुलसती मानवता- क्या यही प्रगति है?

**खाली थालियाँ, भरे गोदाम–कैसी यह दुनिया हमारी?**

जब एक भूखे बच्चे की आँखों में रोटी का सपना धुँधला पड़ता है, तो मानवता की सारी चमक एक पल को धूमिल हो जाती है। न चाँद की उड़ानें, न टेक्नोलॉजी की चकाचौंध, न ही गगनचुंबी इमारतें उस एक निवाले का मोल रखती हैं, जो किसी की भूख मिटा दे। हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस यह कसक जगाता है–यह महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान है- एक ऐसी दुनिया बनाने का, जहाँ हर थाली में पौष्टिक भोजन हो और हर भविष्य सुरक्षित। 2025 की थीम, "बेहतर भोजन, बेहतर भविष्य के लिए एकजुटता,"हमें भोजन की उपलब्धता, गुणवत्ता और टिकाऊपन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देती है। यह वह सपना है, जहाँ भूख सिर्फ एक भूली-बिसरी कहानी बन जाए।

1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना ने विश्व खाद्य दिवस की नींव रखी, जिसका लक्ष्य था हर इंसान तक भोजन को गरिमा के साथ पहुँचाना। मगर 80 साल बाद भी यह मिशन अधूरा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के मुताबिक, 82.8 करोड़ लोग आज भी भूख की चपेट में हैं–यह आँकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उन माँओं की चुप्पी है, जो अपने बच्चों को भूखा सुलाती हैं; उन किसानों की पीड़ा है, जो दुनिया को खिलाते हुए खुद भूख से जूझते हैं। सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद होता है–इतना कि यह पूरे उप-सहारा अफ्रीका को एक साल तक खिला सकता है। एक ओर खाली थालियाँ बेचैन हैं, तो दूसरी ओर डस्टबिन भोजन से अटे पड़े हैं। यह विडंबना हमसे सवाल करती है- क्या हमारी प्रगति अधूरी नहीं?

भारत में यह संकट और गहरा है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश होने के बावजूद, ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में भारत 127 देशों में से 105वें पायदान पर है। यहाँ 19.4 करोड़ लोग भूखे हैं, और 43% बच्चे कुपोषण की मार झेल रहे हैं। "अन्नदाता" कहलाने वाला किसान कर्ज, बेमौसम बारिश और बाजार की अनिश्चितताओं में फँसकर अपने परिवार को दो जून की रोटी नहीं दे पाता। फिर भी, भारत की मिट्टी में वह शक्ति है, जो न सिर्फ देश, बल्कि पूरी दुनिया को खिला सकती है। 2025 की थीम हमें यही सिखाती है कि सरकार, किसान, वैज्ञानिक और समाज की एकजुटता ही वह पुल है, जो खेतों से थालियों तक भोजन पहुँचाएगा। हाथ में हाथ मिलाकर भूख को इतिहास बना दें।

भोजन का संकट केवल मात्रा का नहीं, बल्कि पहुँच, गुणवत्ता और समानता का है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि 2020 के बाद से खाद्य कीमतों में 20% की उछाल ने गरीब देशों में भोजन को और दुर्लभ बना दिया। भारत में राशन प्रणाली और सब्सिडी जैसी योजनाएँ हैं, मगर भ्रष्टाचार और अक्षमता के कारण लाखों जरूरतमंद भूखे रह जाते हैं। इससे भी गंभीर है "छिपी भूख" की मार–लाखों लोग भोजन तो खाते हैं, लेकिन पोषण की कमी के कारण बच्चों में स्टंटिंग और वेस्टिंग जैसे रोग बढ़ रहे हैं। 2025 की थीम "बेहतर भोजन" यही माँग करती है कि हम केवल पेट भरने नहीं, बल्कि हर व्यक्ति तक पौष्टिक, संतुलित आहार पहुँचाने पर ध्यान दें, जो उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत को संवारे।

2025 की थीम पर्यावरण और भोजन के अटूट रिश्ते को भी उजागर करती है। जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की घटती उर्वरता, और जल संसाधनों का दोहन हमारी खाद्य प्रणाली को कमजोर कर रहे हैं। एफएओ के मुताबिक, विश्व का 70% जल कृषि में खर्च होता है, जिसका बड़ा हिस्सा बर्बाद हो जाता है। सतत कृषि, जैविक खेती, ड्रिप इरिगेशन, और वर्षा जल संचय अब जरूरत बन चुके हैं। हमें स्थानीय, मौसमी भोजन को बढ़ावा देना होगा, ताकि आयात कम हो और किसानों को लाभ मिले। साथ ही, भंडारण और परिवहन में होने वाली बर्बादी को रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना होगा। यह थीम हमें सिखाती है



कि बेहतर भविष्य तभी संभव है, जब हम प्रकृति के साथ कदम मिलाएँ।

भारत में भोजन केवल भौतिक जरूरत नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का प्रतीक है। ÷अन्नपूर्णा÷ का रूप लिए भोजन गाँवों में मेहमानों को खिलाने का गर्व और एकता का संदेश देता है। मगर आधुनिक उपभोक्तावाद ने हमें फास्ट फूड और पैकेज्ड भोजन की चमक में उलझा दिया, जबकि हम अपनी जड़ों बाजरा, ज्वार, रागी जैसे पौष्टिक और टिकाऊ अनाजों को भूलते जा रहे हैं। ÷बेहतर भोजन÷ हमें अपनी परंपरों की ओर लौटने और स्थानीय, पर्यावरण-अनुकूल भोजन को अपनाने का आह्वान करता है, जो न केवल सेहत दे, बल्कि धरती को भी बचाए।

भारत सरकार की योजनाएँ–राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013, मिड-डे मील, पोषण अभियान, और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना–भूख और कुपोषण से लड़ने की दिशा में अहम कदम हैं। मगर इनकी सफलता समाज की भागीदारी पर टिकी है। भारत में हर साल 67 मिलियन टन भोजन (अनुमानित कीमत लगभग 92,000 करोड़) बर्बाद होता है–यह एक त्रासदी है। जरूरत है हिसाब से खाना खरीदना, बचे हुए भोजन को दान करना, और सामुदायिक रसोईघरों में योगदान देना जैसे छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। ÷हाथ में हाथ÷ मिलाकर भूख को हराएँ और हर थाली को समृद्ध करें।

तकनीक भूख के खिलाफ एक शक्तिशाली हथियार बन सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, और सैटेलाइट्स के जरिए फसलों की निगरानी, सटीक मौसम भविष्यवाणी, और स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखलाएँ भोजन की बर्बादी को कम कर रही हैं। मगर यह ताकत तभी सार्थक है, जब यह भारत के 86% छोटे और सीमांत किसानों तक पहुँचे, जिनके पास आधुनिक संसाधनों की कमी है। यदि हम इन किसानों को तकनीक, प्रशिक्षण, और बाजार से जोड़ सकें, तो खाद्य सुरक्षा का सपना हकीकत में बदल सकता है। यह एकजुटता ही खेतों से थालियों तक भोजन का सफर सुनिश्चित करेगी।

विश्व खाद्य दिवस हमें सिखाता है कि भूख केवल पेट की नहीं, आत्मा की भी होती है। किसी भूखे को भोजन देना सिर्फ उसका पेट भरना नहीं, बल्कि उसकी गरिमा और उम्मीद को पोषित करना है। "हाथ में हाथ" का मतलब है कि यह जिम्मेदारी हम सबकी है। हर थाली में अन्न का होना महज एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जवाबदेही है। इस विश्व खाद्य दिवस पर संकल्प लें कि हम भोजन की बर्बादी रोकेंगे, जरूरतमंदों के साथ अन्न बाँटेंगे, और एक ऐसी दुनिया बनाएँगे जहाँ भूख सिर्फ एक भूली-बिसरी कहानी हो। क्योंकि जब हर चेहरे पर भोजन की मुस्कान खिलेगी, तभी हमारी धरती सही मायनों में समृद्ध और शांतिपूर्ण होगी।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## मारिया की राजनीति और राहुल गांधी की रणनीतिक उलझन

वैश्विक राजनीति अक्सर ऐसी जटिल उलझनें पैदा कर देती है जहाँ सिद्धांत और व्यावहारिक राजनीति के बीच का अंतर पेचीदा हो जाता है। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 विजेता वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो और भारत के कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर एक दिलचस्प परिदृश्य उत्पन्न हो गया गया है। मारिया अपने देश में सरकार के खिलाफ, लोकतंत्र, मतदान में धांधली, भ्रष्टाचार आदि को लेकर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस और राहुल गांधी उनकी इस राजनीति की सराहना करते हैं क्योंकि ऐसा ही वे भारत में अपनी राजनीति में कर रहे हैं। कांग्रेसी मारिया और राहुल को एक ही डाल का पंछी मानते हैं। यहाँ तक कि कांग्रेस के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने तो राहुल गांधी के लिए भी नोबेल की मांग कर डाली। वे मारिया को राहुल गांधी की समर्थक मानते हैं। मारिया ने एक बार राहुल गांधी की तारीफ में ट्वीट भी किया था। दूसरी ओर वास्तिवकता यह है कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सियासत और मारिया की राजनीति और विचारधारा में गहरा अंतर्विरोध है। यह अंतर्विरोध ही राहुल और कांग्रेस के लिए जटिल उलझन और गले की फांस बन गया गया है। मारिया को नोबेल की घोषणा करते हुए नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने उन्हें 'लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही के खिलाफ अथक प्रयास' के लिए सराहा। हालांकि, माचाडो की धुर दक्षिणपंथी विचारधारा–जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन, इजराइल की नीतियों की पक्षधरता और आर्थिक निजीकरण की वकालत शामिल है– ने कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए पसोपेश वाली स्थिति पैदा कर दी है।

मारिया कोरिना माचाडो का राजनीतिक उदय वेनेजुएला की समाजवादी सरकारों के खिलाफ प्रतिरोध पर आधारित है। 1967 में जन्मी माचाडो, एक पूर्व सांसद और इंजीनियर, 2012 से विपक्षी गठबंधन की प्रमुख रही हैं। उन्होंने ह्यूगो चावेज़ और निकोलास मादुरो की सरकारों पर चुनावी धांधली, भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोप लगाए। ऐसा ही राहुल गांधी भारत में भाजपा सरकार के ख़िलाफ़ करते हैं। 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में, मादुरो सरकार ने मारिया को अयोग्य घोषित कर दिया, जिसके बाद उन्होंने एडमुंडो गोंजालेज़ को समर्थन देकर विपक्ष को एकजुट किया। इन प्रयासों ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाई, जिसमें अमेरिकी प्रतिबंधों और विदेशी सहायता की मांग शामिल थी। मारिया की विचारधारा की अपनी राजनीति है। उन्होंने अपना पुरस्कार ट्रम्प को समर्पित करते हुए उन्हें 'हमारे संघर्ष का निर्णायक समर्थक' बताया। मारिया ने अपने देश मे अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप की भी वकालत की, जिससे वेनेजुएला में आर्थिक संकट बढ़ा। इजराइल के प्रति उनका रुख साफ है। उन्होंने इजराइल को 'स्वतंत्रता का सच्चा सहयोगी' कहा और गाजा संघर्ष में इजराइली कार्रवाइयों का समर्थन किया। इसके अलावा, माचाडो राज्य तेल कंपनी पीडीवीएसए के निजीकरण की भी पक्षधर हैं, जो समाजवादी विचारधारा के विपरीत है।

इस बीच मारिया को नोबेल की घोषणा होते ही भारत में कांग्रेस ने मारिया के पुरस्कार को अपने राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि "मारिया ने वेनेजुएला में लोकतंत्र के लिए जो संघर्ष किया, वही राहुल गांधी भारत में कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सोशल मीडिया पर माचाडो की तुलना राहुल गांधी से की, उन्हें 'संविधान बचाने का योद्धा' बताते हुए उनके लिए भी नोबेल पुरस्कार की मांग कर डाली। यह तुलना कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है, जहां राहुल गांधी को चुनावी धांधली, संस्थागत क्षरण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखर दिखाया जाता है। विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखें तो यह नैरेटिव बहुत सतही है और राहुल तथा मारिया के बीच वैचारिक विरोधाभासों को अनदेखा करता है।

कांग्रेस की ऐतिहासिक विचारधारा समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और साम्राज्यवाद-विरोध पर टिकी है। पार्टी ने फिलिस्तीन मुद्दे पर हमेशा समर्थन दिया, जो उसके मुस्लिम मतदाता आधार और वामपंथी सहयोगियों से जुड़ा है। मारिया का



इजराइल-समर्थक रुख कांग्रेस की नीतियों से सीधा टकराव पैदा करता है। कांग्रेस ने गाजा हमलों की निंदा की है, जबकि मारिया ने इजराइल को 'स्वतंत्रता का सहयोगी' बताया।

इसी प्रकार, माचाडो का ट्रम्प समर्थन कांग्रेस के लिए असहज है, जिसने भाजपा पर 'ट्रम्प-मोदी गठजोड़' के आरोप लगाए हैं। माचाडो की निजीकरण नीति भी कांग्रेस की समाजवादी नीति के विपरीत है। विश्लेषणात्मक रूप से, ये अंतर्विरोध कांग्रेस की वैचारिकता को चुनौती देते हैं। यदि कांग्रेस मारिया का समर्थन जारी रखती है, तो यह उसके वोट बैंक और सहयोगी दलों में दरार डाल सकती है, विशेष रूप से मुस्लिम और वामपंथी समूहों में, जहां माचाडो को 'इजराइल-समर्थक' माना जाता है।यदि पार्टी माचाडो का समर्थन करती है, तो वह वैचारिक समझौता करेगी, जिससे वोट बैंक दरक सकता है–उदाहरण के लिए, 2024 चुनावों में मुस्लिम वोटों का करीब 70 प्रतिशत कांग्रेस को मिला था। यदि मौन साधती है या आलोचना करती है, तो भाजपा इसे 'लोकतंत्र-विरोधी' बताकर प्रचार करेगी। राहुल गांधी की व्यक्तिगत स्थिति और भी जटिल है; वे न तो पूर्ण समर्थन कर पा रहे हैं और न विरोध। यह गहन दुविधा,जटिल उलझन कांग्रेस की रणनीतिक कमजोरी को उजागर करती है। राजनीतिक विश्लेषण की दृष्टि से उनके मारिया कोरिना माचाडो का नोबेल पुरस्कार लोकतंत्र संघर्ष को मान्यता तो देता है, लेकिन यह वैचारिक जटिलताओं को भी सामने लाता है। कांग्रेस के लिए यह एक अवसर था जो दुविधा में बदल गया और गले की फांस बन गया जिससे निपटना बहुत मुश्किल है।

**हरीश शिवनानी**

# पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र, मार्गदर्शक, बुद्धिमान सलाहकार और धैर्यवान शिक्षक होती हैं

पुस्तक मानवता की आत्मा और सभ्यता की संवाहक हैं। महात्मा गांधी ने कहा है कि "पुराने वस्त्र पहनो पर नई पुस्तकें खरीदो," क्योंकि रत्न भले ही देह को अलंकृत करें, पर पुस्तकें अंतःकरण को आलोकित करती हैं। वास्तव में पुस्तकें मनुष्य के भीतर छिपे सत्य और अनुभवों के द्वार खोलती हैं। जो व्यक्ति पुस्तकों से दूर रहता है, वह जीवन की अनेक सच्चाइयों से अनभिज्ञ रह जाता है। पुस्तकें न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में आत्मबल और समाधान की दिशा भी देती हैं। वे हमें सिखाती हैं कि चाहे विपत्ति कितनी ही बड़ी क्यों न हो, धैर्य और विवेक से उसका समाधान संभव है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का कहना है कि ÷एक पुस्तक अनेक मित्रों के बराबर होती है,÷ जबकि शिक्षाविद् चार्ल्स विलियम इलियट के अनुसार, "पुस्तकें मित्रों में सबसे शांत, सलाहकारों में सबसे बुद्धिमान और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान होती हैं।" वास्तव में, पुस्तकें जीवन की सच्ची गुरु हैं जो हमें सोचने, समझने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। वे न केवल मानसिक, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, सांस्कृतिक और चारित्रिक विकास की संवाहक हैं।

प्राचीन भारत में 'पंचतंत्र' और 'हितोपदेश' जैसे ग्रंथों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा, नीति, सदाचार और जीवन कौशल सिखाने की परंपरा रही है। इन पुस्तकों ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता और मूल्यबोध के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व की प्रत्येक सभ्यता में लेखन और पठन की परंपरा ही संस्कृति की धुरी रही है, क्योंकि पुस्तकों ने धर्म, दर्शन, राजनीति और समाज को दिशा दी है।

अच्छी पुस्तकें मनुष्य के भीतर चेतना, विवेक और सद्गुणों का संचार करती हैं तथा उसे जीवन के उद्देश्य से परिचित कराती हैं। ऐतिहासिक पुस्तकों से हमें अतीत की घटनाओं, सभ्यता और संस्कृतियों का ज्ञान मिलता है, जिससे व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि ÷पुस्तकें वह साधन हैं जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों और समाजों के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं।" यही कारण है कि अनेक लोग आज भी अपने पास गुरुवाणी, हनुमान चालीसा, गीता या रामचरितमानस जैसी पुस्तकें रखते हैं, जो जीवन के हर मोड़ पर उनका मार्गदर्शन करती हैं। वर्तमान में जब डिजिटल युग ने संसार को स्क्रीन पर समेट दिया है, तब भी



पुस्तक का महत्त्व समाप्त नहीं हुआ है। अब डिजिटल पुस्तकें और ऑनलाइन लाइब्रेरीज़ ने अध्ययन को आसान और सर्वसुलभ बना दिया है।

पहले के बच्चे 'चंदामामा', 'नंदन', 'बालभारती' जैसी पत्रिकाओं से ज्ञान और मनोरंजन प्राप्त करते थे, आज वही ज्ञान डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध है। भारत सरकार और राज्य सरकारें 'ई-शिक्षा' तथा 'डिजिटल लाइब्रेरी' के माध्यम से विद्यार्थियों तक पठन सामग्री पहुंचा रही हैं। यह एक नई शिक्षा क्रांति का प्रतीक है, परंतु इसके साथ सावधानी भी आवश्यक है, क्योंकि इंटरनेट पर उपलब्ध भ्रामक या अप्रामाणिक सामग्री बच्चों के मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है। इसलिए माता-पिता और शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है कि वे बच्चों को सही पुस्तकों के चयन की दिशा में प्रेरित करें। डिजिटल पुस्तकें भले ही सुविधाजनक हों, परंतु कागज़ की पुस्तक हाथ में लेकर पढ़ने का आनंद, उसकी खुशबू, उसके पन्नों का आत्मीय स्पर्श आज भी अनुपम है। पुस्तकें केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि मनुष्य और समाज के बीच संवाद की सबसे पवित्र कड़ी हैं। वे हमें एकता, सद्भावना और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देती हैं। पुस्तकें युवाओं को दिशा देती हैं, समाज को विचार देती हैं और राष्ट्र को चरित्र देती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि पुस्तकें ही वह अमूल्य निधि हैं जिनसे मानवता का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल बनता है।

**संजीव ठाकुर**

# बिहार की जातिवादी राजनीति- बिहार के विकास की सबसे बड़ी बाधा

बिहार, जो कभी ज्ञान और संस्कृति का केंद्र माना जाता था, आज भी जातिवादी राजनीति के जाल में उलझा हुआ है। यहाँ की राजनीति लंबे समय से जातिगत समीकरणों पर आधारित रही है। चुनाव आते ही विकास, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दे गौण हो जाते हैं, जबकि जाति और समुदाय की पहचान चुनावी जीत का प्रमुख आधार बन जाती है। राजनीतिक दलों ने इस प्रवृत्ति को न केवल बनाए रखा, बल्कि इसे अपनी शक्ति का साधन बना लिया है। उम्मीदवारों के चयन से लेकर चुनाव प्रचार तक, हर कदम पर जातीय समीकरणों का गणित लगाया जाता है। परिणामस्वरूप, जनता जातीय भावनाओं में विभाजित हो जाती है, और सामूहिक विकास की सोच कमजोर पड़ जाती है। यह जातिवादी राजनीति बिहार की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। जब वोट जाति के आधार पर पड़ते हैं, तो नेता जवाबदेही से मुक्त हो जाते हैं। विकास योजनाएँ कागजों तक सीमित रह जाती हैं, रोजगार सृजन की नीतियाँ ठंडे बस्ते में चली जाती हैं, और भ्रष्टाचार तथा अपराध को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त हो जाता है। उदाहरण- बिहार के गया जिले में हाल के वर्षों में देखा गया कि एक प्रमुख सड़क निर्माण परियोजना, जो ग्रामीण क्षेत्रों को शहर से जोड़ने वाली थी, जातीय समीकरणों के कारण रुकी रही। ठेकेदारों और स्थानीय नेताओं के बीच जाति-आधारित पक्षपात के कारण परियोजना में देरी हुई, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी और आर्थिक अवसरों का लाभ नहीं मिल सका। यह एक जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे जातिवादी मानसिकता विकास कार्यों को प्रभावित करती है। बिहार को प्रगति के पथ पर अग्रसर होने के लिए इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा। जनता को यह समझना होगा कि जातीय पहचान से ऊपर उठकर केवल योग्य, ईमानदार और विकासोन्मुख नेतृत्व को चुनना ही राज्य की वास्तविक प्रगति का मार्ग है। जब तक राजनीति "जाति" के बजाय "योग्यता और नीति" पर आधारित नहीं होगी, तब तक बिहार अपनी पूर्ण क्षमता को प्राप्त नहीं कर सकेगा। बिहार की राजनीति को जातिवाद की बेड़ियों से मुक्त कर विकास और समानता की दिशा में मोड़ना समय की माँग है। यदि जनता जागरूक होकर मुद्दों पर आधारित राजनीति को अपनाए, तो बिहार पुनः उस गौरवशाली युग की ओर लौट सकता है, जब वह पूरे देश के लिए एक उदाहरण हुआ करता था। जातिवाद की जड़ें

बिहार में राजनीति की दिशा और दशा पर जातीय समीकरणों का गहरा प्रभाव रहा है। चुनाव आते ही नेता विकास, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों से ध्यान हटाकर जाति-आधारित वोट बैंक की राजनीति करने लगते हैं। गाँव-गाँव और मोहल्ले-मोहल्ले में जातीय पहचान के नाम पर समाज को बाँटा जाता है। परिणामस्वरूप, जनता अपने अधिकारों और विकास की बात करने के बजाय ÷हमारी जाति का नेता कौन है" की सोच में उलझी रहती है।

विकास पर प्रभाव

जब राजनीति का आधार योग्यता या नीतियों के बजाय जाति बन जाती है, तो प्रशासनिक पदों से लेकर सरकारी योजनाओं तक में पारदर्शिता और निष्पक्षता समाप्त हो जाती है। जातिवाद के कारण योग्य व्यक्तियों को अवसर नहीं मिलते, और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। विकास की योजनाएँ कागजों तक सीमित रह जाती हैं। शिक्षा और सामाजिक एकता पर प्रभाव

जातिवादी मानसिकता न केवल राजनीति, बल्कि समाज और शिक्षा प्रणाली को भी प्रभावित करती है। बच्चे भी जाति के चश्मे से समाज को देखने लगते हैं, जिससे सामाजिक एकता कमजोर होती है। यह स्थिति एक नए और प्रगतिशील बिहार के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। समाधान की दिशा में कदम

बिहार को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए जातिवाद की जंजीरों को तोड़ना आवश्यक है। इसके लिए- शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोग मुद्दों पर आधारित मतदान करें।



राजनीतिक दलों को विकास, रोजगार और प्रशासनिक सुधार को अपने चुनावी एजेंडे का आधार बनाना चाहिए।

युवाओं को जातीय सोच से ऊपर उठकर योग्यता और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी होगी।

मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग को समाज में सकारात्मक विचारों का प्रसार करना होगा।

क्योंकि जातिवाद की विचारधारा ने बिहार को वर्षों पीछे धकेल दिया हे जब तक राजनीति का आधार जातिवाद रहेगा तब तक वह विकास सिर्फ भाषणों में ही रहेगा। अब समय आ गया हे की हम ऐसे नेताओं को चुने जो बिहार के विकास की सोच रखते हो न की सिर्फ जातिवाद की।बाकी सब आप लोगों के हाथमे हे आपका एक निर्णय वो आनेवाले 5 सालों तक की सोच हे यह याद रखके आगे बढ़ना चाहिए और बिहार के विकास को लक्ष्य में रखकर जनता को आगे बढ़ना चाहिए।

**चंद्रकांत सी. पूजारी**

# धन तेरस पर परोपकार का संकल्प करे

**भारतीय पुराणों में धनतेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण प्रतिष्ठापक धन्वंतरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है**

कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाये जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते है। इन पर्वों को पंचपर्व कहते है। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ गहरा सम्बन्ध है। सर्वप्रथम प्रथम धन-तेरस के बारे में चर्चा करते है। यों तो प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। कहावत है-बिन पूछा मुहुरत भला, या तेरस या तीज। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। पता नहीं इसे धन-तेरस नाम देने के पीछे क्या कल्पना रही होगी। मेरे विचार में इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है।

भारत में हिन्दू समाज में कार्तिक कृष्ण तेरस को सूर्यास्त के पश्चात् लक्ष्मी पूजन होता है और घर के द्वार पर यम का एक दिया जलाया जाता है। पुराणों की मान्यता ऐसी है कि पितृपक्ष में पितृगण अपने परिवारजनों को देखने के लिए अदृश्य रूप में भूलोक में आते हैं। वे सबको देखकर इस दिन वापस अपने पितृलोक को लौट जाते हैं। इसलिए इस दिन एक दिया जलाकर पितृगण को विदा दी जाती है। यह एक रूढ़ लोकमान्यता है।

भारतीय पुराणों में धन-तेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण-प्रतिष्टदायक धन्वन्तरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। महाभारत और पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि देव-दानवों ने मिलकर जब समुद्र-मंथन किया तो उसमें चौवह दुर्लभ रत्न प्राप्त हुए। उसी समुद्र-मंथन में धन्वन्तरि हाथ में अमृत कलश लिए प्रकट हुए। धन्वन्तरि चिकित्सा विज्ञान के आदि पुरुष माने जाते हैं। धन्वन्तरि शब्द का अर्थ है-शल्पशास्त्र में पारंगत पुरुष। किन्तु सुश्रुत संहिता के अनुसार आयुर्वेव के आठो अंगों का निपुण वैद्य धन्वन्तरि कहा जाता है। कुछ पुराणों के अनुसार काशी का राजा दिवोदास धन्वन्तरि नाम से प्रसिद्ध हुआ जो आयुर्वेद का महान् विद्वान् था।धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक आज की भाषा में फेमिली डॉक्टर माने जाते हैं।

महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन तेरस धन्वन्तरि के जन्म-दिन के रूप में मनायी जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार में रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानब को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। भगवान ने प्रसन्न होकर जब धन्वन्तरि से कहा- "तुम जो चाहो सो वर मांगो" तो उसने भगवान से एक ही प्रार्थना की- प्रभो, न तो मुझे राज्य चाहिए, न स्वर्ग। मुझे मोक्ष की भी कामना नहीं है। मेरी एक ही कामना व हार्दिक इच्छा है कि संसार के दुःखी, रोगी और पीड़ितजनों की पीड़ा दूर करूँ।




रामायण में प्रसंग है कि जब रणभूमि में लक्ष्मण जी शक्ति-प्रहार से मूर्छित हो जाते हैं तब हनुमान जी सुषेण वैद्य को लंका से उठाकर लाते

और उससे प्रार्थना करते हैं- "हे वैद्यराज, वीर लक्ष्मण की पीड़ा दूर करो, इनकी चिकित्सा करो।" सुषेण वैद्य कहता है- "तुमने मुझ पर विश्वास कैसे किया? मैं शत्रु पक्ष का वैद्य हूँ। मैं तुम्हारे रोगी का अहित भी कर सकता हूँ।" तब रामचन्द्र जी कहते हैं- "वैद्य का कोई शत्रु-मित्र नहीं होता, वैद्य का एक ही धर्म है, रोगी की पीड़ा दूर करना। रोगी और वैद्य के बीच सिर्फ एक ही रिश्ता है-विश्वास का। विश्वास के भरोसे रोगी वैद्यराज के हाथ में अपनी जीवन-डोर सौंप देता है और वैद्य पूरे मनोयोग से उसकी जीवन-रक्षा करने का प्रयास करता है।जैन आगम उपासकदशांगसूत्र में भगवान महावीर का एक विशेषण आता है- महाभिषग्गुबर-महावैद्य। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुँचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही है-जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दुःख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है। ऐसे लोभी वैद्यों के लिए कवि कहता है- हे यमराज के बंधु वैद्यराज, तुम्हें दूर से ही नमस्कार करता हूँ। तुम वैद्यराज नहीं, यमराज से भी बढ़-चढ़कर हो, क्योंकि यमराज तो सिर्फ प्राणी के प्राणों का ही हरण करता है, किन्तु तुम तो प्राण भी ले लेते हो और धन भी ले जाते हो।

वास्तव में वैद्य का आदर्श बहुत ऊँचा गुरु के समान माना गया है। क्योंकि उसके हाथ में मनुष्यों के प्राणों की रक्षा होती है। स्वार्थ, लोभ, पक्षपात, आलस्य और लापरवाही ये पाँच महादोष हैं। जिस वैद्य में ये दोष होते हैं वह वैद्य के आदर्श धर्म का पालन नहीं कर सकता।

आज धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बाँटो, दूसरों के दुःख-दर्द-पीड़ा दूर करो। दूसरों की सेवा करना ही तुम्हारा धर्म है। सब जीवों की सुख-शान्ति चाहना ही तुम्हारी अन्त 'इच्छा हो। इन आदर्शों पर

चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन-तेरस की प्रेरणा है। धन तेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चाँदी व ताँबे-स्टील के बर्तन खरीदकर धन-तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते रसः-तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दुःखी प्राणी का दुःख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-सँभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुँचाई तो समझ लो आपकी धनतेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई। अन्यथा धन की पूजा करके चाहे तेरस मनाओ या चौदस, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दीपावली के पंचपों की आदि में पहला धन-तेरस का पर्व आपको जीवन में परहित एवं परोपकार की प्रेरणा देता है। निःस्वार्थ और निरपेक्ष भाव से जितना बन सके दूसरों की सेवा-सहायता का संकल्प करना और उसके लिए अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग करना-यह लक्ष्मी के आमन्त्रण की पूर्व भूमिका है, बैकग्राउण्ड है। जो परोपकार करेगा लक्ष्मी स्वयं उसके द्वार पर आकर दस्तक देगी।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित




**रतनपुर/महराजगंज।** 22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सोनौली कोतवाली क्षेत्र के समवाय भगवानपुर के सहायक कमांडेंट सफवान एन के नेतृत्व में आरक्षी संदीप चौरसिया द्वारा बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर मे साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को जागरूक किया। साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान में छात्रों को ऑन लाइन धोखा-धड़ी, दस्तावेज चोरी, गलत लिंक एवं गलत मोबाइल ऐप डाउनलोड तथा गलत जगह शेयर न करने तथा ऑन लाइन स्कैम एवं साइबर आपराध से होने वाले बचाव के उपाय और साइबर हेल्प लाइन नंबर -1930 आदि को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान एसएसबी के मुख्य आरक्षी अर्जुन कुमार ठाकुर, ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया, विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरजेश एवं अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे।

## छात्र और क्षय रोग- जागरूकता ही सुरक्षा

**गोण्डा।** सिद्धिविनायक महाविद्यालय, पिपरा बाजार में आयोजित क्षय रोग (टीबी) जागरूकता कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए। छात्रों को न केवल क्षय रोग के लक्षण और बचाव के उपाय बताए गए, बल्कि उन्हें 'निःक्षय मित्र" बनकर रोगियों की सहायता करने के लिए भी प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक काजी नासेरूल हक और वरिष्ठ क्षय रोग उपचार पर्यवेक्षक आनंद ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक आशीष कुमार पाठक, भरत लाल द्विवेदी, विजय कुमार पांडेय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक काजी नासेरूल हक ने छात्रों को क्षय रोग के प्रमुख लक्षणों की के बारे में जानकारी दी तथा लगातार खाँसी (दो सप्ताह से अधिक), बुखार और रात में पसीना, वजन कम होना, थकान और कमजोरी, तथा खून के साथ बलगम। यह जागरूकता न केवल छात्रों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क बनाती है, बल्कि समाज में रोगियों के प्रति संवेदनशीलता भी पैदा करती है। स्पष्ट है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं रह सकती। ऐसे कार्यक्रम यह संदेश देते हैं कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सहयोगी भावना विकसित करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## कागज़ों में सफल, धरातल पर अधूरा टीकाकरण

**कई ग्राम पंचायतों में "टीकाकरण पूर्ण"दिखाने के बावजूद पशुपालक अब भी अपने पशुओं के टीके लगवाने के लिए परेशान हैं।**

**गोण्डा।** राजकीय पशु चिकित्सालय रूपईडीह के दावे और ज़मीनी हकीकत के बीच का अंतर दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अधिकारी दावा करते हैं कि क्षेत्र के सभी पशुओं का टीकाकरण पूरा कर लिया गया है, लेकिन सच्चाई कुछ और ही बयान करती है। कई ग्राम पंचायतों में ÷टीकाकरण पूर्ण÷ दिखाने के बावजूद पशुपालक अब भी अपने पशुओं के टीके लगवाने के लिए परेशान हैं। भुडकुडा, असिधा गौशालाएं, और पुरैनिया जैसे क्षेत्रों में अभियान कागज़ों में सफल दिखाई देता है, जबकि धरातल पर पशुपालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्पष्ट है कि केवल आंकड़ों और रिपोर्टों पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं है। प्रशासन को मैदान में उतरकर निगरानी करनी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि टीकाकरण अभियान वास्तव में प्रभावी हो। अन्यथा "सफल अभियान" का दावा केवल कागज़ों तक सीमित रह जाएगा। राजकीय पशु चिकित्सालय रूपईडीह डा. बी. आर. निगम का ने बताया कि "हमारे अभियान के तहत उक्त ग्राम पंचायतों में टीकाकरण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। कुछ स्थानों पर मौसम और पशुपालकों की अनुपस्थिति के कारण थोड़ी देरी हुई, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।"

## पार्टनर्स फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन एण्ड चिल्ड्रेन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत सेन्ट जेवियर्स स्कूल नगर क्षेत्र जोगापुर में पार्टनर्स फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन एण्ड चिल्ड्रेन कार्यक्रम का आयोजन हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा किया गया, जिसमें उपस्थित बालिकाओं को शिक्षा के. प्रति जागरूक करते हुए विभाग द्वारा संचालित योजनायें जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरसिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओं, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य अध्यापगण आदि लोग उपस्थित रहे।

# चंपा देवी पार्क में महिला सम्मान समारोह, मिशन शक्ति 5.0 के तहत बहादुर महिलाओं का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** नारी सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं के सम्मान को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से बुधवार को चंपा देवी पार्क में "महिला सम्मान समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोरखपुर ग्रामीण विधायक श्री विपिन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ÷मिशन शक्ति÷ सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह हर उस महिला की आवाज है जो अन्याय और असमानता के खिलाफ डटकर खड़ी होती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर बेटी सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बने।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अभियान है। उन्होंने जिले में महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि हर थाने में महिला हेल्प डेस्क को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस की मदद लें। कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों, सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाओं तथा बहादुरी का परिचय देने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उनके साहस और सामाजिक योगदान की कहानियों ने समारोह में उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

# ख़जनी क्षेत्र उनवल में ज्ञान की नई किरण- राधा डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ

**● एक गैर लाभकारी सामाजिक पहला है जिसे चलाने का मुख्य आधार समुदाय का सहयोग ही होगा पुस्तकालय के संचालक पूर्व प्रवक्ता परामहंस त्रिपाठी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर।** खजनी तहसील अन्तर्गत नगर पंचायत उनवल में शिक्षा और डिजिटल साक्षरता के एक नए युग का आगाज हुआ है। वार्ड नंबर 3, टेकवार स्थित सिद्धिविनायक मैरिज लॉन के समीप 'राधा डिजिटल लाइब्रेरी 'का भव्य उद्घाटन हुआ, जो पूरे क्षेत्र के छात्रों, युवाओं और ज्ञान-पिपासुओं के लिए एक समृद्ध संसाधन केंद्र बनने का वादा करती है। यह लाइब्रेरी एक आधुनिक शिक्षण हब के रूप में स्थापित की गई है। यहाँ उपलब्ध कराई गई प्रमुख सुविधाओं में शामिल हैं-

कनिःशुल्क हाई-स्पीड वाई-फाई

कशुद्ध शीतल जल की व्यवस्था

कशांत और संयमित अध्ययन वातावरण

कवॉइस रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा विविध समाचार-पत्र और पत्रिकाओं का संग्रह, सुरक्षित पार्किंग सुविधा इस डिजिटल लाइब्रेरी के शुभारंभ का समारोह पारंपरिक रीति-रिवाजों से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रवक्ता श्री परामहंस त्रिपाठी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और फीता काटकर लाइब्रेरी को समुदाय के लिए समर्पित किया।

**समुदाय के सहयोग पर जोर**

पुस्तकालय के संचालक ने बताया कि यह एक गैर-लाभकारी सामाजिक पहल है, जिसे चलाने का मुख्य आधार समुदाय का सहयोग ही होगा। उन्होंने सभी स्थानीय नागरिकों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों से आह्वान किया कि वे इस ज्ञान-केंद्र का भरपूर लाभ उठाएं और इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा,यह पुस्तकालय सेवा के माध्यम से समाज को कुछ लौटाने का एक अवसर है।

नाम- राधा डिजिटल लाइब्रेरी

क पता-वार्ड नंबर-3, टेकवार, सिद्धिविनायक मैरिज लॉन के नजदीक, नगर पंचायत उनवल, गोरखपुर। संपर्क सूत्र- 9936254592, इस डिजिटल लाइब्रेरी के खुलने से उनवल क्षेत्र में शैक्षिक परिदृश्य को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जहाँ डिजिटल संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान का अनूठा समन्वय देखने को मिलेगा।

# देवरिया पुलिस की सक्रियता से अपराध नियंत्रण में तेजी

**●हत्या, चोरी व पॉक्सो केस का खुलासा - यातायात और प्रशिक्षण पर भी जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आज कई महत्वपूर्ण कार्रवाइयाँ कीं। हत्या, चोरी व पॉक्सो से जुड़े मामलों का सफल अनावरण हुआ, वहीं प्रशिक्षु आरक्षियों को पुलिस कार्यप्रणाली की बारीकियाँ सिखाने हेतु विशेष गोष्ठी भी आयोजित की गई।

**हत्या की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार**

लार पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त अभिषेक कुमार पुत्र रविन्द्र प्रसाद निवासी बढ़या हरदो थाना मईल को भिखमछपरा मोड़ से गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री सुनील सिंह और क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार के पर्यवेक्षण में हुई।

**पॉक्सो एक्ट में आरोपी गिरफ्तार**

थाना भटनी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े प्रकरण में अभियुक्त मुकेश साहनी पुत्र बुधन साहनी निवासी ठाकुर जी कुटी, वार्ड नंबर 10, चूड़ा गली, भटनी को गिरफ्तार किया। इस मामले में विभिन्न धाराओं में वृद्धि कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**चोरी का पर्दाफाश, तीन अभियुक्त गिरफ्तार**

थाना बरियारपुर पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए मंटू कुमार, नीरज कुमार एवं साहिल कुमार निवासी मेहरौना को दो इन्वर्टर बैटरी के साथ गिरफ्तार किया।

**प्रशिक्षु आरक्षियों के लिए गोष्ठी**

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद पांडेय की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में प्रशिक्षु आरक्षियों को पुलिसिंग की जिम्मेदारियों, अनुशासन, संवेदनशीलता और तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन देने हेतु विशेष प्रशिक्षण गोष्ठी आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि एक प्रभावी पुलिसकर्मी वही है जो दक्षता के साथ जनविश्वास कायम करे।

**यातायात पुलिस का सघन अभियान**

यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में शहर के प्रमुख चौराहों कचहरी, सुभाष चौक, हनुमान मंदिर, मालवीय रोड और बस स्टैंड पर बिना हेल्मेट, तीन सवारी, स्टंटबाजी और नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 114 वाहनों का ई-चालान और 2 वाहनों को सीज किया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन तथा जनजागरूकता बढ़ाना बताया गया।

# जनपद स्तरीय गणित ओलम्पियाड प्रतियोगी परीक्षा मे रिंकी वर्मा ने ब्लॉक मे टॉप टेन सूची मे प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा-** कंपोजिट विद्यालय केशव नगर ग्रांट पूर्वी शिक्षा विभाग द्वारा जिले मे आयोजित ब्लॉक स्तरीय गणित ओलम्पियाड प्रतियोगी परीक्षा मे ब्लॉक मे टॉप 10 मे प्रथम स्थान रिंकी चौधरी ने हासिल कर ब्लॉक का मान बढ़ाया। विद्यालय के इ0 प्रधानाध्यापक संजय वर्मा ने बताया की यह जिले स्तर पर भी आयोजित गणित ओलंपियाड परीक्षा मे शामिल 170 बच्चो मे रिंकी चौधरी ने कुल 50 मे से 43 अंक प्राप्त कर ब्लॉक स्तरीय टॉप टेन मे प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व ब्लॉक का मान बढ़ाया है इस अवसर पर विद्यालय परिवार के तरफ से सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत विजेता प्रतिभागियो को फूल माला से सम्मानित कर मेडल एवं शील्ड से नवाज कर उनके उज्ववल भविष्य की कामना किया। बताते चले कि यह विद्यालय ग्रामीण अंचल मे होने के बावजूद भी विद्यालय मे बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ साथ समय समय पर बच्चो के शिक्षा की मूल्यांकन करने की व्यवस्था है इसी कारण यहां बच्चो की संख्या भी पर्याप्त है इस बच्चो के विजेता होने से विद्यालय परिवार अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर इ0 प्रधानाध्यापक संजय वर्मा, पृथ्वी राज दुबे,अखिलेश कुमार, संतोष कुमार गुप्त,असीम वर्मा राहुल , राम तौल वर्मा,सरिता वर्मा,सुमन यादव, जय प्रकाश मिश्रा,मोलहु प्रसाद वर्मा, मालती देवीं सहित समस्त स्टॉफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत खोड़ारे पुलिस टीम चौपाल का हुवा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा-** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत खोड़ारे थाने द्वारा गठित एंटी रोमियो टीम ने हकीकुल्लाह चौधरी महा विद्यालय घारी घाट मे चौपाल लगाकर छात्राओं को दिए सुरक्षा के टिप्स सहित अन्य जानकारिया। पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जयसवाल के निर्देशन में,जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे-छेड़छाड़/शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चो के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत,व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु थाना खोड़ारे मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र हकीकुल्लाह चौधरी महाविद्यालय घारीघाट गोंडा में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं ,बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनको माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं और बच्चियों एवं वहां उपस्थित लोगों को प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे "मिशन शक्ति केंद्र "के बारे में बताया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- यूपी आपातकालीन सेवा-112, विमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया और साथ ही साथ साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई। एवं उनकी समस्याओं को पूछते हुए फीडबैक फॉर्म भी भरवाएं गए।और वर्तमान समय मे हो रहे साइबर क्राइम से संबंधित जानकारिया भी दिया गया। इस मौके पर, उप निरीक्षक श्री ज्ञानेंद्र शुक्ला,आरक्षी आदर्श वर्मा , महिला आरक्षी शालिनी, डॉक्टर प्रमोद कुमार दुबे,डॉक्टर महेश कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार गौड़, डॉक्टर प्रभाकर पाण्डेय,दिनेश कुमार वर्मा, कोमल शर्मा, ईष्टा त्रिपाठी, राम किशुन निषाद,सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

# गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम के माध्यम से उनको मातृत्व पोषण का संदेश दिया

**●स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विकसित भारत का आधार है प्रभारी बाल विकास योजना अधिकारी सुनीता शुक्ला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर आकांक्षात्मक ब्लॉक बांसगांव भुसवाल ग्राम सभा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवंऊ आठवां राष्ट्रीय पोषण माह एवं मिशन शक्ति5.0के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया बच्चों द्वारा रोल प्ले किया गया जिसके माध्यम से दहेज उत्पीड़न ,भ्रूण हत्या बाल मजदूरी इत्यादि को रोकने के लिए विभिन्न हेल्प नंबरों को साझा किया गया लोगों को जागरूक किया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से बाल मजदूरी न करा के उनको शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करें । हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है ' हर बच्चे का है अधिकार पूरा पोषण पूरा प्यार 'इसी के क्रम में छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया तथा सात गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम के माध्यम से उनको मातृत्व पोषण का संदेश दिया गया तथा यह भी संदेश दिया गया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विकसित भारत का आधार है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की पोषण रेसिपी भी तैयार गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी बाल विकास योजना अधिकारी सुनीता शुक्ला, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनुप्रिया सिंह, प्रधानाध्यापक अशोक राम त्रिपाठी जी ,यूनिसेफ से विनय दुबे जी प्रोग्रेसिव फाउंडेशन से मनीष शुक्ला जी एवं क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्री रिया सिंह, प्रियंका सिंह, पूनम सिंह, प्रेमशिला, उमा नितांजलि एवं अन्य सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सक्रिय भूमिका रही।

# गोरखपुर में मातृशक्ति का सम्मान- उज्ज्वला योजना के तहत दीपावली पर दो मुफ्त गैस सिलेंडर की सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** दीपावली के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो मुफ्त गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया है। बुधवार को गोरखपुर के विकास भवन सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में यह सौगात प्रदान की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और लाभार्थियों को संबोधित किया।कार्यक्रम में विधायक ग्रामीण विपिन कुमार सिंह ने 105 लाभार्थी महिलाओं को दो गैस सिलेंडरों की सब्सिडी का चेक वितरित किया। इस अवसर पर एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक दीपक सिंह, डीएसओ रामेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा, "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने देश की महिलाओं को धुएं से मुक्ति और स्वाभिमान से जीने की नई राह दी है। दीपावली पर हमारा लक्ष्य है कि कोई भी बहन अंधेरे में न रहे, हर घर उजाले से जगमगाए।" उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय के तहत, गोरखपुर जनपद के 2.93 लाख उज्ज्वला लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। एक गैस सिलेंडर की कीमत 915 निर्धारित की गई है, जिसमें 359 केंद्र सरकार और 556 राज्य सरकार वहन करेगी। यह पूरी राशि आधार आधारित भुगतान प्रणाली के जरिए लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित होगी। लाभार्थियों को पहले नकद भुगतान कर सिलेंडर लेना होगा, जिसके बाद सब्सिडी की राशि उनके खाते में जमा हो जाएगी। कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि उज्ज्वला योजना का अगला चरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0, जल्द शुरू होने जा रहा है। इसके तहत पात्र परिवार, जिन्हें अभी तक गैस कनेक्शन और चूल्हा नहीं मिला, अपने निकटतम गैस एजेंसी पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्रता में अनुसूचित जाति, जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अंत्योदय अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी, चाय व पूर्व चाय बागान जनजातियां, वनवासी और गरीब परिवार शामिल हैं।

आवेदक वयस्क महिला (18 वर्ष से अधिक) होनी चाहिए और परिवार में कोई अन्य एलपीजी कनेक्शन नहीं होना चाहिए। यह योजना न केवल महिलाओं को सशक्त बना रही है, बल्कि स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही है। गोरखपुर की लाभार्थी महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कदम दीपावली को और भी उज्ज्वल बनाने का एक प्रयास है, जो मातृशक्ति के सम्मान और उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मां-बाप की सेवा करना ही धर्म - अलका

**●वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, फल व अंगवस्त्र किया वितरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत बुधवार को नगर के मेहड़ा पुरवा स्थित वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने किया। इस दौरान उपस्थित वृद्धजनों को अंगवस्त्र व फल वितरित किए गए तथा बीपी, शुगर, रक्त परीक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गई। चिकित्सकों ने जांच के उपरांत आवश्यक परामर्श व दवाएं भी प्रदान कीं। अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि आज के युग में लोग अपने बुजुर्गों को भूलते जा रहे हैं, जबकि माता-पिता की सेवा ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि घर के बुजुर्ग विपरीत परिस्थितियों में मार्गदर्शन का काम करते हैं, किंतु संयुक्त परिवार की परंपरा टूटने से अनेक वृद्धजन उपेक्षित होकर आश्रमों में रहने को विवश हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता ने कहा कि इस आयु वर्ग में बीपी, शुगर, जोड़ों में दर्द और मौसमी बीमारियों का खतरा अधिक होता है, इसलिए समय-समय पर जांच और संतुलित आहार अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि वृद्धों के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते रहेंगे। शीघ्र ही आंखों की जांच और मोतियाबिंद सर्जरी हेतु विशेष कैंप भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. अश्वनी पांडेय नोडल अधिकारी, विजय शुक्ला प्रबंधक, डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. आनंद, डीएमओ सी.पी. मिश्रा, डीएमएचसी विश्वनाथ मल्ल, सुधाकर मणि, वर्षा सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल सभागार में दी गई सीपीआर देने की जानकारी

**● सीपीआर देने के दौरान 30 बार सीने को दबाएं तत्पश्चात दो बार मुंह से मुंह को सांस दें- डॉ वीर विक्रम सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज।** सीपीआर यानी कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन एक आपात कालीन जीवन रक्षक प्रकिया है जो तब की जाती है जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर कर देता है, या सांस नहीं चल रही होती है। सीपीआर का उद्देश्य हृदय, मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक रक्त का संचार बनाएं रखना है। तुरंत सीपीआर देने से बचने की संभावना बढ़ जाती है। उक्त बातें जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एके द्विवेदी ने कही। मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय सभागार में सीपीआर देने के बारें में स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सीपीआर देने की जानकारी सभी स्वास्थ्य कर्मियों को भी होनी चाहिए। जिला संयुक्त चिकित्सालय के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ राकेश कुमार ने कहा कि सीपीआर एक महत्वपूर्ण प्रकिया है जिसे हर कोई जीवन बचाने में मदद करने के लिए सीख सकता है। जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद हो जाए तो सीपीआर का तुरंत इस्तेमाल जीवन और मृत्यु के बीच अंतर कर सकता है। सीपीआर हृदय और मस्तिष्क में महत्वपूर्ण रक्त प्रवाह को बनाए रखने में सहायता करता है। डिप्टी सीएमओ डॉ वीर विक्रम सिंह ने कहा कि सीपीआर देने से पहले जांच लें कि क्या नाड़ी या सांस चल रही है कि नहीं। सांस न चलने पर सीपीआर देना शुरू करें। सीपीआर देने के दौरान 30 बार सीने को दबाएं, 30 बार सीने को दबाने के बाद दो बार मुंह से मुंह को सांस दें। अन्य चिकित्सा सहायता आने तक सीने को दबाने और बचाव सांसों का क्रम जारी रखें। एंबुलेंस को भी काल कर दें। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एवी त्रिपाठी ने बताया कि व्यक्ति को पीठ के बल पर किसी ठोस सतह पर लिटाएं। अपने हाथ की निचली हथेली को व्यक्ति के सीने के मध्य निप्पलों के बीच रखें। पहले हाथ के ऊपर दूसरे हाथ को रखें। सीने के बीचों बीच जोर से और तेजी से दबाए। उन्होंने बताया कि रक्त प्रवाह को बहाल करने के लिए सीने को दबाना जारी रखें।

# पडरौना में छठ पूजा महापर्व की तैयारी शुरू

**●नगर पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर पूजा वेदियों को कराया जा रहा रंगरोशन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** आगामी छठ पूजा महापर्व के दृष्टिगत नगरपालिका पड़रौना द्वारा नगर के विभिन्न छठ घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, वेदी रंग-रोगन का कार्य आरंभ हो गया है। नगरपालिका अध्यक्ष पड़रौना विनय जायसवाल द्वारा सरकारी भिसवा स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि छठ महापर्व को देखते हुए समस्त कार्य समय पर एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यह लोक आस्था का महान पर्व है, जिसमें सूर्य उपासना के माध्यम से समाज एकता, स्वच्छता और संस्कारों का संदेश देता है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा घाटों की विशेष साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान केशव उपाध्याय, अमित राय, योगेश राय, चंदन राय, विपुल राय, बलराम राय, आलोक विश्वकर्मा, तेजप्रताप, मन्नू कुमार सहित सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना परिसर में त्योहारों को लेकर फीस कमेटी की हुई बैठक



**सिंगाही खीरी।** दीपावली के महापर्व पर शांति बनाने को लेकर थाना अध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक बुलाई बैठक में आए हुए ग्राम प्रधानों एवं सभासदों से थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने अपील की धनतेरस प्रकाश के पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा जैसे धार्मिक त्यौहार आने वाले हैं त्योहारों इन पर्वो पर बाजार में खरीदारी करने वाले ग्राहकों की अधिक भीड़ होगी और चोरों उचक्को का भी भय बना रहेगा इसलिए बाजार में खरीद करने वाले लोग सफलता बढ़ाते हैं और किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें पुलिस बाजार में ग्रस्त पर तैयार मिलेगी पर शांति व्यवस्था बनाने के लिए आम जनता का भी सहयोग होना चाहिए प्रकाश के पर्व पर होने वाली आतिशबाजी की दुकान नगर के बाहर लगाई जाएगी वहा पर दुकान है आधुनिक साथ सजा से युक्त होगी जिससे कोई किसी प्रकार की अनहोनी ना हो नगर के सभासदों से थाना अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत के सीसी टीवी कैमरे ठीक करवा जिससे कि अराजक तत्वों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके पुलिस जनता की सेवा करने के लिए हर समय तत्पर है हमारे नंबर पर फोन करके तुरंत सहायता के लिए पुलिस पहुंच जाएगी। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष प्रदीप पुरवार, सभी सभासद, आजाद प्रधान, श्याम सुंदर, क्षेत्र के गणमान्य लोग सहित समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

### सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने व लोक सेवक के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले अभियुक्तो को गोला पुलिस ने किये गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिनांक 14.10.2025 को समय करीब 10.00 बजे किसान इण्टर कालेज अलीगंज कुशमौरी के पास लखीमपुर रोड पर बुलेरो व ई- रिक्शा में आमने सामने की टक्कर हो जाने की सूचना पर हेड कांस्टेबल संजय कुमार मिश्रा व आरक्षी उर्वेश सिंह द्वारा मौके पर जाकर घायलो को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेजने तथा क्षतिग्रस्त वाहनो को कब्जा पुलिस में लेकर खड़े करने की व्यवस्था करते समय अभियुक्तगण सौरभ शुक्ला उर्फ अचल शुक्ला पुत्र जितेन्द्र कुमार शुक्ला, अटल कुमार शुक्ला, अमल कुमार शुक्ला पुत्रगण जितेन्द्र कुमार शुक्ला निवासीगण ग्राम कुशमौरी थाना गोला खीरी, पंकज कुमार शर्मा पुत्र चन्द्रभाल शर्मा नि0 ग्राम कंचनपुर थाना गोला खीरी व करीब 25 से 30 अज्ञात लोगो द्वारा पुलिस कर्मियो पर हमलावर व गाली गलौच करते हुए विरोध करने पर अमादा फौजदार होकर मारपीट करने व पुलिस कार्य में बाधा उत्पन्न कर अलीगंज और लखीमपुर खीरी मार्ग को अवरूद्ध कर जाम कर देने के संबंध में। मु0अ0सं0 591/2025 धारा 221, 132,121 (1), 127(2), 352, 351(2) बीएनएस व धारा 7 आपराधिक कानून संसोधन अधिनियम पंजीकृत किया गया है। मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तगण सौरभ शुक्ला उर्फ अचल शुक्ला, अटल कुमार शुक्ला, अमल कुमार शुक्ला, पंकज कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। वही गिरफ्तार करने वाली टीम- उप निरिक्षक मो0 खालिद, राजन कुमार, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, व आरक्षी राजीव यादव, रूपेश गंगवार प्रमुख रूप से सामिल रहे।

### पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने का आरोप

**बलरामपुर** के उतरौला कोतवाली क्षेत्र प्यालाजोत निवासी रामप्रताप वर्मा ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर अपने परिवार के लिए न्याय और आरोपियों द्वारा बनाए जा रहे दबाओ से सुरक्षा की मांग की है । उन्होंने परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट भवन पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा है। रामप्रताप वर्मा के अनुसार 25 सितंबर 2025 को शाम लगभग 6ः00 बजे उनके पिता भगवती प्रसाद माता धनवती देवी और परिवार के अन्य सदस्यों पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया था इस मामले में भगवती प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए जिन का इलाज उतरौला में चला फिर बलरामपुर और बाद में हालत बिगड़ने पर लखनऊ रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है।

# तहसीलदार गोला भी नही हटवा पा रहे तालाब से दबंगो का अवैध कब्जा

● तहसील प्रशासन के संरक्षण से मिटाया गया तालाबो का वजूद

**सर्वोच्च न्यायालय के आदेशो की अवमानना पर मौन साधे एस.डी.एम. गोला**

**ए.डी.एम.खीरी भी अवैध कब्जा हटवा पाने मे नाकाम, ग्राम हरदुआ मे तालाबो को पाटकर बना ली गई**

**हवेली तो अंबडकर पार्क पर खडी गन्ने की फसल**

**जब मितौली तहसील मे तालाब के अवैध कब्जा धारको की फसल हो सकती है नीलाम तो गोला तहसील के हरदुआ गांव मे अंबेडकर पार्क, तालाबो और खलिहानो, रास्तो पर अवैध कब्जा धारको पर मेहरबानी क्यो? यक्ष प्रश्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की खुली अवमानना एसडीएम गोला मौन**

देश के सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि जल संरक्षण के लिए तालाबों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाया जाए यदि किसी तालाब पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया है तो उसका ध्वस्तीकरण कर तालाब को पुनः जीवित किया जाए इसके बावजूद तहसील गोला में तैनात तहसील के अधिकारी गणों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है तहसील गोला के विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत हरदुआ में सैकड़ो बीघा जमीन तालाब और अंबेडकर पार्क की जमीन पर दबंग कथित भू माफिया का अवैध कब्जा है जिस पर अवैध रूप से गन्ना की खड़ी फसल देखी जा सकती है ।वही तालाब की गाटा संख्या196 पर दबंग किस्म व्यक्ति मास्टर श्री राम की आलीशान हवेली खड़ी सुप्रीम कोर्ट और सुबे के मुखिया के आदेशों को खुली चुनौती पेश कर रहा है। ऐसा नहीं है कि इस अवैध कब्जा की जानकारी एसडीएम गोला और तहसीलदार गोला सहित कानूनगो, लेखपाल को नहीं है।मामला सभी के संज्ञान में है लेकिन राजनीतिक दबाव और लक्ष्मी जी के चढ़ावा के चलते सभी जिम्मेदार मुकदर्शक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। शायद उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना दिखाई नहीं पड़ रही है देखना अभी है एसडीएम गोला सहित तहसीलदार गोला की कुंभकर्णी नींद टूटती है या फिर योगी जी के आदेशों की धज्जिया उड़ती रहेगी।

**लखीमपुर खीरी** भले ही सुबे के मुखिया बड़े-बड़े दाबे और वादे भ्रष्टाचार को मिटाने के कर रहे हो पर जनपद खीरी के तहसील गोला के अफसर की अफसरशाही और नीति नीयत तथा मनमानी कार्यसैली के चलते सरकारी दावे और वादे हवा हवाई ही नजर आ रहे हैं और सरकार की मंशा तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अफसर की फाइलों में धूल फांकते नजर आ रहे हैं। अफसर की खाऊ कमाऊ नीति और चंद सफेदपोश नेताओं के दबाव के चलते तहसील गोला के विकासखंड बांकेगंज के कई गांव में तालाबों और अंबेडकर पार्क समिति अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा होने के मामले जन चर्चा का विषय बने हैं। आई इनमें से कुछ मामलों पर हम प्रकाश डालतेहैं। केस नंबर 1 ग्राम हरदुआ का है जहां पर कथित दबंग भूमिमाफिया द्वारा गाटा संख्या777/7.717हे. रकवा लगभग 19 एकड के तालाब पर अबैध कब्जा कर खेती की जा रही है और धान की फसल खडी देखी जा रही है।वही एक अन्य तालाब गाटा संख्या 196/0.134हे. रकबा पर आलीशान ईमारत खडी कर ली गई।इतना ही नही इसी गांव मे अंबेडकर पार्क के नाम आरक्षित जमीन पर भू माफियाओ की गन्ने की फसल लहलहा रही खडी देखी जा सकती है। फिर भी जिम्मेदार तहसील प्रशासन.कानो मे.तेल डाले बैठा अवैध कब्जा धारको के साथ गलबहियां करते देखा जा रहा है।गोला तहसील के हरदुआ मे सरकारी जमीनो और तालाबो समेत अंबेडकर पार्क पर अवैध कब्जा करके उस पर गन्ने की फसल बो रखी है। कानूनगो और लेखपाल साहब दबंग कथित भूमाफिया ओ की ताल पर थिरकते नजर आ रहे है। केस नं.02

ग्राम हरदुआ का ही मामला ही हैजहांपर तालाब की गाटा सं. 196/0.134 पर श्रीराम मास्टर ने पाटकर अवैध कब्जा कर लिया गया है।

केस नं.04 मामला ग्राम सभा रोशननगरका है जहांगांव केही एक दबंग व्यक्तिरियाजत अली ने प्रधान रहतेतालाब की गाटा सं.612 के आंशिक भाग को पाटकर अवैध कब्जा कर लिया।जब उपरोक्त का विरोध जागरूक लेखपाल ने किया तो उक्त दबंग कथित भूमाफिया ने लेखपाल से अभद्रता कर दी और राजनैतिक भौकाल दिखाते हुये आमादा फौजदारी हो गये।.मामले की लिखित रिपोर्ट तैयार करके तहसीलदार गोला समेत

उच्च अधिकारियों को सौंप दी। तहसीलदार तहसील गोला द्वारा उपरोक्त मामले में बेसिकली का आदेश पारित कर दिया आदेश पारित होने के कई महीने बाद भी आज तक तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका।अब इसे साहब लोगो की मिलीभगत समझा जाय या फिर राजनैतिक रसूख जो तहसीलदार का बेदखली आदेश फा ईलो मे कैद होकर धूल फांक रही है। अफसर से अच्छी शॉर्टकट के चलते दबंग कथित भू माफिया रियासत अली ने न केवल कब्जा बनाए रखा बल्कि तालाब के आशिक भाग को पाटकर पक्का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया शिकायत दर शिकायत होने के बावजूद भी निर्माण जारी रहा और अधिकारी शिकायतों की अंनसुनी करते रहे। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब रियाजत अली की पत्नी प्रधान बन गई और इसी अवैध कब्जा वाली भूमि पर बगैर किसी मान्यता के जमालुद्दीन इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल दिया गया ।उक्त विद्यालय के संबंध में ना तो कोई वैध स्वीकृति/ अनुमति ही ली गई है और ना ही कोई मान्यता ही ली गई है सूत्र बताते हैं की विद्यालय संचालक मनमानी फीस वसूलकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है शिकायत होने पर खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज ने मौके का मुआयना किया और बोर्ड लगा देखकर आक्रोश भी व्यक्त किया। लेकिन चंद गांधीछाप नोटों की चकाचौंध में बोर्ड हटा लेने की नसीहत दे डाली और परदे के पीछे से स्कूल चलाते रहने का मशविरा भी दे दिया। फिर क्या कहना इस अवैध गैर मान्यता प्राप्त स्कूल का संचालक आज भी अनवरत बिना किसी रोक-टोक के संचालित कर रहा है अपना विद्यालय सभी अधिकारियों की मामले की पूरी जानकारी होने के बाद भी आज तक किसी भी अफसर ने कोई कार्यवाही नहीं की की गई है। यही नहीं मामला आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं कार्यवाही के नाम पर कोरा आश्वासन लो और चलते बनो करके चलता कर दिया जाता है।

# धूमधाम से मनाई गई ए.पी.जे अब्दुल कलाम की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी,** दिनांक 15 अक्टूबर को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत रत्न मिसाइल मैंन , सर्वप्रिय पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती धूम धाम से मनाई गई द्य उपस्थित कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष/प्रशासन मोहन चंद्र उप्रेती ने अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न देश के सर्वप्रिय पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम साहब की जयंती के अवसर पर हम सभी लोग उनको नमन करते हैं द्य उनका जीवन राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका योगदान और युवाओं को और युवाओं को प्रेरित करने वाला कलाम साहब का व्यक्तित्व सदैव हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने एपीजे कलाम जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलाम साहब का असाधारण सफर रहा जो तमिलनाडु के रामेश्वरम एक साधारण परिवार में अखबार बेचने से शुरू से शुरू होकर देश के 11वें राष्ट्रपति बनने तक जाती है द्य वे एक महान वैज्ञानिक बने, जिन्हें मिसाइल मैंन के नाम से जाना जाता है, और जिन्होंने भारत के मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण योगदान दिया द्य अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों के अलावा, वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें जनता के राष्ट्रपति के रूप में याद किया जाता है, और जो बच्चों और



युवाओं को सपने देखने और इनोवेशन करने के लिए प्रेरित करते थे। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित राजेंद्र गुप्ता, अब्दुल रहीम रामपाल शाक्य, अब्दुल कयूम, चंद्र प्रभा अवस्थी, सत्ती सरन गौतम, गुलफाम, मालिखे, इकबाल अहमद खान, अकील खान, शुभम अवस्थी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# परमिशन न मिलने से नेताओं के चक्कर लगा रही मेला समिति

● मेला व्यापारी नई मेला समिति के गठन की कर रहे मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** श्री रामलीला मेला की परमिशन न मिलने से परेशान मेला समिति ने नेताओं की गणेश परिक्रमा करनी शुरू कर दी है मेला समिति पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री व क्षेत्रीय विधायक के दफ्तर के चक्कर काटने लगे हैं। मेला समिति के मिलने के फोटो सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर जमकर वायरल हो रहे हैं। बताया जाता है कि यह रामलीला मेला खैरीगढ़ स्टेट के राजघराने से ताल्लुक रखता है राजघराने ने मेला की शुरुआत करने पर तीन साल में रामलीला की समिति बदलने के नियम बनाए थे लेकिन यह समिति गुपचुप तरीके से रजिस्ट्रेशन करा कर 11 सालों से लगातार मेले पर कब्जा किए हुए हैं जिससे आम जनता में समिति का विरोध करने का सिलसिला भी जारी है लोग रामलीला मेला समिति का त्यागपत्र मांग रहे हैं और नई कमेटी के द्वारा रामलीला मेले का संचालन किया जाने की मांग कर है।

सिंगाही में 105 साल पहले खैरीगढ स्टेट की महारानी सूरथ कुमारी के द्वारा श्री रामलीला मेले की बुनियाद डाली गई थी राज घराने परिवार ने एक समिति को तीन साल तक मेला करने का दायित्व सौंपा था उसके बाद समिति को हटाकर नवीन मेला समिति को मेल करने का मौका देने का प्रावधान राज घराने के द्वारा बनाए गए नियम की धज्जियां उड़ाकर राज घराने के महारानी सूरत कुमारी धर्मशाला को मिला समिति के सुपुर्द कर दिया गया था जिसमें रामलीला मेले के सारे इंतजाम होते थे और उसे धर्मशाला से आने वाले किराए को मेले में खर्च के रूप में प्रयोग किया जाता था लेकिन श्री रामलीला समिति का दायित्व लगातार 11 साल से संभाल रही मेला कमेटी ने मेला में गोलमाल करना शुरू कर दिया जिससे कस्बे के दुकानदारों पर अधिक भार पड़ने लगा मेला श्री रामलीला समिति की नियत में खोट के आरोप लगने लगे और रामलीला समिति ने मेला करने के लिए 7 अक्टूबर को धर्मशाला में बैठक बुलाई जिसमें कस्बे के व्यापारी व आम जनता ने मेला कमेटी का विरोध किया और नई समिति को मेला करने का दायित्व सौंपने के लिए त्यागपत्र मांगा बैठक में तय हुआ कि मेला में खेल तमाशा झूला और बाजार आदि के ठेके की खुली बैठक में बोली लगाकर किए जाएंगे इसके लिए 12 अक्टूबर तिथि निर्धारित की गई लेकिन मेला समिति ने गुपचुप तरीके से अपने चेहरे को पहले से ही ठेका दे दिया और मेले के धर्मशाला में ताला लगाकर नौ दो ग्यारह हो गई कस्बे के व्यापार मंडल आम जनता ने अधिशासी अधिकारी सिंगाही एसडीएम निघासन राजीव निगम मेला कमेटी को परमिशन पर रोक लगाने की मांग कर नई मेला समिति को मेले का दायित्व सौपने की मांग की जिससे तिल मिलाए रामलीला मेला समिति ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी व क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा से मिलकर मेले की परमिशन दिलाने की सिफारिश करने के लिए गिड़गिड़ाना शुरू कर दिया है निघासन एसडीएम राजीव निगम ने जल्द ही नगर पंचायत में व्यापारियों और सभासद व नगर वासी मेला समिति की बैठक बुलाई है।द्य



### संदिग्ध परिस्थितयों में नालें में डूबा मिला युवक शव



**लखीमपुर खीरी** जिले के नीमगांव थाना क्षेत्र में गुलौला नीमगांव मार्ग पर सुनौरा मोड के निकट एक युवक का शव बाइक के साथ खाई में मिला है। युवक की पहचान रामपुर गांव निवासी संजय उर्फ शिवपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार मौर्य ने बताया कि संजय उर्फ शिवपाल अपनी ससुराल रेवाना, थाना मितौली जा रहा था। रास्ते में ग्राम सुनौरा के पास उसकी बाइक फिसल गई और वह बाइक समेत नाले में गिर गया, जिससे डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता राजकुमार ने 15 अक्टूबर 2025 को नीमगांव थाने में घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आदित्य कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर जिला पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिए हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है और मामले की सरपरस्ती से जांच की जा रही,घटना की सूचना मिलने के बाद से मृतक के परिजनों में मातम का माहौल है,हालांकि खबर लिखें जानें तक मृतक के शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका।

### महिला कबड्डी के फाइनल मुकाबले में यूपी एस दरेरी रही विजयी

● आगामी वर्ष में खेल को जिला स्तरीय से राज्य स्तरीय कराया जाएगा। श्याम मोहन दीक्षित।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** नवयुवक समाज सेवा समिति एवं वामन द्वादशी मेला समिति के द्वारा चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन महिला कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन चार टीमों द्वारा खेले गए तीन-तीन मैच में फाइनल यूपी एस दरेरी व निघासन उच्च प्राथमिक विद्यालय के मध्य हुआ जो बहुत ही रोमांचक से भरपूर रहा जिसमें यूपी.एस दरेरी की टीम विजयी रही।खेल का रोमांच प्रथम बार खेल रही स्टार क्लब सिंगहा की तरफ से देखने को मिला जिसने अपने खेल से ग्राम वासियों को रोमांचित कर दिया और गांव की महिलाओं को प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी करने को लेकर जागरूक किया।

हर साल की तरह इस वर्ष भी नवयुवक समाज सेवा समिति एवं वामन द्वादशी मेला समिति ने ब्लाक निघासन के गांव सिंगहा खुर्द चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन के अंतिम दिन बुधवार को चार टीमें निघासन उ.प्रा.वि., स्टार क्लब सिंगहा, यू.पी.एस.दरेरी, शोभा रानी निघासन और निघासन उ.प्रा.वि. के मध्य तीन-तीन मैच हुए जिसमे यू.पी.एस दरेरी व निघासन उ. प्रा.वि. सर्वाधिक अंको के साथ फाइनल में पहुंची जहां दोनों के बीच बहुत रोमांचक मुकालबा देखने को मिला और अंततः निघासन उ.प्रा.वि की टीम द्वितीय रही व प्रथम यूपी.एस दरेरी रही। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कबड्डी टूर्नामेंट के कार्यवाहक अध्यक्ष/प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में सभी खेल खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ खेले और इस वर्ष तो महिला कबड्डी,पुरुष कबड्डी और दौड का आयोजन केवल जिला स्तरीय था, लेकिन आगामी वर्ष में ग्राम पंचायत के सहयोग से खेल को राज्य स्तरीय कराया जाएगा और बावन द्वादशी मेले का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति संरक्षक राम कैलाश सोनी, यशोदानंदन मिश्र, संकटा प्रसाद मिश्र,राधेश्याम तिवारी, विजय गुप्ता, मेलाराम तिवारी, राज कुमार गुप्ता,सहित समिति के सदस्य व पदाधिकारी गणों के साथ हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# फर्श से अर्श पर पहुंचे प्रधान खमरिया की जांच कराए जाने की मांग

● यदि कराई जाए ग्राम प्रधान खमरिया की आय से अधिक संपत्ति की जांच तो होगा बड़े घोटाले का पर्दाफाश

**कागजों पर विकास की गंगा बहा लाखों रुपए डकारे जाने के ग्राम प्रधान पर लग रहे आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** भले ही सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हो और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति लागू कर रहे हो पर जनपद खीरी के विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया के ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव समेत पंचायत सहायक व रोजगार सेवक की मिली भगत से जमकर फर्जीवाडा और भ्रष्टाचार कर खुद की तिजोरी भर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। सूत्रों के मुताबिक हकीकत की जमीन पर गांव के हालात बद से बदतर दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसे आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो गांव में एक भी नाली खडंजा व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य नहीं कराया गया एक दो जो हुए भी हैं उनमें जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाकर मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। लोगों की जुबानी सत्य माने तो जो विकास कार्य पूर्व प्रधानों द्वारा कराए गए थे वही धरातल पर दिखाई पड़ रहे हैं शेष कोई नवीन कार्य कहीं दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।

**स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण में धांधली के आरोप-** ग्राम पंचायत खमरिया में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनवाए गए शौचालय में भारी भ्रष्टाचार किए जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दर्जनो शौचालय का निर्माण कराए बगैर ही सरकारी धन का बंदर बाट कर लिया गया कई पुराने शौचालय की मरम्मत कराकर नवीन शौचालय का पैसा निकल जाने के भी आरोप लगाए गए हैं ।

**गांव में साफ सफाई और दवा छिड़काव के नाम पर भ्रष्टाचार-** ग्राम पंचायत खमरिया के स्थानीय गांव खमरिया में साफ सफाई और एंटी लारवा दवा छिड़काव के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर लाखों का बजट डकारे जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा मिली है जबकि लोगों का कहना है ना तो यहां पर कोई साफ सफाई कराई गई है और ना ही कभी गांव में दवा का छिड़काव ही कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान पति ने कई दलाल और वसूली एजेंट बना रखे हैं जो शौचालय आवास के नाम पर अवैध वसूली करते हैं स्ट्रीट लाइट, शोकपिट, नल मरम्मत और रिबोर कागजो पर दिखाकर लाखों का गोलमाल किए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं।सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदक कमल मिश्रा द्वारा मनरेगा योजना सहित अन्य मामले की जानकारी चाहि गई है सूचना मिलने के बाद ग्राम पंचायत खमरिया में एक बड़े भ्रष्टाचार के खुले खुलासा होना तय बताया जा रहा है। यदि ग्राम पंचायत खमरिया में कराए गए विकास कार्यों की कराई जाए जांच टीम गठित कर स्थलीय निष्पक्ष जांच तो कई जिम्मेदारों की गर्दन फसना तय होगा।

**सूचना का अधिकार अधिनियम से मांगी गई सूचनाए मिलने के बाद होगा एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा-** विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया में कराए गए वर्ष 2020द्व 2021 से 2024 द्व25 तक के विकास कार्यो से संबंधित जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम के तहत चाही गई है।सूचना आवेदक कमल मिश्रा पुत्र स्व.श्रीराम मिश्रा संपादक तराई विचार समाचार पत्र ने कुल पांच बिन्दुओ पर आधारित सूचनाये चाही है।कमल मिश्रा के बताये अनुसार आवेदन मे ग्राम पंचायत खमरिया मे वित्तीय वर्ष 2021 से माह सितम्बर 2025 तक कराये विकास कार्यो की जानकारी चाही है विंदु सं.02 मेलगवायी गयी स्ट्रीट लाइटो,शोक पिट निंमाण कार्य,नल मरम्मत एवं नल रिबोर पर व्यय धनराशि वित्तीय वर्ष 2021 से 2025 तक का विवरण मांगाहै।साफ सफाई और दवा छिडकाव.के नाम निकाली गयी धनराशि का विवरण एवं बिल बाउचर की सत्यापित छाया प्रतियां चाही गयी हैं। शौचालय और आवास लाभार्थियों की सूची चाही है।वांछित सूचनाये मिलने के बाद एक बडे भ्रष्टाचार का खुलासा होना होगा तय।और कई जिम्मदार लोगो पर कार्रवाई की आंच आना तय होगा।



# प्रधान भाभी के फर्जी हस्ताक्षर बना प्रधानी चला रहे देवर पर कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** जनपद खीरी की बहुचर्चित ग्राम पंचायत खमरिया का एक बहुचर्चित फर्जीबाडे का मामला जनचर्चा का विषय बना है। सूत्र बताते हैंकि ग्राम पंचायत खमरिया के घोटालेबाज और फर्जीबाडा के मास्टरमाइन्ड ग्राम प्रधान पूनम देवी व उनके कथित देवर पंकज द्वारा विपक्षी से भारी भरकम रिश्वत रासि लेकर विगत 30 वर्षो से मैगलगंज में रह रहे व्यक्ति मृतक राहुल वाजपेई पुत्र लक्ष्मीधर बाजपेई का निवास प्रमाण पत्र खमरिया का जारी कर दिया गया। जबकि राहुल वाजपेई के आधार कार्ड पर उनका पता ग्राम व पोस्ट मैगलगंज जिला खीरी राशन कार्ड, उप जिला अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र बैंक पासबुक स्कूल टीसी सहित तमाम अन्य अभिलेखीय त दस्तावेजों पर पता मैगलगंज का दर्ज कागजात है यह सब जानते हुए भी ग्राम प्रधान द्वारा नियम कानून को ताक पर रखते हुए धनबल की दम पर फर्जी निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिया। सूत्र बताते हैं कि कागजों पर असली ग्राम प्रधान भले ही पूनम देवी हो पर प्रधानी उनके देवर द्वारा चलाए जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा मिली है सूत्र बताते हैं की असली ग्राम प्रधान पूनम देवी चूल्हा चौका में व्यस्त रहती हैं कभी बाहर नहीं जाती हैं प्रधानी का सारा काम उनके देवर पंकज करते हैं। असली प्रधान के नकली दस्तखत बनाकर किया जा रहा फर्जीवाडा । जिसका जीता जागता सबूत दिखाते हुए शिकायतकर्ता नित्यानंद वाजपेई ने मीडिया को बताया की ग्राम प्रधान खमरिया विकासखंड पसगवां तहसील मितौली द्वारा उनके मृतक भाई राहुल वाजपेई का फर्जी तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी करके भ्रष्टाचार किया गया है और इसके बदले में भारी भरकम रिश्वत राशि रानी शुक्ला से वसूल किए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बात बना है। मामले की लिखित शिकाभययत नित्यानंद वाजपेई ने जिला अधिकारी से लेकर सीएम तक कर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षरों का मिलान निवास प्रमाण पत्र पर बनाए गए हस्ताक्षरों से कराए जाने की मांग की है। प्रधान कहने को प्रधान है पर सारे काम उनके देवर द्वारा किए जाते हैं सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत खमरिया में कई और भी प्रधान हैं जो प्रधानी चला रहे हैं। पूनम देवी मात्र प्रमाण पत्र में प्रधान है बाकी सारे कार्य उनके द्वारा पोषित कई दलालों द्वारा किए जाने का मामला भी चर्चा का विषय बना है। बनाए गए फर्जी निवास प्रमाण पत्र से आहत शिकायतकर्ता ने प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज उप जिला अधिकारी मितौली सहित जिला अधिकारी खीरी व पुलिस अधीक्षक खीरी को लिखित शिकायत देकर मामले के निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए जांच में दोषी पाई जाने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की है।




**डीएम खीरी ने एसपी खीरी को दिया कार्रवाई का आदेश**

अपनी गर्दन फंसते देख मामले की लीपापोती में लगे ग्राम प्रधान व उनके चहेते कथित दलाल

विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया में ग्राम प्रधान पति ने विपक्षी गणो से मिली भगत करके भारी भरकम घूष लेकर फर्जी निवास जारी कर दिए जाने का मामला अखबारी सुर्खियां बना है। मामले की शिकायत जिला अधिकारी खीरी से कर शिकायतकर्ता ने दोषी ग्राम प्रधान, प्रधान पति व मुख्य आरोपी रानी शुक्ला पुत्री राजेश शुक्ला तथा दीपू शुक्ला के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग कीहै। शिकायत का संज्ञान ग्रहण करते हुए जिला अधिकारी खीरी ने पुलिस अधीक्षक खीरी को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है वहीं क्षेत्रीय लेखपाल मैगलगंज ने आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत की जांच के लिए आवेदन क्षेत्रीय लेखपाल खमरिया सुनील कुमार को हस्तांतरित कर दिए जाने की भी जानकारी दी है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो एक बड़े फर्जीवाडे का खुलासा होना तय है और कई लोगों पर जांच की आंच आना भी तय होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलास्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 500 बच्चों ने किया प्रतिभाग



**सुरियावां।** अभोली ब्लॉक के कुशौली गांव में स्थित शांति शिक्षा सदन कॉलेज में बुधवार को एपीजे डॉ अब्दुल कलाम की जयंती पर जिलास्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के करीब 500 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। दोपहर एक बजे प्रतियोगिता शुरू हुई और दोपहर तीन बजे समापन किया गया। प्रतियोगिता का परिणाम कुछ दिनों बाद घोषित किया जाएगा और मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करके सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार भट्ट ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र छात्राओं को जनरल नॉलेज और मौजूद विषयों पर जानकारी मिलती है। एपीजे डॉक्टर अब्दुल कलाम और देश के मौजूदा परिस्थितियों पर आधारित सवाल पूछे गए। ऐसे आयोजन से प्रतियोगी छात्रों को आगे की तैयारी में काफ़ी मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का ये काफ़ी बढ़िया अवसर है। इस मौके पर अभिषेक कुमार पांडेय,नीरज शर्मा, डी.के शुक्ला, विवेकानंद बिंद, शिवम पांडेय, अरुण यादव, धर्मेंद्र कुमार, सूरज यादव, कौशल राय, अंजू राय, संतोष बिंद, बबलू आदि मौजूद रहे।

### एम.एल.सी. चुनाव 2026 की तैयारी तेज- अवधेश कुमार पाठक बने कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर

पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देंगे- वसीम अंसारी



**भदोही।** आगामी शिक्षक/स्नातक एम.एल.सी. चुनाव 2026 को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के महासचिव एवं कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता श्री अवधेश कुमार पाठक को जिला कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष श्री वसीम अंसारी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी स्नातक चुनाव को पूरी मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने कहा, "इस चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी जा रही है। संगठन एकजुट होकर कांग्रेस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। श्री अवधेश पाठक जी की नियुक्ति से निश्चित रूप से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।" इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार दुबे राजन, सुरेश चंद्र मिश्रा, दीनानाथ दुबे, राजेश दूबे, राजेश्वर दुबे, मुशीर इकबाल, मसूद आलम, आशुतोष पांडेय, सुबुक तगीन अंसारी, संतोष सिंह बघेल, शमशीर अहमद, त्रिलोकी नाथ बिंद, सुरेश गौतम, मृत्युंजय पांडेय, नाजिम अली, शिव पूजन मिश्रा, सुरेश चौहान, रमाशंकर बिंद, संदीप दूबे, महेश चंद्र मिश्रा, लक्ष्मी शंकर चौबे, सत्येंद्र दूबे मन्ना, राजाराम दूबे, रियाज अली, सरफराज अहमद, करन मौर्य, सुमित शुक्ला चिंटू, सचिन मिश्रा, राकेश पाल, विमलेश पाल, दुर्गेश तिवारी, धीरज पाल, परवेज हाशमी, अनीश शेख, शारदा सरोज, राजेश पाल, संतोष पाल और नितिन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने श्री पाठक को नई जिम्मेदारी की हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### बलरामपुर में धान के खेत में मिला बुजुर्ग का शव



**बलरामपुर** में दोपहर एक बुजुर्ग का शव के खेत में पड़ा मिला घटना की सूचना पर पुलिस टीम ने जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मोहम्मद के रूप में हुई है मामला श्री दत्तगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा याकूब के मजरा गांव का है। जानकारी मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पहुंचकर साक्षय इकट्ठा किए हैं। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ग्रामीणों के अनुसार मोहम्मद गांव में अकेले रहते थे उनके चार बेटे बबलू, गुड्डू ,अरमान और सलमान सभी विवाहित है जो लखनऊ में रहते हैं महमूद की पत्नी के साथ लखनऊ में ही रहती है।

## दीपावली पर उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया

● जनपद भदोही के 207688 परिवारों को मुख्यमंत्री ने दिया दीपावली का उपहार

मातृशक्ति का सम्मान %उज्ज्वला% से प्रकाशमान

दीपावली के अवसर पर जो भी खरीदें, वह स्वदेशी खरीदें- मुख्यमंत्री

हमारा कारीगर, हस्तशिल्पी, स्थानीय उद्यम जो कुछ भी बनाया होगा उसको ही खरीदकर अपने घर में लेकर जाएं- मा.योगी आदित्यनाथ

दीपावली पर हमारे कुम्हारों द्वारा बनाया गया दीया जलाएं। हमारे कारीगरों द्वारा बनाई गई लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्ति का पूजन करें- सीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही/** मातृशक्ति का सम्मान 'उज्ज्वला' से प्रकाशमान आधारित दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मा.योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, मा.सांसद डॉ विनोद कुमार बिंद के प्रतिनिधि संजय बिंद, जिलाधिकारी शैलेष कुमार व अन्य की उपस्थिति में किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2021 में हमारी सरकार ने तय किया था कि वर्ष में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है तो लोकमंगल की कामना के साथ सबके हित के बारे में सोचती है। आज प्रदेश सरकार अंत्योदय लक्ष्य के साथ बिना भेदभाव हर पात्र नागरिक को लोक-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। प्रदेश में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के अंतर्गत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर के निःशुल्क कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, लाभार्थियों को वर्ष में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मै प्रदेशवासियों से कहूंगा...दीपावली आ रही है, इस अवसर पर जो भी खरीदें, वह स्वदेशी खरीदें। हमारा कारीगर, हमारा हस्तशिल्पी, हमारा स्थानीय उद्यम जो कुछ भी बनाया होगा उसको खरीद कर के अपने घर में ले जाइए। दीपावली पर हमारे कुम्हारों द्वारा बनाया गया दीया जलाएं। हमारे कारीगरों द्वारा बनाई गई लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्ति का पूजन करें।

उज्ज्वला लाभार्थियों को सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी प्रतीकात्मक चेक वितरण कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट सभागार उपर्युक्त जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा उज्ज्वला के नोडल अधिकारी,सेल्स आफिसर एवं गैस एजेंसी मालिकों तथा 150 उज्ज्वला गैस लाभार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया एवं मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया।तत्पश्चात् 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरण किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का शुभारम्भ 01 मई, 2016 को, उ0प्र0 से की गयी थी। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, सांसद डॉ विनोद कुमार बिंद के प्रतिनिधि संजय बिंद ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री अंत्योदय वर्ग को भी विकास की मुख्य धारा के साथ लेकर चलते हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार हमेशा गरीबों के साथ खड़ी है।

दीपावली त्यौहार पर माननीय मुख्यमंत्री ने जनपद के 207688 परिवारों को अनुदान उनके खाते में भेज कर दीपावली उपहार दिया है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि जनपद भदोही में 42 गैस एजेंसियों के द्वारा 207688 परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन निर्गत किये गये है। सामान्य गैस रिफिल की कीमत लगभग 916 रू0 होती है, जिसमें सामान्य गैस कनेक्शन धारक को 59 रू0 की सब्सिडी दी जाती है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रथम 09 गैस रिफिल पर केन्द्र सरकार द्वारा रू-359 की सब्सिडी दी जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष दीपावली व होली पर 01-01 गैस रिफिल की रू-557 की सब्सिडी देकर निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जाता है। जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की गैस रिफिल की कीमत 916 रू0 है। जिसमें भारत सरकार सब्सिडी 359 रू0 तथा उ0प्र0 सरकार सब्सिडी (दीपावली एवं होली पर) 557 रू. दी जाती है। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी डॉ.पंकज कुमार, समस्त सप्लाई इंस्पेक्टर, गैस वितरक एजेंसी प्रतिनिधि, लाभार्थी , जनपद वासी उपस्थित रहे।

## न्याय पंचायत घोसिया माधोसिंह में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** न्याय पंचायत माधोसिंह के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय घोसिया में वर्ष 2025-26 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभासद श्री जमाल अहमद द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नोडल संकुल प्रभारी श्री गोपाल सेठ, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक श्री सभाजीत सिंह, व्यायाम शिक्षक श्री पंचम राम, खेल अनुदेशक श्रीमती रीमा यादव, राजेश, सनील कुमार मौर्य, अश्वनी कुमार जायसवाल, प्रधानाध्यापक श्री जावेद अहमद, इकरामुल हक, स0अ0 श्रीमती गीता रानी, रंजना पाण्डेय, आदित्य कुशवाहा, वंदना बरनवाल, शिक्षामित्र श्रीमती शिल्पी सिन्हा, स0अ0 श्री नरेंद्र कुमार सिंह, सहन लालू, परिचारक श्री शशिकांत पाण्डेय सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पंचायत घोसिया के सभासद श्री मेराज अली (वार्ड संख्या 12) तथा सभासद श्री अरशद ने भी सहभागिता की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को आगे भी इसी जोश के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने दौड़, कबड्डी, लंबी कूद, रस्साकशी सहित विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना को सशक्त बनाना रहा। अंत में मुख्य अतिथि सभासद श्री जमाल अहमद ने विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि- "खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि जीवन में सफलता के लिए आत्मविश्वास और अनुशासन भी प्रदान करते हैं।

## जनपद के विभिन्न थानों पर आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक

● बैठक में आगामी धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाने पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** पुलिस अधिकारियों ने समुदाय के नेताओं और नागरिकों तथा खासकर धनतेरस के उपलक्ष में सर्राफा व्यापारियों से मिलकर त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए किया गया आग्रह अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में शुभम अग्रवाल,पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में आज दिनांक 15.10.2025 को पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई, जिसमें आगामी धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाने पर जोर दिया गया। इन बैठकों में पुलिस अधिकारियों ने समुदाय के नेताओं और नागरिकों तथा खासकर धनतेरस के उपलक्ष में सर्राफा व्यापारियों से मिलकर त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। भदोही पुलिस द्वारा सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील कर नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर नजर रखें और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में लोगों को अफवाहों से सावधान रहने और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी ना करने की सलाह दी गई। पुलिस ने त्योहारों के दौरान आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए समुदाय के सदस्यों से सहयोग की मांग की गई। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 या स्थानीय पुलिस थाने को तुरंत सूचित करने के लिए निवेदन किया गया।

## क्षेत्राधिकारी भदोही द्वारा सुरियावा नगर में व्यापारी एवं ज्वेलरी दुकानदारों के संघ की बैठक



**भदोही/सुरियावा** 15 सितंबर 2025 बुधवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी भदोही अशोक कुमार मिश्रा द्वारा कोतवाली सुरियावा के प्रांगण में आगामी धनतेरस व दीपावली भैया दूज पर्व को देखते हुए व्यापारी व ज्वेलरी के दुकानदारों के संघ बैठक कर सुरक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा किया है तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा समस्याओं के बारे में जानकारी मांगी उन्होंने बताया कि अगर किसी भी तरह की कोई समस्या आती है तो तत्काल थाने पर सूचित करें भदोही पुलिस आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है इस मौके पर सुरियावा थाना अध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव सब इंस्पेक्टर कमलेश कुमार एवं सुरियावा नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं व्यापारी व ज्वेलर्स उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत "सशक्त पंचायत नेत्री अभियान" का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

● पंचायतों के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत ÷सशक्त पंचायत नेत्री अभियान÷ के अंतर्गत चयनित महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण (13 से 15 अक्टूबर) का आज भव्य समापन हुआ। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी), विकास भवन परिसर भदोही में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उप निदेशक (पंचायत) विंध्याचल मण्डल मिर्जापुर एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिला पंचायत राज अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने महिला ग्राम प्रधान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य पंचायतों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सीखी गई विधियों को ग्राम स्तर पर लागू करते हुए महिलाएं अपने गांवों के आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। मिश्रा ने यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि ग्राम प्रधान महिलाएं अपने क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी शिक्षित, स्वावलंबी और सशक्त बनाने में सहयोग देंगी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक श्रीमती कामना कुमारी और दशरथ पाल ने प्रतिभागियों को जेंडर, लिंग और पितृसत्ता की वैचारिक समझ, 73वां संविधान संशोधन, सुशासन एवं महिला नेतृत्व, संचार कला, नेतृत्व क्षमता, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, घरेलू हिंसा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। महिला ग्राम प्रधानों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम पहले होने चाहिए थे, जिससे पंचायत के विकास कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। अंत में प्रमाणपत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विपिन कुमार गुप्ता, मंडलीय समन्वयक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्किल औराई अंतर्गत थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों का किया गया अवलोकन

● अपराध सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का पीड़ितों से लिया गया फीडबैक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**भदोही।** अच्छे कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया उनका उत्साहवर्धन शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को पुलिस ऑफिस सरपतहां, अपने कार्यालय में औराई सर्किल अंतर्गत थाना औराई, चौरी एवं महिला थाना के अपराध रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर एवं जनसुनवाई समाधान रजिस्टर का अवलोकन करते हुए दर्ज शिकायतों का पीड़ितों से फीडबैक लिया गया। विभिन्न रजिस्टरों के रख-रखाव एवं उनका अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। अपराध सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न रजिस्टरों के अवलोकन के उपरांत अच्छा कार्य करने पर उर्दू अनुवादक- महताब अहमद थाना चौरी, कां0 कैलाश सिंह चौहान थाना चौरी, म0कां0 रूही थाना चौरी एवं म0कां0 गुंजना थाना औराई को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत जनपद भदोही पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** दिनांक 15.10. 2025 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो/ महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निम्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए– **थाना सुरियावां**- प्राथमिक विद्यालय ग्राम कनकपुर,में छात्राओं को सभी हेल्पलाइन नंबर 1090/112/181/102/108 तथा साइबर संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना जानकारी दी गयी।

**थाना कोइरौना**- ग्राम मठहा एवं मनोहरपुर में चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को एंटी रोमियो टीम द्वारा उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराध तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारें में जागरुक किया गया ।

**थाना ऊंज**- ग्राम बरईपुर में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया।

**थाना ज्ञानपुर/महिला थाना**- स्कूली छात्राओं व ग्रामीण की महिलाओं भ्रमण के दौरान महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरुक किया गया।

**थाना दुर्गागंज**- ग्राम गोपीपुर में में महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के उपाय बताए गए। थाना गोपीगंज/औराई- क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

अभियान के दौरान महिला मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सशक्तिकरण से संबंधित निम्न प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी दी– मिशन शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन

**साथ ही निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई—**

112 - पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 - माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 - वीमेन पावर लाइन, 102 - स्वास्थ्य सेवा, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 - महिला हेल्पलाइन

टीमों ने मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड एवं पुलिस अधीक्षक व थाना सीयूजी नंबर की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मरक्षा व जागरूकता के प्रति प्रेरित किया। जनपद भदोही पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जन-जागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर डी श्रेणी, कर-करेत्तर, लम्बित रिट याचिकाओं, राजस्व कार्यो एवं राजस्व न्यायालयों से सम्बन्धित डीएम ने की समीक्षा बैठक

● धारा-34, व 116 वाद का अभियान चलाकर रेगुलर व साप्ताहिक समीक्षा करने का डीएम ने दिया निर्देश

मानक योग्यता वाले फार्मासिस्ट ही मेडिकल स्टोरों को करें संचालन-? जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, लंबित वादों एवं आईजीआरएस निस्तारण की समीक्षा की

लंबित वादों, कर-करेत्तर वसूली और आईजीआरएस निस्तारण पर जिलाधिकारी की कड़ी समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही :-** कर-करेत्तर, लम्बित रिट याचिकाओं, भू पुनर्ग्रहण/भू अधिग्रहण, राजस्व कार्यो एवं राजस्व न्यायालयों से सम्बन्धित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर डी श्रेणी की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शैलेष कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ किया गया। जिलाधिकारी ने धारा-34, व 116 वाद का अभियान चलाकर रेगुलर व साप्ताहिक समीक्षा करने का निर्देश दिया। डीएम ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया के एसडीएम व तहसीलदार के साथ जांच टीम बनाकर मेडिकल स्टोरों पर मानक योग्यता वाले फार्मासिस्ट ही मेडिकल स्टोर को संचालित करें, को सुनिश्चित किया जाए। अवैध व्यक्तियों द्वारा दवा विक्रय करते पाए जाने पर कठोर व विधिक कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाओं का विक्रय ना हो।

जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिया कि अमीनवाईज वसूली की समीक्षा करें। साथ ही पेट्रोल पम्पों के सत्यापन के लिए बाटमाप अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि टीम गठित कर, अभियान चलाकर कम से कम रैडम 10 प्रतिशत पेट्रोल पम्पों की जॉच करें। जिलाधिकारी ने सभी एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार को 05 साल से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित करनें का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेट न्यायालयों के उपस्थित पेशकारों को ब्रीफ किया कि वादों का एजेंडा, रिपोर्टिंग, टिप्पणी सही ढंग से सुस्पष्ट व तार्किक करें। डीएम ने समस्त एसडीएम व तहसीलदार को कड़े निर्देश दिया कि आरसी की वसूली प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित कराये। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि कुम्हारी कला, मत्स्य आवंटन हेतु पात्र लाभार्थियों का चयन करें, अपात्रों को किसी भी दशा में लाभ न दिया जाये। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा में असंतुष्ट फीडबैक शिकायतकर्ता से सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए लग कर निस्तारित कराते हुऐ रैंक सुधार पर जोर दिया।

हैसियत नामा में लम्बित आवेदनों को प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत डिल्फाटर श्रेणी में न हो, समय रहते शिकायत का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें , नही तो कठोर कार्यवाही होगी।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अधिकारी राजस्व वसूली में हिला-हवाली करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वसूली समीक्षा के दौरान परिवहन व मण्डी वसूली कार्य कम होने पर सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी, और वसूली कार्य शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, राजस्व, अधिशासी अधिकारी, खनन आदि विभागों को अभियान चलाकर लक्षित राजस्व वसूली किये जाने पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अशं निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यो पर अब तक किये गये कार्यो की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, न्यायिक विजय नारायण सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी प्रशासन/न्यायिक, समस्त तहसीलदार, आदि सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## दुर्गा मंदिर में मुस्लिम परिवार ने अपनाया हिंदू धर्म, बदले सबके नाम



**ब्यूरो प्रयागराज।** कौशांबी जिले में एक मुस्लिम परिवार ने हिन्दू धर्म अपना लिया है। चायल तहसील क्षेत्र के इस परिवार ने दुर्गा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं रीति रिवाज के अनुसार घर वापसी की। यह घटना चायल तहसील के पुरखास गांव में हुई, जहां परिवार ने दुर्गा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन के साथ हिंदू धर्म स्वीकार किया। धर्म-परिवर्तन की यह प्रक्रिया हिन्दू रक्षा संगठन के सदस्यों की उपस्थिति में हुई। इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान और दीक्षा संस्कार आयोजित किए गए। परिवार के मुखिया मेहंदी अली ने अपना नाम बदलकर अनुज प्रताप सिंह रख लिया है और उनकी पत्नी सानिया अब सौम्या कहलाएगी। उनकी तीन साल की एक बेटी उर्वा का नाम उर्विजा रखा गया है। उत्तर प्रदेश धर्मांतरण कानून के अनुसार, नाबालिग का धर्मांतरण कानूनी रूप से मान्य नहीं होता है। इसीलिए तीन साल की बच्ची का धर्मांतरण केवल प्रतीकस्वरूप माना जाएगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मेहंदी अली पहले हिंदू थे, जिन्होंने कुछ समय पहले ही मुस्लिम रीति-रिवाज अपना लिया था। अब अपनी गलतियों का एहसास कर उन्होंने सनातन धर्म में आस्था जताते हुए वापसी करने की ठान ली थी। परिवार वालों ने वैदिक परम्परा के साथ सनातन धर्म स्वीकार करने की घोषणा भी कर दी। इस कार्यक्रम के दौरान हिन्दू रक्षा संगठन के पदाधिकारियों सहित अन्य हिन्दू संगठनों के लोग मौजूद रहे।

## हाईटेंशन तार की चपेट में शिक्षक की मौत



**बलिया-** नरहीं थाना क्षेत्र के भरौली में मंगलवार को एक शिक्षक की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मृतक की पहचान बिहार के बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के महरौली निवासी मनीष कुमार सिंह के रूप में हुई है। मनीष भरौली स्थित एक निजी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार सिंह प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी विद्यालय पहुंचे थे। दोपहर करीब 3 बजे छुट्टी के बाद जब वे घर जाने के लिए विद्यालय से बाहर निकले, तभी सामने से गुजर रहा हाईटेंशन तार अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया। तार की चपेट में आते ही मनीष कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। मनीष कुमार सिंह के परिवार में उनकी 10 साल की बेटी और 6 साल का बेटा है। अगले महीने उनके भतीजे की शादी होने वाली थी। इस दुखद घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## अमेठी में विवाद के बाद मारपीट में युवक की मौत, एक अन्य जख्मी

अमेठी जिले के संग्रामपुर क्षेत्र में विवाद के बाद हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भौसिंहपुर गांव में राहुल (25) नामक युवक मंगलवार देर शाम अमेठी -कालिकन खुर्दिया मोड़ पर अनाज भुनाने गया था। इसी दौरान उसकी दुकानदार अशोक कुमार कश्यप से किसी बात को लेकर बहस हो गई। सूत्रों ने बताया कि देखते ही देखते मामला बढ़ गया और इसी बीच अशोक ने धारदार बेलचे (लोहे की मोटी छड़ जिसमें एक सिरा धारदार होता है) से राहुल और उसके साथी चंदन पर प्रहार कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई वहीं चंदन घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# गोविंद पानसरे हत्याकांड- बॉम्बे हाईकोर्ट ने तीनों मुख्य आरोपियों को दी जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सामाजिक कार्यकर्ता और कम्युनिस्ट नेता गोविंद पानसरे की 2015 में की गई हत्या के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की कोल्हापुर बेंच ने मंगलवार को तीनों प्रमुख आरोपियों को जमानत दे दी। जमानत पाने वालों में मुख्य आरोपी वीरेंद्रसिंह तावड़े, शरद कालस्कर और अमोल काले शामिल हैं। तावड़े और काले तो जेल से बाहर आ जाएँगे, लेकिन 2013 में एक्टिविस्ट नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए कालस्कर अभी भी सलाखों के पीछे ही रहेंगे। कालस्कर की दोषसिद्धि के विरुद्ध अपील उच्च न्यायालय में लंबित है।

बहरहाल, एकल पीठ के जस्टिस शिवकुमार डिगे ने मौखिक रूप से यह फ़ैसला सुनाया, हालाँकि विस्तृत आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध किया। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि दाभोलकर, पानसरे, एमएम कलबुर्गी (2015) और पत्रकार गौरी लंकेश (2017) की मौतें आपस में जुड़ी हुई थीं और नालासोपारा हथियार बरामदगी मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या का सिलसिला रुका।

गोविंद पानसरे एक प्रमुख तर्कवादी लेखक और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ नेता रहे थे। उनकी हत्या 16 फरवरी 2015 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में सुबह की सैर के दौरान हुई थी। दो बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उन पर और उनकी पत्नी उमा पानसरे पर गोलीबारी की थी। उमा घायल होने के बावजूद बच गई, लेकिन गोविंद पानसरे ने चार दिनों बाद 20 फरवरी को मुंबई के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। अभियोजन के अनुसार वीरेंद्रसिंह तावड़े इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता है, जिसने पानसरे को 'खत्म' करने की साज़िश रची। शरद कालस्कर और अमोल काले पर भी तावड़े के साथ साजिश रचने और युवाओं को पानसरे तथा अन्य बुद्धिजीवियों के खिलाफ भड़काने का आरोप है। महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड यानी एटीएस ने जाँच में 12 आरोपियों की पहचान की, जिनमें से 10 को गिरफ्तार किया गया। दो शूटर विनय पवार और सरंग अकोलकर अभी भी फरार हैं।

तावड़े और कालस्कर पर 2013 में नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में भी आरोप है, जबकि पानसरे मामले के कई आरोपी 2015 के एमएम कलबुर्गी और 2017 के गौरी लंकेश हत्याओं से जुड़े हैं। अदालत ने जनवरी 2025 में बाकी छह अन्य आरोपियों- सचिन अंदुरे, गणेश मिस्किन, अमित डेगवेकर, अमित बड्डी, भारत कुराने और वासुदेव सूर्यवंशी को लंबी हिरासत के आधार पर जमानत दी थी। इनकी गिरफ्तारी 2018-19 के बीच हुई थी।

कोर्ट ने मुख्य आरोपी तावड़े की जमानत याचिका को तब यह कहते हुए टाल दिया था कि इनके मामले में फिर से सुनवाई की ज़रूरत है। लेकिन अब सभी प्रमुख आरोपी जमानत पर बाहर हैं। अदालत ने कोल्हापुर सेशन कोर्ट को निर्देश दिया था कि मुक़दमे को रोजाना सुनवाई के साथ तेजी से निपटाया जाए। यह पानसरे हत्याकांड 2013 के दाभोलकर, 2015 के कलबुर्गी और 2017 के गौरी लंकेश हत्याओं से जुड़ा माना जाता है। 2018 के नालासोपारा हथियार तस्करी मामले के बाद इन हत्याओं में ब्रेकथ्रू मिला। एटीएस का दावा है कि ये हमले सनातन संस्था जैसे संगठनों से प्रेरित थे। लेकिन फरार शूटरों की गिरफ्तारी न होने से जाँच पर सवाल बने हुए हैं।

# केसरवानी समाज को मजबूत बनाना हमारा संकल्प-शिवकुमार वैश्य

**● 2 नवंम्बर को होगा कश्यप मुनि मूर्ति अनावरण एवं श्री सरस्वती पूजनोत्सव समारोह।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** केसरवानी शिक्षा समिति की बैठक केसर विद्यापीठ इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शिवकुमार वैश्य ने की। उन्होंने कहा कि केसरवानी समाज ने शिक्षा, राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। समिति का लक्ष्य है कि समाज के लोग हर क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ें यही हमारा संकल्प है।समिति के उपमंत्री सतीश चंद्र केसरवानी ने बताया कि 2 नवंबर को समिति के तत्वावधान में श्री सरस्वती पूजनोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अनाथ, विधवा एवं विकलांग सहायता, पुस्तक सहायता, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके लिए समिति द्वारा आवेदन फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे।कार्यक्रम में कश्यप मुनि जी की मूर्ति का अनावरण और प्रबंध समिति की विशेष बैठक भी की जाएगी। बैठक का संचालन प्रमिल केसरवानी ने किया। इस अवसर पर तीर्थराज गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा,रमेश चंद्र



केसरवानी, राजेंद्र गुप्ता, विनोद कुमार केसरवानी एडवोकेट, राजेश केसरवानी (प्रवक्ता), नारायण केसरवानी, राजेश केसरवानी (राजू), श्रीकांत केसरवानी, सुरेश चंद्र केसरवानी, कन्हैया लाल गुप्ता, प्रवेश केसरवानी, धर्मेंद्र केसरवानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 25.8 लीटर अवैध देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील बारा अंतर्गत अपराध और अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शंकरगढ़ पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 129 पौवा (करीब 25.8लीटर) अवैध देशी शराब बरामद की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहरिया मोड़ के पास एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर ग्रामीणों को बेचने जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और आबकारी अधिकारियों ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पहचान राजू निषाद पुत्र रामबाबू निषाद, निवासी कनभय परदवा,मऊ, चित्रकूट के रूप में हुई है। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह गांव में किराने की दुकान चलाता है और अतिरिक्त आमदनी के लिए ठेके से थोक में शराब लाकर गांवों में महंगे दामों में बेचता है। वह इस कारोबार में पिछले कुछ महीनों से लिप्त है और आसपास के गांवों में भी सप्लाई करता था। यह कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त बारा कुंजलता व प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़ यशपाल सिंह के नेतृत्व में हुई। टीम में आबकारी इंस्पेक्टर, सिपाही व स्थानीय पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसीपी बारा कुंजलता ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील किया है कि यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री हो रही हो, तो तुरन्त पुलिस को सूचना दें। ग्रामीणों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि इससे अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगेगी और अपराध नियंत्रण में आयेगा। आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है और शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

## मेजा में लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने हुए चोरी, ग्रामीणों में हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज यमुनापार ।** मेजा थानांतर्गत सिकटी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया और लाखों रुपए से अधिक के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जानकारी होने पर पूरे गांव में हड़कंप मच गया और पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक,दयाराम भारतीया का परिवार रात का खाना खाकर सो गया था। देर रात करीब 2 बजे चोर उनके घर में घुस आए और उनके बेटे को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया, और घर में रखे करीब ढाई लाख कीमत के गहनों को लेकर पार कर दिए। जब सुबह परिवार वाले उठे, तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ देखा। परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने तुरन्त ही 112 नंबर पुलिस को सूचना। पीआरबी मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच पड़ताल कर चली गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी रामनगर अभिनव उपाध्याय अपनी टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचे, और परिजनों से पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुट गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार से तहरीर मिली है, जिसके क्रम में मौके पर घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया गया है और शीघ्र ही मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जाएगी तथा नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।बहरहाल, चोरी की इस घटना से लोगों में गहरा आक्रोश है। परिजनों ने पुलिस से शीघ्र ही जांच पड़ताल शुरू करने की मांग किया है।

# महाराष्ट्र में विपक्षी नेता मु य निर्वाचन आयुक्त से मिले, वोट चोरी और चुनावी अनियमितताओं का मुद्दा उठाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** एनसीपी (एससीपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) नेता राज ठाकरे सहित विपक्षी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को महाराष्ट्र के मु य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर मतदाता सूची समेत चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उद्धव और राज ठाकरे एक साथ चुनाव अधिकारी से मिलने पहुंचे। विपक्षी प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय (राज्य सचिवालय) में मु य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एस. चोकलिंगम से मुलाकात की और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मतदाता सूची में विसंगतियों को दूर करने की मांग की। विपक्षी प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस, वामपंथी दल, शेतकरी कामगार पक्ष और समाजवादी पार्टी शामिल हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में इस वर्ष के अंत में या अगले वर्ष की शुरुआत में प्रस्तावित स्थानीय निकाय चुनावों में वीवीपीएटी (वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के उपयोग की भी मांग की। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे और सांसद अरविंद सावंत सहित एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने इसी तरह की मांगों के साथ राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल एनसीपी (एससीपी) नेता जयंत पाटिल ने कहा, ''हमने एस चोकलिंगम से मुलाकात की और उन्हें राज्य के विभिन्न हिस्सों में मतदाता सूची में अनियमितताओं के बारे में बताया। अब यह स्पष्ट है कि बहुत सारी अनियमितताएं हैं और यह विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में देखी जा सकती हैं।'' उन्होंने दावा किया कि यदि इस मतदाता सूची को ''फ्रीज'' कर दिया गया और राज्य चुनाव आयोग चुनाव कराता है, तो यही ''गड़बड़ी'' कल स्थानीय निकाय चुनावों में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ''हमने मांग की है कि राज्य चुनाव आयोग और राज्य के मु य निर्वाचन अधिकारी दोनों मिलकर हमसे बैठक करें और हमारी चिंताओं को सुनें। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि दोनों साथ बैठकर हमारी शिकायतें सुनेंगे।'' पाटिल ने दावा किया कि मतदाता सूची में कई नामों की दोहरी प्रविष्टियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मामले में एक ही घर में 170 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जो गड़बड़ियों की ओर इशारा करता है। पाटिल ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव कराने से पहले इन विसंगतियों को ठीक किया जाना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने बताया कि बैठक के बाद विपक्षी नेताओं का संयुक्त संवाददाता स मेलन होना था, लेकिन चर्चा अधूरी रहने के कारण उसे टाल दिया गया। उन्होंने कहा कि चर्चा बुधवार को जारी रहेगी, क्योंकि निर्वाचन आयोग को कुछ और समय की आवश्यकता है। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि सत्तारूढ़ बीजेपी को भी इस बैठक का हिस्सा होना चाहिए था, क्योंकि यह आवश्यक है कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए। उन्होंने कहा, ''बीजेपी पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में भी ऐसी ही मांगें कर रही है। बीजेपी को भी यहां होना चाहिए था।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव पारदर्शी और संविधान के अनुसार होने चाहिए।

# सुनवाई के दौरान गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट तल्ख, एसपी फर्रुखाबाद को वकील के पेश किए जाने तक न्याय कक्ष में बैठाए रखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान याची के फर्रुखाबाद निवासी अधिवक्ता को गिरफ्तार किए जाने को गंभीरता से लिया. कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए सुनवाई के दौरान उपस्थित फर्रुखाबाद की एसपी आरती सिंह को न्याय कक्ष में रोक लिया और पकड़े गए वकील को पेश किए जाने तक न्याय कक्ष न छोड़ने को कहा. कोर्ट ने एसपी फर्रुखाबाद को इस मामले में बुधवार को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया है. यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर एवं न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने प्रीति यादव की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है. फर्रुखाबाद निवासी अधिवक्ता अवधेश मिश्र याची के साथ प्रयागराज आए थे और सुनवाई के दौरान वहां की एसओजी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था । बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया है कि याची के पति को फर्रुखाबाद के पुलिस अधिकारियों ने अवैध रूप से हिरासत में लिया। याची की ओर से पूरक हलफनामा दाखिल कर आरोप लगाया गया था कि उसके पति को गत आठ सितंबर को रात लगभग नौ बजे अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था और 14 सितंबर को रात लगभग 11 बजे रिहा किया गया. यह भी आरोप लगाया गया कि याची से जबरन एक पत्र लिखवाया, जिसमें कहा गया था कि उसके पति को हिरासत में नहीं लिया गया था. इस पर कोर्ट ने पिछली सुनवाई में कायमगंज थाना प्रभारी अनुराग मिश्र, सीओ कायमगंज और एसपी फर्रुखाबाद को न्याय में बाधा डालने के कार्य के लिए मंगलवार को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए नोटिस जारी किए थे। कोर्ट ने इन अधिकारियों और अन्य पुलिस अधिकारियों को याची से संपर्क करने, उसे धमकाने या किसी अन्य प्रकार से परेशान करने से भी रोका था. यह बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका 12 सितंबर को दाखिल की गई थी. जब पुलिस अधिकारियों को इस बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की जानकारी मिली तो 14 सितंबर को याची से जबरन उक्त पत्र लिखवाया गया. इसी आधार पर कोर्ट ने उन्हें



तलब किया था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान फर्रुखाबाद की एसपी न्याय कक्ष में मौजूद थीं. उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं. उधर, फर्रुखाबाद की एसओजी ने फर्रुखाबाद में याची के वकील अवधेश मिश्र को गिरफ्तार कर लिया, जो याची के साथ फर्रुखाबाद से आए थे. यह बात कोर्ट को बताई गई तो न्यायालय ने एसपी फर्रुखाबाद से कहा कि एसओजी जब तक अवधेश मिश्र को पेश नहीं करती, तब तक वह न्याय कक्ष न छोड़ें. बाद में वकील को पेश किया गया तो कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई बुधवार को दोपहर एक बजे तय करते हुए एसपी को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा है।

## टंडन वन की एक आदिवासी महिला ने युवक पर लगाए गम्भीर आरोप



**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील क्षेत्र स्थित शंकरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित टंडन वन की एक महिला ने गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि दो तीन महीने से कल्याणपुर का एक व्यक्ति गलत हरकतों को लेकर लगातार परेशान कर रहा है। पीड़िता गीता देवी ने बताया कि हमारी भूमिधरी जमीन पर कल्याणपुर का एक व्यक्ति अरुण कुमार कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि जब घर में लोग नहीं रहते, तो अरुण गलत हरकतों को करने पर आमादा हो जाता है। महिला के नहाते समय सामने ही कुर्सी लगाकर बैठ जाता है। अरुण कुमार वन विभाग में माली के पद पर काम करता है और उसके साथ कई और लोग भी बिना राजस्व निरीक्षक के ही आए दिन पहुंचते हैं और मानसिक तथा शारीरिक रूप से शोषण करने का प्रयास करते हैं। आपको बता दें कि करीब 50 वर्षों से वन विभाग ने अपनी खाई बना रखी है, फिर भी जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। पीड़िता ने जिला और तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। खैर, मामला जो भी हो, लेकिन जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन जिस तरह से पीड़िता ने आरोप लगाया है, उसके हिसाब से त्वरित निदान करने की आवश्यकता है।

# प्रयागराज में जल्द बनेगा राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज खुद को एक नए रूप में परिभाषित करने की तैयारी कर रही है। एक बड़े विकास में, शहर एक राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य स्थापित करने के लिए तैयार है, जो 132 करोड़ रुपये की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जो पूरे भारत और विदेशों से प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित करने का वादा करती है। सैकड़ों पक्षी प्रजातियों के यहाँ शरण लेने की उम्मीद के साथ, यह अभयारण्य विशेष रूप से साइबेरियाई प्रजातियों जैसे प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करेगा, जो प्रसिद्ध माघ मेले के दौरान प्रयागराज आते हैं। पक्षी प्रेमी और पर्यावरणविद लंबे समय से इन मौसमी मेहमानों को उनके जीवंत पंखों और शांत संगम क्षेत्र में मधुर आवाज़ों के लिए पसंद करते रहे हैं। (पीडीए) ने एक व्यापक योजना की परिकल्पना की है जिसमें पक्षी अभयारण्य और एक एकीकृत नदी तट विकास परियोजना, दोनों शामिल हैं। ये दोनों मिलकर 68 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले होंगे और एक शांत वातावरण का निर्माण करेंगे जो प्राकृतिक सौंदर्य और स्थायी पर्यटन का संगम होगा। यह पहल स्थानीय जैव विविधता को संरक्षित करते हुए पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। पीडीए के उपाध्यक्ष अमित पाल सिंह के अनुसार, प्रयागराज के



संगम क्षेत्र झूंसी से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित कनिहार को अभयारण्य के लिए स्थल के रूप में चुना गया है। इस स्थान की पारिस्थितिक विविधता और प्राकृतिक संसाधन इसे परियोजना के लिए आदर्श बनाते हैं। एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दे दिया गया है और जल्द ही इसे राज्य सरकार को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। आधिकारिक मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।अभयारण्य के केंद्र में कनिहार झील होगी—एक अर्धचंद्राकार प्राकृतिक जल निकाय जो लगभग आठ किलोमीटर लंबा और पाँच किलोमीटर चौड़ा है। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी झीलों में से एक, यह स्थानीय और प्रवासी पक्षी प्रजातियों के लिए एक आदर्श आवास प्रदान करती है। पीडीए के अधिकारियों का कहना है कि इस नई इको-पर्यटन पहल के साथ, प्रयागराज एक बहुआयामी पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, जो आध्यात्मिक संतुष्टि और पारिस्थितिक सद्भाव दोनों प्रदान करता है।

# छात्रा मोहिनी बनीं थानाध्यक्ष, राधिका ने संभाली उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी

**● मिशन शक्ति 5.0 के तहत थरवई थाने में बालिकाओं ने संभाली कमान, आत्मविश्वास का दिया संदेश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज ।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना थरवई, कमिश्नरेट प्रयागराज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक प्रेरक पहल की गई। इस पहल में गयादीन विश्वकर्मा इंटरमीडिएट कॉलेज, भिदिउरा की कक्षा 12 की छात्रा मोहिनी ने एक दिन के लिए थानाध्यक्ष की कुर्सी संभाली, वहीं छात्रा राधिका ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। थानाध्यक्ष की भूमिका में मोहिनी ने थाना परिसर और मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। दोनों छात्राओं ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्था, जागरूकता अभियानों और पुलिस अभिलेखों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने फरियादियों की शिकायतें भी सुनीं और आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर थानाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, उपनिरीक्षक ऋचा वर्मा, दिव्या यादव, निधि पटेल सहित पूरा पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। थानाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने कहा कि "ऐसी पहल से बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना विकसित होती है। वे समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होती हैं।" विद्यालय के प्रबंधक तीर्थराज विश्वकर्मा ने कहा कि "यह आयोजन छात्राओं में जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने वाला है। हमें गर्व है कि हमारी छात्राओं ने यह उदाहरण प्रस्तुत किया।" मिशन शक्ति के अंतर्गत यह पहल न केवल महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि समाज में जागरूकता और परिवर्तन का संदेश भी देती है।

## लखनऊ में अहम बैठक करेंगी बसपा प्रमुख मायावती



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बृहस्पतिवार को लखनऊ में पार्टी के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की एक अहम बैठक को संबोधित करेंगी। बसपा द्वारा बुधवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती द्वारा पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे बुलायी गयी इस बैठक में विगत नौ अक्टूबर को बसपा संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रैली की ऐतिहासिक सफलता में पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों के योगदान की सराहना और आभार व्यक्त किया जाएगा। पार्टी के मीडिया आमंत्रण के मुताबिक, मायावती इस बैठक में सभी स्तरों पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करेंगी और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी देंगी। बैठक में प्रदेश भर से वरिष्ठ बसपा नेताओं, जिला अध्यक्षों, समन्वयकों और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है।

# युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न मुख्य विकास अधिकारी ने बैंकों को दिए सख्त निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** मंगलवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने बैंक ऑफ बड़ौदा में सबसे अधिक स्वीकृति और वितरण हेतु लंबित आवेदन पत्रों पर नाराजगी जताते हुए 15 दिन के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक में तीन माह से अधिक समय से स्वीकृति/वितरण हेतु लंबित आवेदन पत्रों को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया गया। सभी बैंकों को स्वीकृत आवेदनों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एचडीएफसी बैंक द्वारा आवेदन पत्रों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जताई गई, वहीं कोटक महिंद्रा बैंक के जिला समन्वयक के अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने 10 से अधिक लंबित मामलों वाले बैंक शाखा प्रबंधकों की विशेष बैठक बुलाने के निर्देश भी दिए, ताकि योजना के लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध तरीके से हो सके।बैठक में सहायक आयुक्त उद्योग उमेश चंद्र वर्मा, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक गौरव त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के जिला समन्वयक आलेख जैन, एचडीएफसी बैंक के जिला समन्वयक अनुपम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 7 घंटे का रोमांचक रेस्क्यू के बाद कुएं में गिरे हथिनी के बच्चे को मिली नई ज़िंदगी



**हजारीबाग, झारखण्डः-** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा गांव में मंगलवार की रात मानवता और प्रकृति के बीच संवेदना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। चार जंगली हाथियों का झुंड जब गांव के पास पहुंचा, तो अचानक एक हथिनी का बच्चा गांव के किनारे बने पुराने कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। मौके पर वनपाल विद्याभूषण प्रसाद, राजकुमार सिंह और शंभू प्रसाद के नेतृत्व में टीम पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रात के अंधेरे में मशालों की रोशनी और जेसीबी मशीन की मदद से करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान हथिनी और उसके साथ आए हाथियों का झुंड लगातार कुएं के आसपास मंडराता रहा, मानो अपने बच्चे की सलामती की प्रार्थना कर रहा हो। कुएं का एक हिस्सा तोड़कर रास्ता बनाया गया और जब नन्हा हथिनी का बच्चा सुरक्षित बाहर आया, तो वहां मौजूद सभी ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बच्चे के निकलते ही हाथियों के झुंड ने ज़ोरदार आवाज़ में खुश होकर अपनी प्रतिक्रिया दी और धीरे-धीरे जंगल की ओर लौट गए। यह घटना न केवल वन विभाग और ग्रामीणों की सतर्कता का उदाहरण बनी, बल्कि इसने यह भी साबित किया कि इंसान और जानवर के बीच संवेदना की डोर आज भी जीवित है। अभियान में वनपाल विद्याभूषण प्रसाद, राजकुमार सिंह, शंभू प्रसाद, और खैरा गांव के कई ग्रामीण शामिल रहे।

### विधायक ने किया चार योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बच्छई और सिंघरावां पंचायत में बुधवार को चार योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक ने सिंघरावा मोड़ से ग्राम नया सिंघरावां तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य, ग्राम टिटही में उपस्वास्थ्य केंद्र, सिंघरावा देवी मंडप से गोविंदपुर आरईओ रोड तक पथ निर्माण का शिलान्यास और प्राथमिक विद्यालय टिटहिं भवन का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को भी सुना और आश्वासन दिया कि धीरे-धीरे सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कहा सांसद मनीष जायसवाल का सहयोग से बरही विधानसभा विकास के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने किया। इस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, वरिष्ठ नेता विकास कुमार यादव, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, मुखिया संतोष सिंह, पूर्व जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, विजय मधेसिया, , रामशीष सिंह, सियाराम सिंह, मनोज मिश्रा, देवल यादव, संजय गुप्ता, सियाराम सिंह, दिलीप राजेश्वरदीपक गुप्ता, बैजनाथ यादव, राजेश रवानी, शिक्षक विजय सिन्हा, मनोज कुमार, सुभाष राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रंजिश में महिला की पिटाई का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला के साथ मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के दर्रा गांव की सोनम सिंह पत्नी अनिल सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह अक्टूबर को रात्रि आठ बजे गांव के पड़ोसी विपुल सिंह पुत्र सुभाष सिंह, विनीता सिंह पुत्री सुभाष सिंह उसके घर के सामने से मिटटी निकाल रहे थे। पीड़िता के मना करने पर विपुल व विनीता के साथ साधना पत्नी राजेश सिंह व मानसी पुत्री राजेश सिंह ने एकराय होकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सरकारी तालाब, पक्का चेकडेम एवं सिंचाई कूपों से जल सिंचित कर प्रखण्ड के कृषक कर रहे हैं रब्बी तथा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** झारखंड राज्य गठन के 25 सालों के उपरांत भी जनजातीय प्रखण्ड पाकुड़िया के कृषकों को खेतों में रिंग बोरिंग व लिफ्ट एरिगेशन की सुविधा नहीं रहने के कारण मानसूनी वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है। यद्यपि इस साल पाकुड़िया में विगत कई वर्षों के बाद समय-समय पर अच्छी मानसूनी बारिश होने से धान की फसल शत-प्रतिशत होने की संभावना दिख रही है। यदि इस बार धान लगने के बाद भी 2-3 अक्टूबर को रिमझिम वर्षा नहीं होती तो बड़े पैमाने पर धान की फसल नष्ट होने की संभावना थी। बहरहाल, धान की फसल अच्छी होने से कृषकों में हर्ष है और रब्बी व सब्जियों की खेती होने की संभावनाएं भी बढ़ती दिख रही हैं। वहीं दूसरी ओर प्रखण्ड के कृषकों का मानना है कि यदि पाकुड़िया प्रखण्ड में प्रति साल थोड़ा-थोड़ा करके खेतों में रिंग बोरिंग सरकार द्वारा करा दी जाए तो कृषकों को कई प्रकार की फसलें लगाने में सुविधा होगी। वहीं बड़ी नदी में लिफ्ट एरिगेशन रहने से स्थानीय किसानों को और भी लाभ मिलेगा। हालांकि किसानों ने बताया कि इन दिनों पहले की तुलना में पाकुड़िया प्रखण्ड में सिंचाई कूपों, चेकडेम तथा सरकारी तालाबों के निर्माण से किसानों को सुविधा मिल रही है और कृषक मेहनत कर फसलें उगा रहे हैं। इन दिनों पाकुड़िया प्रखण्ड के ग्रामीण हाटों व पाकुड़िया बाजार में विभिन्न ग्रामीण इलाकों से बड़े पैमाने पर झींगा, पतपूतिया, भिंडी, करैला, साग, बैंगन, कद्दू, कोहड़ा, आलू, प्याज, मिर्च आदि सब्जियों की बिक्री प्रतिदिन की जा रही है।

## पाण्डेयबारा पंचायत प्रखंड बनने की सभी शर्तें पूरी करता है - देवदत्त पाण्डेय

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों नए प्रखंड गठन की चर्चा जोरों पर है। इसी क्रम में चौपारण प्रखंड अंतर्गत रामजीता निवासी देवदत्त पाण्डेय ने कहा कि यदि वस्तुनिष्ठ रूप से देखा जाए तो पाण्डेयबारा पंचायत प्रखंड बनने की सभी शर्तों को पूरा करता है। देवदत्त पाण्डेय ने बताया कि पाण्डेयबारा प्रखंड बनने से पाण्डेयबारा, जगदीशपुर, सिंघरावां, बच्छई, गोविंदपुर, सेल्हारा, डेबो, रामपुर, बसरिया, बहेरा, पड़रिया, बरहमोरिया और बेलाही समेत कुल 13 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा। ये सभी पंचायतें पाण्डेयबारा से महज 5 किलोमीटर की परिधि में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि पाण्डेयबारा, चौपारण पूर्वी क्षेत्र का मध्य केंद्र है और यहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। जीटी रोड पर अवस्थित पाण्डेयबारा न केवल एक बड़ा बाजार है, बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों का मुख्य व्यापारिक केंद्र भी है। यहां मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, अस्पताल, खेल मैदान और अब महाविद्यालय तक की सुविधाएं मौजूद हैं। साथ ही, सप्ताह में तीन दिन साप्ताहिक हाट भी आयोजित होती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। देवदत्त पाण्डेय ने कहा कि जीटी रोड से सीधा जुड़ा होने के कारण भविष्य में यहां प्रखंड कार्यालय स्थापित होने पर कर्मचारियों व पदाधिकारियों को भी आने-जाने में आसानी होगी। इससे आम लोगों को भी काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय चौपारण में दूर होने के कारण लोगों को आज भी चरित्र प्रमाण पत्र, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र व इडब्लूइस प्रमाणपत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यदि पाण्डेयबारा को प्रखंड का दर्जा मिलता है तो छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों को एक ही स्थान पर शिक्षा और प्रशासनिक सुविधा दोनों प्राप्त होंगी। देवदत्त पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान स्थिति में ग्रामीणों, विशेष रूप से बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए काफी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। वे सौ-दो सौ रुपये खर्च कर चौपारण पहुंचते हैं, लेकिन अधिकारी मौके पर नहीं मिलने पर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। अंत में उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि इस मुद्दे पर शीघ्र एक बड़ी बैठक बुलाकर सरकार को ज्ञापन सौंपा जाए, ताकि पाण्डेयबारा को प्रखंड का दर्जा दिलाने की दिशा में ठोस पहल की जा सके।

## 15 दिन बाद उजाले में लौटा बेला मुडवार गांव, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह की पहल से लगा नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**●मेरा हर प्रयास जनता की सुविधा और गांवों के उत्थान के लिए समर्पित है -मुन्ना सिंह**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंडः-** सदर प्रखंड के सखिया पंचायत अंतर्गत बेला मुडवार गांव में बुधवार का दिन उम्मीदों की नई किरण लेकर आया। पिछलेफ़ पंद्रह दिनों से अंधेरे में डूबे इस गांव में आखिरकार नया 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगने के साथ ही बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। गांव के लोगों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौटी और हर घर एक बार फिर रोशनी से जगमगा उठा। दरअसल, पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में बीते दो सप्ताह से बिजली पूरी तरह ठप थी। बच्चों की पढ़ाई, किसानों की सिंचाई और महिलाओं के घरेलू कामकाज सभी बाधित थे। ग्रामीणों की इस परेशानी की जानकारी मिलते ही पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई के लिए बिजली विभाग से संपर्क साधा। निरंतर संवाद, अनुवर्ती प्रयास और संवेदनशील पहल के परिणामस्वरूप विभाग ने नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया और बुधवार को उसका विधिवत स्थापना कार्य पूरा किया गया। गांव में बिजली बहाल होते ही उत्साह और कृतज्ञता का माहौल दिखा। ग्रामीणों ने कहा कि जब हम लगातार अंधेरे में थे, तब हमारी पुकार सबसे पहले उन्होंने सुनी। उनके प्रयासों से आज हमारे गांव में फिर से उजाला लौटा है। वहीं पूर्व प्रत्याशी ने मौके पर कहा कि यह केवल बिजली का उजाला नहीं, बल्कि उम्मीदों, विश्वास और विकास की लौ है। मेरा हर प्रयास जनता की सुविधा और गांवों के उत्थान के लिए समर्पित है। जनसेवा मेरे लिए एक कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन का संकल्प हैहर गांव तक सुविधा, हर घर तक रोशनी और हर दिल तक भरोसा पहुँचाना। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण विकास और जनसुविधा की पुनर्स्थापना के लिए उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा, क्योंकि हजारीबाग की असली ताकत इसके गांवों और आम नागरिकों में बसती है। स्थल पर इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष रूप से गोविन्द गोप, वासुदेव गोप, अनिल यादव, पवन यादव, अशोक यादव, राहुल यादव, श्रीलाल यादव, संतोष यादव, पप्पू यादव, सीताराम यादव, जितेंद्र यादव, गणेश यादव और अनूप यादव , निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान उपस्थित थे। ग्रामीणों ने पूर्व प्रत्याशी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने साबित किया कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का मार्ग भी हो सकती है।

## बरही विधायक मनोज यादव ने किया डॉ. प्रवीन्स होम्योपैथिक क्लिनिक का उद्घाटन

**●सस्ती दरों पर मिलेगा साइटिका, पाइल्स, डायबिटीज, गठिया व महिलाओं की बीमारियों का उपचार**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज यादव ने मंगलवार को धनबाद रोड स्थित पुलिस स्टेशन के समीप नवस्थापित डॉ. प्रवीन्स होम्योपैथिक क्लिनिक का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई।उद्घाटन समारोह में विधायक मनोज यादव ने कहा कि बरही और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रवीण द्वारा खोला गया यह क्लिनिक आमजन के लिए राहत की बात है। अब लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। होम्योपैथिक इलाज सुरक्षित, किफायती और प्रभावी है।उन्होंने क्लिनिक की सफलता की कामना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**डॉ. प्रवीण कुमार ने दी जानकारी – सस्ते दरों पर होगा इलाज**

क्लिनिक के संचालक होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि उनके क्लिनिक में साइटिका, पाइल्स, डायबिटीज, गठिया, चर्म रोग, शिशु रोग एवं महिलाओं से संबंधित समस्याओं का इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी दवा प्रणाली रोग को जड़ से मिटाने का कार्य करती है और इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं होते। यहां सभी रोगों का इलाज अत्यंत सस्ती दरों पर किया जाएगा ताकि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भी उचित चिकित्सा मिल सके। डॉ. प्रवीण ने बताया कि उन्होंने गवर्नमेंट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, झारखंड से बीएचएमएस की पढ़ाई पूरी की है तथा उसी संस्थान से प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, मुखिया समशेर आलम, शंकर लाल बर्णवाल, पवन कुमार, नवीन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, रघु मोदी, राजकुमार यादव, अमित गौरव उर्फ पमपम, आलोक बर्णवाल, रघु यादव, उपेंद्र बर्णवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खो-खो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये तीन बालक व दो बालिकाओं का हुआ चयन

**●मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय क्रीड़ा खो - खो प्रतियोगिता के उपविजेता खिलाड़ी**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** बुधवार को जेआरसी पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुसहा, हड़ही, विकास खण्ड हरैया, बस्ती में बेसिक शिक्षा विभाग के तरफ से आयोजित 69 मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय क्रीड़ा खो - खो के चयन / ट्रायल - प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सिद्धार्थनगर जनपद के कम्पोजिट विद्यालय मधवापुर कला खुनियांव की अंडर 14 वर्ष बालिका संवर्ग तथा डुमरियागंज के पू. मा. वि. विद्यालय कूंडी के अंडर-14 बालक संवर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जनपद के तीन बालक अरूण, शिवांश, अक्षय, दो बालिका नंदनी एवं नेहा पासवान का चयन राज्य स्तरीय खो - खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु चयन हुआ 7 बालिका के कोच राजकुमार यादव, बालक के कोच अवधेश मणि त्रिपाठी सहित उपेन्द्रनाथ उपाध्याय जिला व्यायाम शिक्षक/ शिक्षिका सीमा द्विवेदी, रविन्द्र सिंह गुर्जर, सुनील कुमार, अकमल फारूखी, कुतुबुल्लाह, राजेश कुमार राव की उपस्थिति रही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शैलेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय महेन्द्र प्रसाद , बीइओ राम कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय, जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा द्विवेदी, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सत्येंद्र गुप्त, मुश्तन शेरूल्लाह, राम विलास सिंह यादव, अनिल कुमार, सुखवीर सिंह आदि ने प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों की उज्वल भविष्य की कमाना की।

## मिट्टी में सपने गढ़ते कुम्हार, चाइनीज झालरों की चमक के बीच भी मिट्टी के दीयों में उम्मीद बरकरार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** दीपावली नज़दीक है, और चौपारण प्रखंड के ग्राम ठुट्ठी, ईगुनियाँ, महराजगंज, बरहमौरिया,चक्रसार, मदगोपाली तेतरिया, रामपुर, दैहर काँटी सहित कई गांवों में कुम्हारों के चाक फिर से घूमने लगे हैं। मिट्टी में सने हाथ, दोपहर से शाम तक चलती मेहनत – यही उनकी दीपावली की तैयारी है। हर चाक के साथ एक उम्मीद भी घूम रही है कि इस बार मिट्टी के दीए फिर घर-घर रोशनी बिखेरेंगे। बतादें कि जब दीया आकार लेता है, तो लगता है कि कुम्हार सिर्फ दीपक नहीं बना रहे, बल्कि भक्ति, परंपरा और मेहनत का संगम गढ़ रहे हैं। धार्मिक मान्यता है कि मां लक्ष्मी वहीं आती हैं, जहाँ मिट्टी का दीया जलता है और सच्चे मन से उजाला फैलाया जाता है। पर बाज़ार की बदलती सच्चाई कुछ और ही कहानी कहती है। चाइनीज झालरों की चमक, सस्ते दाम और आसानी से उपलब्धता ने मिट्टी के दीयों की रौनक को फीका कर दिया है। जहाँ कभी गली-गली में दीए बिकते थे, अब वहाँ झालरों के बॉक्स सज गए हैं। फिर भी, दीयों का महत्व अब भी कम नहीं हुआ , गली-गली में मिट्टी के दीए बिकते हैं और लोग बड़े ही खुशी से खरीदते हैं। प्रखंड के ठूठी के सीताराम प्रजापति कहते हैं कि हम मिट्टी से सिर्फ दीया नहीं गढ़ते, हम उसमें अपनी परंपरा, अपने गांव की खुशबू और अपने सपने डालते हैं। यह दीपावली सिर्फ रोशनी का त्यौहार नहीं, हमारी मेहनत और आस्था का त्यौहार है। चाहे बाज़ार में झालरों का बोलबाला हो, हम चाहते हैं कि लोग फिर से मिट्टी के दीयों में अपनापन महसूस करें। वहीं ठूठी के ही अजित प्रजापति ने कहा कि वोकल फॉर लोकल' का नारा तो दिया गया, लेकिन उसकी पहुंच अब तक स्थानीय कुम्हारों तक पूरी तरह नहीं हुई। सरकारी पहल के कमी के कारण घरों में वह रौनक नहीं लौटी जो पहले दीपावली के दिनों में दिखाई देती थी। फिर भी उम्मीद ज़िंदा है। कुम्हार समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामावतार प्रजापति ने लोगों से विशेष अपील करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि इस दीपावली घर-घर मिट्टी के दीए जलें। कृपया चाइनीज झालरों की बजाय देसी दीए खरीदें और हमारी मेहनत व परंपरा का सम्मान करें। मिट्टी के दीयों में सिर्फ रौशनी नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति भी बसती है। दीपावली की असली रौशनी बिजली की झालरों से नहीं, बल्कि उन मिट्टी के दीयों से आती है, जो आस्था को जगमगाते हैं और परंपरा को जिंदा रखते हैं।

## गद्दोपुर में फर्जीवाड़ा- विकास के नाम पर भ्रष्टाचार और सवालों का सैलाब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखनऊ/गोण्डा।** विकास खंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत गद्दोपुर में हाल ही में सामने आए फर्जीवाड़े के मामले ने यह उजागर कर दिया है कि ÷विकास÷ अब कई जगहों पर सिर्फ सरकारी फाइलों में सीमित होकर रह गया है। जिस विकास का शोर रिपोर्टों और बजट में सुनाई देता है, वह ज़मीनी हकीकत में कहीं दिखाई नहीं देता। ग्राम पंचायत के अभिलेखों में हैंडपंप मरम्मत, रिबोर और रोड़ा-राबिश डालने जैसे कार्यों का भुगतान दिखाया गया है, लेकिन मौके पर ऐसे किसी भी कार्य का अता-पता नहीं है। पंचायत सचिव जगजीत सिंह का कहना है कि ÷भुगतान नियमानुसार किया गया है÷, जबकि डीपीआरओ लालजी दूबे ने जांच का भरोसा दिलाया है। लेकिन ग्रामीणों के मन में सवाल है – जब सत्तारूढ़ दल के विधायक के निजी गांव में ही ऐसे भ्रष्टाचार की बू आ रही है, तो बाकी ग्राम पंचायतों की स्थिति क्या होगी?

यह मामला सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं, बल्कि उस प्रशासनिक सुस्ती और जिम्मेदारी के अभाव की मिसाल है जो अब कई ब्लॉकों में पनप चुकी है। फाइलों में चमकते विकास कार्य और धरातल पर सूनी सच्चाई यह दर्शाती है कि व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर सेंध लग चुकी है।अगर सरकार ने समय रहते सख्त और निष्पक्ष जांच नहीं कराई, तो यह "फागजी विकास" का सिलसिला न केवल जनता का भरोसा तोड़ेगा, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी गहरी चोट करेगा।ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाएँ उनके गांव तक पहुंचती तो हैं, पर उनका लाभ ÷कुछ लोगों की जेबों÷ तक सिमट कर रह जाता है। यही वजह है कि अब जनता सिर्फ वादे नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम चाहती है।सरकार के लिए यह एक चेतावनी की घड़ी है – अगर गद्दोपुर की इस गड़बड़ी को सिर्फ एक मामूली घटना समझकर नजरअंदाज किया गया, तो आने वाले समय में पूरा विकास खंड भ्रष्टाचार की जकड़ में फंस जाएगा। विकास तब ही सार्थक कहलाएगा जब उसका लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुँचे – न कि कागज़ों और आंकड़ों में खो जाए।

## झारखंड पुलिस ने 2025 में नक्सल और साइबर अपराध नियंत्रण में हासिल की बड़ी सफलता, 157 हथियार भी किए बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रांची-** झारखंड पुलिस ने वर्ष 2025 के जनवरी से सितंबर माह तक नक्सल विरोधी अभियानों और साइबर अपराध नियंत्रण में जबरदस्त सफलता हासिल की है। आईजी अभियान माइकल राज एस ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नक्सल विरोधी अभियान में कुल 157 हथियार बरामद हुए हैं। इनमें 58 हथियार पुलिस से लूटे गए थे जिसे बरामद करने में कामयाबी मिली है। आईजी ने कहा कि जनवरी से सितंबर तक नक्सलियों के कब्जे से 11,950 गोलियां, 18,884 डेटोनेटर, 394.5 किलोग्राम विस्फोटक और 39.53 लाख रुपए की लेवी राशि जब्त की गई है। इसके अलावा नक्सलियों द्वारा लगाए गए 228 आईईडी विस्फोटकों को नष्ट किया गया और 37 नक्सली बंकर ध्वस्त किए गए। इस अभियान में कुल 266 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों में 32 नक्सली मारे गए, जिनमें दो सेंट्रल कमिटी के बड़े सदस्य विवेक उर्फ प्रयाग मांझी और अनुज उर्फ सहदेव सोरेन शामिल है। इन पर एक करोड़ रुपये का इनाम भी था। साथ ही 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर साहेब राम मांझी उर्फ राहुल भी मुठभेड़ में मारा गया। माइकल ने साइबर अपराध के मामलों में भी बड़ी कार्रवाई का ब्यौरा दिया। अगस्त और सितंबर के बीच साइबर अपराध के 128 मामलों में 105 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 139 मोबाइल फोन, 166 सिम कार्ड, 60 एटीएम कार्ड और 2.81 लाख रुपए नकद बरामद हुए।

माइकल ने बताया कि साल 2025 के पहले 9 महीनों में कुल 12,651 वारंट निष्पादित किए गए और 4,186 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 413 वाहनों, 136 हथियारों और 1221 गोलियों को भी जब्त किया गया। अमन साहू गिरोह के सक्रिय अपराधी सुनिल कुमार उफ 'मयंक सिंह को अजरबैजान से भारत प्रत्यर्पित कर लाया गया, जिससे पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इसके अलावा रांची में कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अवैध हथियार व रसायन जब्त किए गए। रामगढ़ डकैती मामले में चार आरोपियों को चार अवैध हथियारों के साथ पकड़ा गया। खूंटी में 838.33 किलोग्राम डोडा जब्त किया गया। वहीं, रांची में जाली नोट के कारोबार में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास 3.25 लाख रुपये के जाली नोट पाए गए। आईजी अभियान माईकल राज एस ने जनता से सहयोग की अपील की और आश्वस्त किया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में पीछे नहीं हटेगी।

## मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत बुधवार को उसका बाजार थाना क्षेत्र के तीर्थराज समर्था इण्टर कॉलेज ,पकड़ी में बालिकाओं व महिलाओं की व्यक्तिगत सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उप निरीक्षक जय प्रकाश पाण्डेय ने बताया गया कि यदि कोई बालिका या महिला किसी प्रतिकूल स्थिति का सामना करे, तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम अवश्य उठाना चाहिए और सरकारी व सामाजिक सहायता तंत्र का उपयोग करना चाहिए। उन्होनें आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों 112 (इमरजेंसी सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) और 1076 (उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) की जानकारी दिया।साथ ही बालिकाओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों और तकनीकों की विस्तृत जानकारी देते व्यक्तिगत सुरक्षा पर चर्चा किया। उन्होनें सिखाया कि विभिन्न सामाजिक और व्यक्तिगत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें।इस मौके पर महिला आरक्षी कालिंदी यादव और पूनम विश्वकर्मा ने कहा कि इन कार्यकमों का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा, अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन जी सकें। इस मौके पर हेड कांस्टेबल अनिल चौहान,शैलेंद्र गिरी,जय प्रकाश कुशवाहा सहित कॉलेज के शिक्षक मौजूद रहे।

## एडीजी जोन आलोक सिंह ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर ।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद कानपुर देहात कोतवाली अकबरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, आई0 जी0 आर0एस0, मिशन-शक्ति, अभिलेखों का रख-रखाव व जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण के साथ आगामी पर्व(धनतेरस/दीपावली/छठ पूजा), कानून-व्यवस्था एवं महत्वपूर्ण गम्भीर अपराधों की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात कस्बा अकबरपुर क्षेत्र में आम जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाएं रखने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आम जनमानस से संवाद स्थापित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### फ़र्ज़ी तौर से बैनामा कराने का लगाया आरोप



चन्दवक(जौनपुर)-14 अक्टूबर 2025।स्थानीय चन्दवक क्षेत्र के वृद्ध ने बहला फुसलाकर उधार पैसा देने के बहाने पड़ोसियों पर फ़र्ज़ी बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए चन्दवक थाना में लिखित तहरीर दिया है। रामदुलार यादव पुत्र स्व. परसोत्तम यादव निवासी ग्राम बंतरी थाना-चन्दवक, जिला-जौनपुर ने चन्दवक थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पड़ोस के कुछ लोग उधार पैसा देने के बहाने मुझे उन लोगों गाड़ी में बैठाकर 8 अक्टूबर 2025 को केराकत तहसील ले गये और उधार पैसा देने के नाम पर फ़र्ज़ी बैनामा करा लिया।इस के पहले खेत को रेहन रखने की बात कही थी।जिसमें लिखा पढ़ी कर 50 हज़ार रुपये देने की बात कही और मेरा अंगूंठा लगवाकर 20 हज़ार नगद दिए और 30 हज़ार खाते में भेजने की बात कही।बिना बताये मुझे धोखे में रखकर अंगूठा लगवाकर हमारे आराजी न0 66 मौजा बंतरी का सम्पूर्ण हिस्सा बैनामा करा लिया।मुझे कम सुनाई देता है और मेरा दिमाग भी ठीक नहीं रहता है।उपरोक्त विरोधियों पर ठोस कार्यवाही करने हेतु गुहार लगाई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हुई मौत**

रामपुर (जौनपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अकरा मोड़ पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में घायल युवक की बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रीतेश पटेल (30) पुत्र लालमन पटेल निवासी रसुलहा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रीतेश पटेल अपनी बाइक से रामपुर से घर जा रहा था, तभी उल्टी दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसे में उसका दाहिना पैर कट गया था। परिजन उसे इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर ले गए, जहां मंगलवार देर शाम उसकी मौत हो गई। अभी तक ट्रैक्टर और चालक का पता नहीं चल पाया है। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पत्नी के प्रेमी को जान से मारा आजीवन कारावास की सजा



बलरामपुर। अभियुक्त प्रभु पासी ने अपने पत्नी के प्रेमी दयाराम की हत्या कुल्हारी मारकर रात के वक्त कर दिया था। इसी क्रम में आज दिनांक 15 10.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास की सजा तथा 10000 अर्थ दंड से दंडित किया गया।अभियोजन पक्ष विद्वान शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन तिवारी की निरंतर प्रभावी पैरवी के चलते हैं अपराधी को सजा मिल सकी माननीय न्यायाधीश श्री प्रदीप कुमार तृतीय कमरा नंबर 6 द्वारा निर्णय किया गया।

### बलरामपुर में फंदे से लटका मिला छात्रा का शव



बलरामपुर – बलरामपुर के पहलवारा मोहल्ले में 12वीं कक्षा की छात्रा आराध्या उर्फ परी (17) ने दोपहर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी। जिसका इलाज चल रहा था। मूलरूप से इकौना बाजार की रहने वाली परी अपने परिजनों के साथ पहलवारा मोहल्ले में एक रिश्तेदार के घर रह रही थी। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। उसकी बड़ी बहन कॉलेज गई थी, छोटा भाई स्कूल में था और मां मंदिर में पूजा करने गई थीं। मां के अनुसार जब वह मंदिर के लिए निकली तब बेटी पढ़ाई कर रही थी परी के पिता जितेंद्र श्रीवास्तव फैजाबाद में कृषि विभाग में कार्यरत हैं घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु कौस्तुभ त्रिपाठी और पीपल तिराहा चौकी इंचार्ज नंदकिशोर मौके पर पहुंचे।

# मुश्किल में भी घबराइए नहीं, लगाइए फोन

**●मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबल ने छात्राओं को किया जागरूक**

**महिला पुलिस कर्मियों ने सहयोगी छात्राओं का हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ ली सेल्फी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

खेतासराय(जौनपुर)। एसपी डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में बुधवार को खेतासराय कस्बा में एंटी रोमियो की टीम ने छात्राओं एकत्रित कर महिला आरक्षी नेहा यादव ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वही दूसरी ओर शाहगंज पुलिस टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्बा स्थित छ्ङ्क्रू कॉन्वेंट स्कूल में छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया । इस दौरान महिला कांस्टेबल की ओर से छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि कैसे विशेष परिस्थितियों में इन नंबरों की मदद ली जा सकती है । यहाँ आयोजित कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल अंतिमा सिंह ने कहा कि स्कूल परिवेश, स्कूल की गाड़ियों में आते जाते समय, रास्ते में , घर के आसपास कहीं भी महिलाएं और लड़कियां अगर छेड़छाड़ या भद्दे कमेंट का शिकार होती हैं । तो ऐसी स्थिति में उन्हें तुरंत अपने परिजनों और अपने शिक्षकों को इसकी जानकारी देनी चाहिए। अगर कोई गलत व्यवहार करता है तो तत्काल डॉयल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकते हैं।

उन्होंने बेटियों को भरोसा दिया कि पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है। जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। वहाँ जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। उपनिरक्षक चंद्रभान यादव, अजय यादव ने सबसे सहयोग के लिए आह्वान किया। इस मौके पर महिला कांस्टेबल अंतिमा सिंह, विजयलक्ष्मी, रीता चौहान, हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव , कांस्टेबल अजय वर्मा अन्य मौजूद रहें। कार्यक्रम के अंत में महिला पुलिस कर्मियों ने सहयोगी छात्राओं का हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ सेल्फी ली। शाहगंज पुलिस की ओर से क्षेत्र के सभी प्रमुख माध्यमिक विद्यालयों, चौराहों, प्रमुख स्थानों पर बेटियों, महिलाओं को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसकी खूब सराहना हो रही है।

### एसपी ने निरीक्षक और कई दरोगाओं का किया स्थानांतरण

प्रतापगढ़ । पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक द्वारा निरीक्षक आलोक कुमार, प्रभारी मीडिया सेल/ पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज कर दिया गया है। इनके अलावा उ0नि0 रामनरेश थाना लालगंज से चौकी प्रभारी आरटीओ, थाना अन्तू,उ0नि0 अजय कुमार यादव थाना आसपुर देवसरा से चौकी प्रभारी पृथ्वीगंज थाना पट्टी,उ0नि0 अतुल कुमार यादव थाना फतनपुर से चौकी प्रभारी सदहा/ दुकरा थाना पट्टी,उ0नि0 सुनील कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी जेल, थाना कोतवाली नगर से चौकी प्रभारी वीरापुर, थाना फतनपुर, उ0नि0 गुलाब सिंह थाना नवाबगंज से चौकी प्रभारी अस्थान थाना नवाबगंज,उ0नि0 प्रशान्त दुबे चौकी प्रभारी जिला अस्पताल, थाना कोतवाली नगर से चौकी प्रभारी जेल के लिये कर दिया गया है। साथ ही थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 विजय वर्मा थाना संग्रामगढ़ से चौकी प्रभारी आरटीओ, थाना अन्तू को निरस्त किया गया है और म0उ0नि0 अर्चना थाना पट्टी से चौकी प्रभारी जिला अस्पताल, थाना कोतवाली नगर किया गया है।

# फरीदुल हक पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत जनजागरूकता संगोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



शाहगंज, जौनपुर। फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज तालीमाबाद सबरहद में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तबरेज आलम ने की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में जागरुकता ही सबसे बड़ा बचाव है। जब महिलाएं खुद जागरूक नहीं होंगी, वे ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराधों का शिकार बनती रहेंगी।

डॉ. अनामिका पांडे ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने हेपेटाइटिस-बी, एचआईवी जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने की अपील की। डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने महिला स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा महिलाओं को आत्मविश्वास और शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।वहीं डॉ. भास्कर तिवारी ने सड़क सुरक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सावधानी आवश्यक है। वाहन चलाते समय हेलमेट और यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. निजामुद्दीन, डॉ. शिव प्रसाद यादव, रियाज अहमद, ओमप्रकाश चौरसिया, मो. अदनान, अंतिमा यादव, निधि, नेहा, काजल, मो.शमी, नसीम, रोजी, सरफराज, भूमि सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलवारी थाने का हुआ कायाकल्प, वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच एसपी अभिनंदन ने किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बस्ती। बस्ती जिले के कलवारी थाना परिसर में बने नवनिर्मित टीन शेड हाल, भोजनालय व मिशन शक्ति केंद्र का लोकार्पण मंगलवार की शाम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलापट का अनावरण व फीता काटकर पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन ने किया। पं.राकेश व राधेश्याम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न कराया।लोकार्पण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है। अब यहां फरियादियों को थाना परिसर में धूप या बारिश में बैठने की बेहतर व्यवस्था हो गया। क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ फरियादियों के समस्याओं का निस्तारण कर त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता में है। थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह को निर्देश दिए कि साफ-सफाई व शालीन व्यवहार को प्राथमिकता दी जाए ताकि थाने में आने वाला हर व्यक्ति सम्मान महसूस करें। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश चन्द्र चौधरी, थानाध्यक्ष नगर विश्वमोहन राय, चौकी प्रभारी गायघाट राममणि उपाध्याय, माझा खुर्द शैलेश यादव, बहादुरपुर शैय्यद वसी हैदर जैदी, जीतेन्द्र मिश्रा के अलावा नगर पंचायत प्रतिनिधि गायघाट बालकृष्ण त्रिपाठी, मल्लू जायसवाल, अरविंद दूबे, अंबिका यादव, विजय यादव, संतोष सिंह, दीपनारायण चौधरी, अजय चौधरी, अमरनाथ चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बहू-बेटी का सम्मेलन कर महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बस्ती। बस्ती जिले केकोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरसाव में एडीजी जोन के निर्देश के क्रम में डीआईजी रेंज बस्ती के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम म0हे0का0 शांति यादव,म0का0 श्यामा पाठक , म0का0 सुमन यादव ,म0का0 रश्मि सिंह ,म0का0 कंचन मिश्रा द्वारा बहू बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय आशा बहुएं,समूह सखी,महिला चौकीदार पूरी टीम के साथ उपस्थित रही।

चौपाल में मौजूद बालिकाओं / महिलाओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया है । सम्मेलन के दौरान बहुओं से उनकी समस्यायें पूछी गयी तो एक बहू ने बताया कि मेरी शादी को 05 साल हो गये हैं और मेरे पति शराब पीकर आते हैं और मारते पीटते हैं । बहू को बताया गया कि जब भी कोई इस तरह की समस्या हो तो तत्काल -1090, 112 आदि हेल्पलाइन पर फोन कर दें, पुलिस तत्काल आपकी सहायता करेगी । इसी प्रकार बहू सम्मेलन में आई हुई अन्य बहुओं ने भी विभिन्न समस्याएं बतायी, जिसमें तत्काल उनके परिजनों को बुलाकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया ।

# खाद्य सचल दल ने 05 नमूने संग्रहित कर 85 किलोग्राम डोडा बर्फी, कलाकन्द कराया नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूजपर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय यथा-खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाईयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल, वनस्पति, रंगीन मीठे खिलौने एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कर मिलावटी खाद्य पदार्थो के भण्डार/विक्रय को प्रतिबन्धित करने व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 05 खाद्य पदार्थो का नमूना संग्रहित किया गया तथा विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किये गये।

खाद्य सचल दल द्वारा डेरवा स्थित मोदनवाल मिष्ठान निर्माण इकाई से डोडा बर्फी, कलाकन्द एवं मिल्क केक का एक-एक नमूना संग्रहित करते हुए डोडा बर्फी, कलाकन्द एवं मिल्क केक 85 किलोग्राम प्रति कि0ग्रा0 की कीमत रूपये 150 कुल कीमत रूपये 12750 नष्ट कराया गया। कुण्डा स्थित छीर सागर के खाद्य प्रतिष्ठान से बेसन का लड्डू एवं छेना की मिठाई का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचल दल में रोशन सिंह, यादव संजय कुमार नन्हकू, संतोष कुमार दूबे, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डा0 तूलिका शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परियोजना वाटरशेड विकास घटको पर पशु स्वास्थ्य शिविरों का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम/द्वितीय चमन सिंह ने बताया है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी महोदय के निर्देश के क्रम में पशुपालन विभाग के सहयोग से परियोजना डब्लू0डी0सी0-1 (वाटरशेड विकास घटक) मंगरौरा एवं डब्लू0डी0सी0-2 आसपुर देवसरा में पशु स्वास्थ शिविरों का आयोजन 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित हुआ है। 13 अक्टूबर को डब्लू0डी0सी0-1 मंगरौरा के वाटरशेड औरंगाबाद तथा डब्लू0डी0सी0-2 आसपुर देवसरा के वाटरशेड ढिढुई में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया, पशु डा0 विवेक गुप्ता एवं डा0 अजमल द्वारा परियोजना के पशु पालको को पशुधन प्रबन्धन, पशु आहार, पशुरोग नियंत्रण पर जागरूक करते हुए पशुओ के स्वास्थ की जॉच की गयी एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इसी क्रम में मंगलवार को परियोजना डब्लू0डी0सी0-1 मंगरौरा के वाटरशेड सरौल व डब्लू0डी0सी0-2 आसपुर देवसरा के वाटरशेड धनेपुर, मोलनापुर एवं बुधवार को डब्लू0डी0सी0-1 मंगरौरा के वाटरशेड संग्रामपुर, नरहरपुर एवं डब्लू0डी0सी0-2 आसपुर देवसरा के वाटरशेड उदईशाहपुर, काशीपुर में क्रमशः पशु डा0 राजकुमार कनौजिया, डा0 विवेक गुप्ता, डा0 लाल जी यादव व डा0 अजमल द्वारा पशुओं के स्वास्थ जॉच करते हुए रोग उपचार हेतु दवाओं का वितरण एवं टीकाकरण किया गया। वाटरशेड संग्रामपुर के पशु पालकों को भूमि संरक्षण अधिकारी इं0 चमन सिंह द्वारा चारा उत्पादन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।गुरुवार को को परियोजना डब्लू0डी0सी0-1 मंगरौरा के वाटरशेड फेनहा, मदुरारानीगंज व बारासराय एवं डब्लू0डी0सी0-2 आसपुर देवसरा के वाटरशेड सदहा, गधियांवा में पशु स्वास्थ शिविर का आयोजन पशु डाक्टरों के सहयोग से किया जायेगा।

# बैतालपुर चीनी मिल को चलाने की मांग पर आंदोलन 287वें दिन जारी

**● न्यायालय की आड़ में किसानों को छलना बर्दाश्त नहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा एवं संयुक्त महा मोर्चा के संयोजन में बैतालपुर चीनी मिल को तत्काल संचालित कराने एवं किसानों के हित से जुड़ी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर, देवरिया में चल रहा धरना आज 287वें दिन भी जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बैतालपुर चीनी मिल जिले की अस्मिता और किसान स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसे वर्ष 2008 में तत्कालीन सरकार ने निगम की अन्य चीनी मिलों के साथ एक सुनियोजित चाल के तहत बेच दिया। बिक्री के समय यह शर्त रखी गई थी कि मिल को आधुनिक बनाकर पुनः संचालित किया जाएगा, किंतु न तो क्रेता ने इसे चलाया और न ही बाद की सरकारों ने कोई ठोस पहल की।

वक्ताओं ने कहा कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने का बहाना बनाकर किसानों को वर्षों से छल किया जा रहा है, लेकिन अब किसान अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक बैतालपुर चीनी मिल चालू नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा चाहे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। धरना का संचालन बृजेंद्र मणि त्रिपाठी एवं अवधेश मणि त्रिपाठी के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर राम प्रकाश सिंह, बरकत अली, वेद प्रकाश, रामसागर मणि, तारकेश्वर मणि त्रिपाठी, राम इकबाल चौहान, विकास दुबे, जगदीश यादव, कलेक्टर शर्मा, अशोक तिवारी, सुरेंद्र प्रताप यादव, राजेंद्र यादव, राधेश्याम यादव, नईम खान, विजय कुमार सिंह, ऋषिकेश मिश्रा, संजीव शुक्ला, रत्नेश मिश्रा, अशोक मालवीय, विनय मिश्रा, सुदामा यादव, राम बधाई यादव, पन्नालाल पाठक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# खेलों से बढ़ती है ऊर्जा और आत्मविश्वास - विजय लक्ष्मी

**●सांसद/विधायक खेल स्पर्धा में युवाओं ने दिखाया दमखम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




सलेमपुर, देवरिया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में बापू इंटर कॉलेज में सांसद/विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है, जो जीवन में सफलता की कुंजी है। युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। स्पर्धा में प्रतिभागियों ने जोश और उत्साह से भाग लिया।1500 मीटर दौड़ (सीनियर बालक) में विश्वजीत चौहान, 100 मीटर बालक में उमाशंकर,100 मीटर बालिका में जानवी सिंह, वॉलीबॉल (सीनियर बालक) में भरथुआ टीम, कबड्डी (जूनियर) में चनुकी, बैडमिंटन (बालिका वर्ग) में सोनाली गुप्ता और 200 मीटर बालिका वर्ग में जानवी सिंह, नंदनी विश्वकर्मा तथा सृष्टि चौहान विजेता रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सांसद ने विजेताओं को मेडल, प्रमाणपत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर धर्मशील तिवारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निखिल, संतोष, आशीष, अर्जुन, दिग्विजय प्रजापति, शिवम पांडेय, राहुल मल्ल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। अगला चरण 17 अक्टूबर को श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज, बरहज में आयोजित किया जाएगा।

# साल भर भी नही हुआ, जलजीवन मिशन टंकी की बाउण्ड्री गिरकर हुई धाराशाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जौनपुर। जिले के सिरकोनी विकास क्षेत्र के समोपुर गांव में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पानी टंकी लगाई बनायी गई है। उक्त जल निगम पानी टंकी की बाउण्ड्री लगभग पांच माह पूर्व बनी हुई थी, जो अब टूटकर पूरी तरह से धराशाई हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त योजना के जिम्मेदारों द्वारा मानक को ताख पर रखकर चहारदीवारी बनवायी गई थी। जो की साफ दिखाई दे रहा है कि एक वर्ष भी नहीं बीता कि बाउंड्री टूटकर धराशाही हो गयी है। देखा जाए तो जहां एक तरफ सरकार तमाम योजनाओं को चलाकर ग्रामीणों को कई प्रकार की सुविधा देने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ इस विभाग के संबंधित लोगों द्वारा सरकार की मंशा पर पूरी तरह से पलीता लगाये हुए हैं जिसका जीता जागता प्रमाण लोगों के सामने पड़ा हुआ है। यहां तक कि बाउंड्री गिरने के काफी दिन बीत जाने के बावजूद आज तक विभागीय लोगों द्वारा बाउण्ड्री को ठीक नहीं कराया गया। इस बाउण्ड्री के प्रति विभागीय लोग पूरी तरह से कुम्भकर्णी निद्रा में लीन पड़े हुए हैं। आखिर इस प्रकार की समस्या का जिम्मेदार कौन है।

# अनुशासन और संयम कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मूल पूंजी-अम्बिका

**●संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पदाधिकारी करेंगे जनहित में कार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



देवरिया। संगठन सृजन अभियान के तहत बने कांग्रेस के सभी पदाधिकारी जनहित के कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अनुशासन और संयम कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मूल पूंजी है, यह बात प्रदेश के पूर्व विधायक व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जोनल कोऑर्डिनेटर अम्बिका सिंह ने बुधवार को जिला पार्टी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल संगठन निर्माण का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन की तैयारी है। इसका परिणाम हमें आगामी पंचायत चुनाव में अवश्य दिखाना है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मुकुंद भास्कर मणि, जयप्रकाश धनगर, सुनील तिवारी, दीन दयाल यादव, जुलेखा खातून, भरत मणि त्रिपाठी, व्यास सिंह, चंदन वर्मा, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, संजीव मिश्रा, मार्कंडेय मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मर्ज किए गए विद्यालय की बहाली पर छाई खुशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शाहगंज, जौनपुर। कम संख्या वाले स्कूलों को मर्ज किए जाने की कार्रवाई के तहत मर्ज हुए शिक्षा क्षेत्र के भेला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की बहाली पर बच्चों और गुरुजनों समेत अभिभावकों में खुशिया छा गई। उक्त निर्णय दूरी के आधार पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के अनुमोदन के बाद छात्रहित को देखते हुए लिया गया। गौरतलब हो कि विगत 28 जून के आदेश के क्रम में उक्त विद्यालय को शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बसौली में मर्ज कर दिया गया था। जिसके चलते दूरी बढ़ जाने के कारण नौनिहालों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी। अगस्त माह में जारी महानिदेशक बेसिक स्कूली शिक्षा के आदेश की कड़ी में खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह की जांच आख्या के आधार पर उक्त विद्यालय के मर्ज किए जाने के निर्णय का निरस्तीकरण का फैसला जिला अधिकारी जौनपुर डॉ.दिनेश चन्द्र के अनुमोदन के बाद लिया गया। बहाली के बाद मर्ज किए गए विद्यालय में बच्चों की चहलकदमी ने विद्यालय की रौनक बढ़ा दी। बच्चों और गुरजनों समेत अभिभावकों में खुशी छा गई। लोगों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया।

# दीक्षा श्रीवास्तव बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा को बनाया गया एक दिन का क्षेत्राधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बलरामपुर/तुलसीपुर में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा श्रीवास्तव को 1 दिन का क्षेत्राधिकार बनाया गया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर से दूरभाष से वार्ता कर आज थाने पर आने वाले जन शिकायत प्रार्थना पत्रों की जानकारी ली गई।दीक्षा श्रीवास्तव द्वारा प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा से लंबित विवेचनाओं को यथाशीघ्र निस्तारित करने हेतु निर्देश दिए गए । थानाध्यक्ष गैसड़ी से मिशन शक्ति के बारे में आज की गई कार्यवाही के बारे मे जानकारी ली गई तथा प्रभारी निरीक्षक को0 जरवा से थाने पर महिला आवेदिका के बैठने एवं पीने के पानी की व्यवस्था के बारे में वार्ता किया गया व समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष से वार्ता किया गया एवं उचित दिशा निर्देश दिए गए ।

## संक्षिप्त खबरें

### मालगाड़ी पटरी से उतरने से कानपुर में घंटों ठप रहा रेल यातायात अब सामान्य

**कानपुर।** यहां बीती रात पनकी यार्ड के पास एक मालगाड़ी के दो पहिये पटरी से उतर जाने से दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग घंटों बाधित रहा। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक रेल परिचालन पहले की तरह पटरी पर लौट आया है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस दौरान राजधानी, गरीब रथ, श्रम शक्ति एक्सप्रेस, पुष्पक और महाबोधि एक्सप्रेस सहित तीन दर्जन से अधिक ट्रेन विलंब से चलीं। अधिकारियों के मुताबिक जांच के लिए एक समिति गठित की गई है और जांच के बाद ही घटना के असल कारण का पता लग सकेगा। बताया गया कि पनकी यार्ड में यह घटना उस समय हुई जब माल उतारकर लौट रही मालगाड़ी को उत्तर से दक्षिण लाइन पर भेजा जा रहा था। इसी दौरान पटरी के क्रॉसओवर (कैंची) बिंदु से गुजरते वक्त उसके दो पहिये पटरी से उतर गये साथ दी इंजन भी अचानक रुक गया। जिसकी वजह से एक बड़ा या हादसा भी होने से टल गया। इसकी सूचना मिलते ही बचाव एवं तकनीकी दल घटनास्थल पर पहुंचे । फिलहाल रात लगभग साढ़े 12 बजे तक तीसरी और चौथी लाइन पर आवाजाही फिर से शुरू कर दी गई ताकि फंसी हुई यात्री रेलगाड़ियों को निकाला जा सके। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक रेल यात्रा यार सामान्य हो जाने का दावा किया गया है।

### आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा विकास खण्ड लालगंज एवं बाबागंज में आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक विधा के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय जनता को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा एवं होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ममता सचान ने किया। इस अवसर पर आयुष विभाग (आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सुलभ प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

### प्राथमिक विद्यालय के गेट पर दोपहर में लटकता दिखा ताला, शिक्षक गायब




**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरहना में स्थित प्राथमिक विद्यालय दुर्गाजोत में बुधवार को दोपहर ताला लटकता दिखने पर ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए बीएसए ने संबंधित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। विद्यालय का मुख्य गेट और कमरे में ताला बंद दिखा, का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नही करता है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक अक्सर समय पर नहीं आते, जिसके कारण विद्यालय बंद पड़ा है यहां के ज़िम्मेदार की मनमानी से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इससे बच्चें पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही संबंधित अध्यापक शब्बीर अहमद के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। विद्यालय में दो स्थाई शिक्षक तैनात हैं, इनमें से एक मेडिकल अवकाश पर है और दूसरा आकस्मिक अवकाश पर हैं।ऐसी स्थिति में विद्यालय का प्रभार बगल के प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक शब्बीर अहमद को सौंपा गया था।

## छठ पर्व के पूर्व सफाई ना हुई तो नगर निगम में नगर आयुक्त को घेरेगी सपा - हाजी फजल महमूद

**●छठ पर सफाई व गंदगी हटाने को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित डीएम को ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर तथा पीडीए मिशन की टीम ने सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में छठ पर्व पर सफाई को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि यदुवेंद्र सिंह,ष्टरू 3 को सौप कर छठ पर्व पर नदियों की सफाई कूड़ा गंदगी हटाये अन्यथा सपा पीडीए घेरा डालेगी। उक्त संबंध में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फसल महमूद ने ज्ञापन देकर बताया कि नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर 2025 से आरंभ होगी खरना 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा खरना पूजा के बाद निर्जला व्रत की शुरुआत होगी 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा यह पर्व चार दिनों तक चलता है इसमें लाखों लोग नदियों घाटों पर जाकर व्रती पूजा अर्चन करते हैं लेकिन कानपुर महानगर की नदियों तथा घाटों की सफाई न होने के कारण बड़ी कठिनाइयां होगी क्योंकि इस पर्व पर साफ सफाई के साथ पूजन का बड़ा महत्व है लेकिन नगर निगम और भाजपा सरकार इस पर आंख मुदें है अभी सफाई आरंभ नहीं की गई लेकिन सफाई न होने के कारण जिसमें पनकी नहर से लेकर मर्दनपुर कुरसौली नहर सरसैया घाट अटल घाट मस्कर घाट सिद्धनाथ घाट सीटीआई नहर ऑर्डिनेंस चौराहा पनकी नहर गुजैनी नहर नौरया खेड़ा दादा नगर अरमापुर शास्त्री नगर नमक फैक्ट्री हलुवा खाड़ा दबौली रतनलाल नगर गोविंद नगर संजय नगर बस्ती महादेव नगर गंगा बैराज बिठूर विजयनगर सहित महानगर के लाखों लोग छठ पूजा में शामिल होते हैं पर इन स्थानों पर टनों कूड़ा जमा है लेकिन विश्व प्रसिद्ध इस पर्व में भाजपा उदासीन है उसे पीडीए से परहेज होता जा रहा है इस पर एक गीत भी कहा गया है

ए रोई रोई बोबेली छठीय माई सुनी ए सेवक लोग, ए मोरा घाटे दुबिया उपजी गइलें मकड़ी बसेरा ले ले

छठ गीतों का बड़ा महत्व है छठ गीतों में बेटी की मांग की जाती है जो इस पर्व को और महत्वपूर्ण बना देता है

सुन ले अरजिया हमार ए छठी माई, रुनकी झुंनकी बेटी मंगिले, पढल पंडित व दामाद

इन गीतों से संस्कृति मिलती है जो समाज के लिए एक संदेश है महापर्व भारतीय संस्कृति के साथ धरती आकाश पशु पक्षी नदियों तालाबों जीव जंतुओं तक को पूजने की समृद्ध परंपरा रही है क्योंकि इनको सम्मान सहित सुरक्षित रखने की एक संदेशात्मक नीति छिपी है छठ पर्व का बड़ा महत्व है इसे सभी देवताओं ने तथा अयोध्या में राम सीता ने सरयू में सूर्य की पूजा की थी लेकिन भाजपा ढिंढोरा पीटने के बजाय महानगर में छठ पर्व पर ध्यान न देकर पीडिए पर अनर्गल गुस्सा दिखा रही है सपा पीडीए इसका जवाब 2027 में परिवर्तन कर जनता जनमानस के हितों पर ध्यान देकर सम्मान करेगी प्रतिनिधिमंडल में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी,आकाश यादव,महेन्द्र सिंह,दीपक खोटे,शादाब आलम,अर्पित त्रिवेदी,विनय गुप्ता,श्याम सिंह बबलू,हरभजन सिंह,विमल कांत,मोनू विश्वकर्मा,पुष्पेंद्र सिंह,राजेंद्र जयसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की 94 वीं जयन्ती पर पीडीए युवा सम्मेलन

**●सपा सरकार ने 18 लाख लैपटाप बांट कर प्रदेश इतिहास रचकर एक नजीर बनाई 2027 में सपा सरकार बनते ही रोजगार देने मे नया इतिहास बनायेगी- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारियों, फ्रंटल संगठनों, वार्ड अध्यक्षों तथा युवा संगठनों का युवा सम्मेलन भारत के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की 94 वी जयन्ती पर सपा हाल में आरंभ हुआ। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण मिश्रा,पुष्पेंद्र सिंह ने किया। सर्वप्रथम महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कलाम साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सम्बोधन करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम साहब का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोटि रामेश्वर में हुआ था । कलाम साहब पढ़ने में मेधावी तथा अभाव में शिक्षा ग्रहण कर युवाओ के लिये प्रेरणास्त्रोत बने।

अध्यक्ष फजल महमूद के सम्बोधन में कहा कि कलाम साहब अपने युवा काल में रामेश्वर मन्दिर प्रांगण में बैठकर पढ़ा करते थे उनकी सभी पूजारी गण तारीफ करते कि अभाव मे शिक्षा ग्रहण करने वाला युवा किसी दिन इस देश का भविष्य बनेगा कलाम साहब को सबकी दुआयें तथा आशीर्वाद मिलता रहा। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधन मे कहा एक बार कोई परीक्षा देने देहरादून आये थे परीक्षा के बाद ऋषिकेश गये जहा गंगा जी के टीले के पास मौन बैठे थे वहा प्रात- महात्मा शिवानन्द जी टहल रहे थे महात्मा जी उन्हे आश्रम ले आये और उनको समझाया कि मेहनत भाग्य बदल देता है परेशान न हो उन्होने उनको किराया दिया और स्नेह पूर्वक विदा किया।। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,नंदलाल जयसवाल, आंनद शुक्ला, सत्यनारायण गहरवार, रजत मिश्रा, के के मिश्रा, मुमताज मंसूरी, शेषनाथ यादव, प्रवीण मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह,मनोज चौरसिया, सलाम इदरीसी, बालेंदर यादव, राजेंद्र जयसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर श्रद्धालु हुए भावविभोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर वार्ड स्थित श्रीरामजानकी हॉल में चल रही श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साथ ही गजेन्द्र मोक्ष, राम चरित्र की कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथाव्यास पं. माधवपति त्रिपाठी जी महराज ने कहा कि जब जब धरा पर पाप बढ़ता है तब-तब प्रभु का अवतार होता है। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अत्याचार को समाप्त करके धर्म की स्थापना के लिए हुआ। कथाव्यास ने कृष्ण जन्मोत्सव का विस्तार से वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग में नंद के घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों पर श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में झूम उठे। वहीं भगवान श्रीकृष्ण के जन्म को लेकर धूमधाम से झांकी निकाली गयी। कान्हा को लेकर मथुरा के लिए निकले वासुदेव के रूप में दिनकर नाथ शुक्ल दीपक को वासुदेव के किरदार में देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। श्रीकृष्ण जन्म की खुशी में महिलाओं ने मंगलगीत गाये। मुख्य आयोजक डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल व दयावती शुक्ल, शिक्षिका रीतू शुक्ला, प्रियंका, गरिमा, ईशा आदि ने बाल रूप में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य आरती उतारी। अधिवक्ता जयकृष्ण शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत तथा डा0 आशीष शुक्ल ने आभार जताया। इस मौके पर नपं प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, माताफेर शुक्ल, विद्याकांत मिश्र, जयप्रकाश पाण्डेय, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रामप्रवेश त्रिपाठी, पूर्व प्रधानाचार्य रमेशचंद्र त्रिपाठी, डा0 रमेश पाण्डेय, ललित तिवारी, रिषभ तिवारी, श्रीनारायण शुक्ल, डा0 गौरव त्रिपाठी, डा0 पीयूष पाण्डेय, अखिलेश त्रिपाठी आदि ने कथाश्रवण किया।

## नौगढ़ से राजेश यादव अध्यक्ष, शमसाद अहमद मंत्री, धर्मेंद्र चौधरी कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा चलाए जा रहे ब्लॉक स्त्रीय अधिवेशन/शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केन्द्र नौगढ़ के सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिवेशन/शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी चुनाव अधिकारी/ पर्यवेक्षक राम सेवक ब्लॉक मंत्री बर्डपुर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध रूप से राजेश यादव को अध्यक्ष, शमसाद अहमद को मंत्रीधर्मेंद्र चौधरी को कोषाध्यक्ष के पद पर सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया। सभी ब्लॉक स्तरीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र मिश्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि हमें अपने मूल दायित्वों के साथ -साथ संगठन के दायित्वों का भी पूरी ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।और विद्यालय में छात्र और शिक्षक के अनुपात के अनुसार छात्रों के नामांकन और उनके गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।अधिवेशन को ब्लॉक अध्यक्ष मिठवल संजय कन्नौजिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान दिलीप चौधरी, राम विलास चौधरी, अहमद सईद आब्दी, अभय चौधरी, विजया यादव, पूर्णिमा सिंह, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, शबाना बेगम आदि उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट, पांच पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। भदारी कला गांव निवासी पृथ्वीपाल वर्मा पुत्र छेदी लाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह अक्टूबर को सुबह करीब आठ बजे जमीन विवाद को लेकर परिवार के छेदी लाल वर्मा के पुत्र रामखेलावन वर्मा, पत्नी संतोषा, पुत्रीगण रेशमा व कंचन तथा रामखेलावन का दामाद मनीष पुत्र बाबूलाल निवासी बासूपुर पहाड़पुर थाना सांगीपुर एकराय होकर दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित व उसकी पत्नी तथा पुत्री को घर में घुसकर जमकर मारापीटा व तोडफोड़ किया। गंभीर चोट लगने से पीड़ित की पत्नी बेहोश हो गयी। शोर मचाने पर आरोपीगण जानलेवा धमकी देते भाग गये। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एसडीएम से अवैध निर्माण की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर पीड़िता ने एसडीएम से शिकायत की है। लीलापुर थाना क्षेत्र के इटौरी पूरे अभिमान सिंह गांव की लाली वर्मा पत्नी छोटे लाल वर्मा का आरोप है कि बुधवार को गांव के आरोपी उसकी जमीन पर निर्माण कार्य करने लगे। पीडिता के विरोध करने पर भी निर्माण कार्य नहीं रोक रहे हैं। पीड़िता ने एसडीएम से न्याय की गुहार की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक लीलापुर को जांच कर अवैध निर्माण बंद कराने के निर्देश दिये हैं।

## आरटीई में दाखि़ला न देने पर दो स्कूलों का यू-डॉयस नम्बर निलम्बित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) का पालन न करने पर शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। शहर के दो विद्यालयों, डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल गोविन्द नगर और एस्कार्ट वर्ल्ड स्कूल केशवपुरम कल्याणपुर का यू-डॉयस नम्बर निलम्बित कर दिया गया है। दोनों विद्यालयों ने अभी तक इस शैक्षणिक वर्ष के लिए आरटीई अधिनियम के तहत गरीब और कमजोर वर्ग के कई बच्चों को आवंटन होने के बावजूद दाखि़ला नहीं दिया। इन बच्चों के अभिभावक जनता दर्शन में लगातार अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया और बेसिक शिक्षा अधिकारी को दाखि़ला कराने के निर्देश दिए। इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन ने कोई रुचि नहीं दिखाई। डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में नियति मिश्रा और प्रनय सोनी को क्रमशः 30 दिसम्बर 2024 और 29 जनवरी 2025 को प्रवेश आवंटित हुआ था। कई बार नोटिस देने और 8 व 9 अक्तूबर को अंतिम चेतावनी देने के बावजूद विद्यालय प्रबंधन ने साफ कह दिया कि आरटीई के तहत कोई प्रवेश नहीं लिया जाएगा।

इसी प्रकार एस्कार्ट वर्ल्ड स्कूल में दिव्यम श्रीवास्तव, मानवेन्द्र और मोहम्मद रेयान अखूतर को आरटीई के तहत दाखि़ला आवंटित हुआ था। विद्यालय ने तीनों बच्चों को प्रवेश नहीं दिया। 9 जून, 11 जुलाई और 19 सितम्बर 2025 को विभाग ने बार-बार नोटिस जारी किए, खंड शिक्षा अधिकारी शास्त्री नगर ने कई बार विद्यालय पहुँचकर प्रयास किया, लेकिन प्रधानाचार्या ने न तो दाखि़ला लिया और न ही कोई जवाब दिया। दोनों विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवंटित बच्चों का प्रवेश कराने में समुचित रुचि नहीं दिखा रहे हैं। डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में इस वर्ष आरटीई के तहत 30 बच्चों को दाखि़ले के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन विद्यालय ने केवल 12 बच्चों को ही प्रवेश दिया। इसी प्रकार एस्कॉर्ट वर्ल्ड स्कूल में 35 बच्चों का आवंटन हुआ था, जबकि इनमें से मात्र 7 बच्चों का ही दाखि़ला लिया गया जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की मूल भावना के विरुद्ध है। इन स्कूलों में शेष बच्चों का प्रवेश न होने से अभिभावक लगातार परेशान हैं और डीएम सहित विभिन्न जन प्रतिनिधियों से मिलकर लगातार एडमिशन के लिए प्रयास कर रहे हैं। अधिकारियों की संस्तुति के बाद दोनों विद्यालयों के यू-डॉयस नम्बर निलम्बित कर दिए गए हैं। डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल का यू-डॉयस नम्बर 09341103909 और एस्कार्ट वर्ल्ड स्कूल का यू-डॉयस नम्बर 09341110927 निलम्बन की श्रेणी में आ गया है।

## कलेक्ट्रेट में दिव्यांग बच्चों की प्रदर्शनी से सजी दीपावली की रौनक, जिलाधिकारी ने शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** दीपावली के उपलक्ष्य में आज कलेक्ट्रेट परिसर में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें मूक-बधिर और अन्य दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की गई। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) में उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। दिव्यांग डेवलपमेंट सोसायटी, कानपुर नगर द्वारा लगाए गए इस स्टॉल में बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से तैयार किए गए फैंसी कैंडल स्टैंड, डिज़ाइनर दिए, कुशन कवर, पायदान और हेयर एक्सेसरीज़ जैसे आकर्षक उत्पाद प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों की सृजनशीलता और आत्मविश्वास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन बच्चों का आत्मबल और रचनात्मकता हम सभी के लिए प्रेरणा है। प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनते हुए स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर जिया, रिमझिम, अपूर्वा, अंजली, पलक, प्रीति, आमना और प्रियांशु समेत कई दिव्यांग बच्चे मौजूद रहे। उन्होंने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी बच्चों की सृजनशीलता से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने स्वयं बच्चों द्वारा बनाए गए सिरेमिक शंख (कैंडल रूप में निर्मित) की खरीदारी की और क्यू आर कोड से ऑनलाइन भुगतान किया। उन्होंने बच्चों को उनके ही अंदाज़ में दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। जिलाधिकारी की प्रशंसा और स्नेहपूर्ण व्यवहार से बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और गर्व की झलक स्पष्ट दिखाई दी। कलेक्ट्रेट परिसर में लगी यह प्रदर्शनी दीपावली की रौनक और दिव्यांग बच्चों की आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश बनकर उभरी।

## स्नातक एमएलसी कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव के लिए जिला कांग्रेस ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई द्य बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी व संचालन नगर अध्यक्ष मो इश्तियाक ने किया।लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. देवमणि तिवारी जी के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया द्य बैठक में आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर चर्चा की गई और पदाधिकारियों में जिम्मेदारी तय की गई।लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र में सात जनपद आते है इनमें प्रतापगढ़, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर और लखनऊ शामिल है। कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी अमेठी के डॉ. देवमणि तिवारी जी को बनाया है। स्नातक एमएलसी प्रत्याशी डॉ. देवमणि तिवारी की मौजूदगी में संगठन की चुनावी रणनीति, मतदाता संपर्क अभियान तथा बूथ स्तर की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई यहां महेंद्र शुक्ला को चुनाव प्रभारी तथा जिला उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा व जिला प्रवक्ता मासूम हैदर को सह प्रभारी नियुक्त किया गया।जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्नातक एमएलसी व शिक्षक एमएलसी चुनाव कांग्रेस संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।कार्यकर्ताओं को जनता तक कांग्रेस की नीतियों विचारधारा और शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यो को लेकर जाना होगा डॉ.देवमणि तिवारी ने कहा कि हर कार्यकर्ता से ही ताकत है,कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस चुनाव को कांग्रेस की विचारधारा की जीत में बदलेंगे इस मौके पर किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव राधेश्याम सरोज, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो. हुजैफ, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्र, जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा, जिला महासचिव अंजली उपाध्याय, आद्या प्रसाद दुबे, कृष्ण बिहारी शुक्ल, जिला महासचिव चंद्रनाथ शुक्ल, रियाज सुल्तान,सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो वसीम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, आसपुर देवसरा ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पाण्डेय, लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, पट्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, बाबा बेलखरनाथ ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश पांडेय, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राम कुमार पटेल, गौरा ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव, मान्धाता ब्लॉक अध्यक्ष मो.असलम, हरि प्रसाद उपाध्याय,जिला सचिव पृथ्वी राज गौतम, जिला सचिव धर्मराज सिंह, अबू शमा, एम डी पी जी कॉलेज के अध्यक्ष शिवांशु भट्ट, गौरा मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, मो.ईदरिशी, बन्ने मलिक आदि रहे।

## सिद्धार्थनगर जिले में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर का वितरण किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** सरकार द्वारा देश के बड़े त्योहार दीपावली व होली में फ्री सिलिंडर योजना है और इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी त्यौहार दीपावली में महिलाओं को मुफ्त सिलिंडर देने को। लेकर सिद्धार्थनगर जिले के कलक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद जगदंबिका पाल व शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव शामिल हुए। इनके अलावा जिले के जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर, सीडीओ बलराम सिंह व डीएसओ देवेंद्र कुमार सिंह समेत विभागीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में भारी संख्या में मुफ्त सिलिंडर के लाभार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा लाभार्थियों को मुफ्त सिलिंडर का प्रतिकात्मक चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के सांसद जगदंबिका पाल ने पूरे कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार द्वारा आज महिलाओं को ग्रीन एनर्जी देने का कार्य किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में देश की करोड़ों महिलाओं के लिए उन्हें धुएं से बीमारियों से बचने के लिए उज्ज्वला योजना की शुरुआत की और और साल में दो त्योहार पर मुफ्त सिलेंडर देने की घोषणा की और इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज सिद्धार्थनगर जिले में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों में मुफ्त सिलेंडर का वितरण किया गया है।

## शारीरिक शोषण कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश, पुलिस ने पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्रांतर्गत वादिनी ने आरोप लगाया है कि नियाज़ अहमद नाम के मुस्लिम युवक ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसका शारीरिक शोषण किया और उसका वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन कर शादी करने के लिए दबाव बनाया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वादिनी पुत्री अजय वर्मा, अस्थायी निवासिनी आवास विकास नं. 3/1602, कानपुर नगर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्त नियाज अहमद के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वादिनी पुत्री अजय वर्मा की तहरीर सूचना बाबत अभियुक्त नियाज अहमद द्वारा वादिनी को कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बालात्कार करना तथा फोटो वीडियो बनाकर धमकी देना तथा वादिनी पर जातिगत टिप्पणी करते हुए लगातार शारीरिक शोषण करना व वादिनी को जबरन धर्म परिवर्तन कराकर शादी करने के दबाब बनाने के सम्बन्ध मे प्राप्त होने पर तहरीर के आधार पर थाना कल्यानपुर पर मु0अ0स0 444/2025 धारा 123/64(2)रू351(3) बीएनएस व 3/5(1) धर्म संपरिवर्तन अधि0 व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट पंजीकृत की गयी । विवेचना सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर द्वारा की जा रही है, आरोपी पुलिस हिरासत में है, व अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूलों में मना दीपोत्सव, छात्रों ने अभिभावकों से की वोट की अपील



**गोपालगंज (बिहार)-** मतदाता जागरूकता को लेकर जिला स्वीप कोषांग की ओर से निर्धारित गतिविधि कैलेंडर के अनुसार बुधवार को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. सरकारी स्कूलों में भी हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया गया. इसमें शिक्षक- शिक्षिका तथा छात्र-छात्राओं में उत्साह के साथ हिस्सा लिया. शिक्षक तथा छात्रों ने मिलकर पहले रंगोली बनाई, जिसमें मतदान के स्लोगन तथा मतदान की तिथि 6 नवंबर को प्रस्तुत किया. वहीं दीप जलाकर रंगोली को भव्य तरीके से सजाया. इसके बाद शिक्षक तथा छात्रों ने रंगोली के साथ सेल्फी भी खींची. शिक्षकों ने छात्रों से मतदान के महत्व को बताया और अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करने की अपील की. भोरे प्रखंड के गांधी स्मारक प्लस टू स्कूल, माझा प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कोइरी टोला, प्लस टू स्कूल देवपुर पुरदिल टोला, अपग्रेड मिडल स्कूल माझा समेत जिले भर के स्कूलों में भी भव्य तरीके से दीपोत्सव का आयोजन किया गया

### गोपाष्टमी पर्व की तैयारियों को लेकर मलिहाबाद में हुई बैठक, तय हुई कार्यक्रमों की रूपरेखा



**मलिहाबाद।** श्री गोपेश्वर गौशाला मलिहाबाद मे गोपाष्टमी पर्व पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बुधवार को देवम लान महमूद नगर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। गौशाला प्रमुख उमाकांत गुप्ता और लान संचालक विकास पाठक की अगुवाई मे विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। बैठक मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, बजरंग दल व अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी मे गौ संकीर्तन यात्रा का रोडमैप तैयार किया गया। साथ ही तीन दिवसीय महोत्सव मे सत्संग, मंगला आरती, एवं भण्डारे जैसे कार्यक्रमों की जिम्मेदारी तय की गयी। बैठक मे आशीष द्विवेदी, पंकज गुप्ता रूपेश मिश्रा, अन्नू द्विवेदी, जयगोविन्द अवस्थी, सुनील कश्यप, जितेन्द्र अवस्थी, निवेश गुप्ता, जितेन्द्र शुक्ला समेत तमाम लोग मौजूद रहें।

### परिवहन मंत्री ने दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण-बलिया में शिविर, बोले- समाज का मुख्य हिस्सा हैं दिव्यांगजन



**बलिया** कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत एक विशेष वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए। शिविर के दौरान कुल 60 ट्राई साइकिल, 65 स्मार्ट केन, 23 लोप्रोसी किट, 116 एम.आर. किट और 52 कान की मशीनें वितरित की गई। ये उपकरण दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में सुविधा और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से दिए गए।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से उनकी जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार हर वर्ग के लोगों की चिंता कर रही है।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी, नगर पालिका चेयरमैन संत कुमार गुप्ता, सीआरओ त्रिभुवन, जिला विकलांगजन कल्याण अधिकारी राजन कुमार, सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# China ने दिमाग ठिकाने लाया, भारत के दरवाजे गिड़गिड़ाने अमेरिका आया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



चीन ने अमेरिका को टाइट कर रखा है। ऐसे में उसे घूम फिरकर अब भारत की याद आने लगी है। लेकिन भारत तो इस बार पूरी तरह से चौकन्ना है और उसने चेक एंड बैलेंस की रणनीति अपनाई हुई है। अब अमेरिका के साथ वैसा ही व्यवहार होगा जैसा अमेरिका करेगा। चीन और अमेरिका दो दो हाथ करने के लिए आमने सामने खड़े हैं। चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के मामले में अमेरिका की बाहें मरोड़ दी हैं। तो अब अमेरिका चीन को धमका रहा है और फिर से भारत को अपने करीब लाने में लगा है। लेकिन दूध का जला तो छाछ भी फूंक फूंक कर पीता है वाली कहावत को ध्यान में रखते हुए अब अमेरिका के प्रति भारत भी संतुलित रवैया अपनाने वाला है। भारत को ऐसा करना भी चाहिए और हर समझदार को ऐसा करना चाहिए।

ट्रंप ने बीते दिनों चीन पर 100% का टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। जिसके बाद ड्रैगन भड़क उठा है। अब चीन ने ऐसा कदम उठाने की बात कही है जिसका असर अमेरिका, यूरोप सहित दुनिया के तमाम देशों पर पड़ने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। यानी एक बार फिर अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर छिड़ने वाला है, जिसका असर दुनियाभर में देखने को मिलेगा।

चीन की ओर से प्रतिबंध कड़े किए जा रहे हैं और इन सबके बीच अमेरिका के होश फाख्ता हो रहे हैं। दरअसल चीन के साथ तनाव के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री हैं स्कॉट बेसेंट। उन्होंने कहा कि अगर बीजिंग अपना रुख नहीं बदलता है तो फिर यूएस जोरदार जवाब देने के लिए पूरी तैयारी से है। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी। कहा अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन अगर चीन अपना रुख नहीं बदलता तो वाशिंगटन कड़ा जवाब देगा। चीन ने संकेत दिया कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा। उसने अमेरिका से आग्रह किया कि वह धमकियों के बजाय बातचीत के जरिये मतभेदों को सुलझाए। दरअसल रेयर अर्थ मिनरल्स के बाजार में चाइना की बहुत अच्छी पकड़ है और भारत की भी निर्भरता कई देशों पर रही है। भारत नए-नए बाजार अपने लिए तलाश रहा है और अमेरिका को इसका बड़ा नुकसान हो रहा है। ऐसे में अब अमेरिका चाइना को आंखें रेड़ रहा है और उम्मीद जता रहा है कि भारत उसकी मदद करेगा।

### उत्तराखंड के गांवों में ये कैसी आफत, 30 घंटे में 9 की मौत, जांच में जुटी 16 टीमें

**उत्तराखंड** के अल्मोड़ा जिले में रहस्यमयी संक्रमण से अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है. लोग यहां दहशत में जी रहे हैं. स्वास्थ्य अमले में भी हड़कंप मचा हुआ है. डॉक्टरों की कई टीमें गांव-गांव जाकर लोगों की जांच कर रही हैं, ताकि बीमारी का पता चल सके और कोई भी अनहोनी होने से पहले लोगों को उचित इलाज दिया जा सके. शुरूआती जांच में हैरान करने वाला खुलासा है. प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है. अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी ब्लॉक के धुराटक, विवाड़ी और देवलीबगड़ गांवों के लोग बीते 2 हफ्ते से दहशत में जी रहे हैं. यहां अचानक फैले एक रहस्यमयी संक्रमण से अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 60 लोग बीमार है, जिनमें से कई लोगों का इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यहां लोगों को अचानक पहले बुखार हुआ और फिर 9 लोगों की मौत हो गई. गांव वालों ने बताया कि पहले उनका लगा कि मौसम बदलने के कारण जुकाम-बुखार जैसी समस्या हो रही है,गंभीर रूप से घायल 13 लोगों को अल्मोड़ा अस्पताल में भर्ती कराया, जिनमें से 4 में टाइफाइड की पुष्टि हुई है. शुरुआती जांच में ऊर्ध्वश्वर के पानी के टैंक कोलीफार्म बैक्टीरिया मिला है.

# आंगनबाड़ी केदो पर बनी रंगोली जलाएं दीप वोटो को किया जागरूक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज (बिहार)-** विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर डीएम श्री पवन कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्वीप कोषांग की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. अभियान में आंगनबाड़ी सेविकाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं. बुधवार को समेकित बाल विकास परियोजना के निर्देश पर जिले भर के आंगनबाड़ी केंद्रों में रंगोली तथा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. थावे प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर यह दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने मिलकर आंगनबाड़ी केंद्र को सजाया, रंगोली बनाई तथा दीप जलाए. दीप से छह नवंबर की आकृति भी बनाई. पोषक क्षेत्र के पुरुष व महिलाओं को आमंत्रित करके उन्हें मतदाता शपथ भी दिलाया. अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता बने और 6 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट जरूर करें. प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बताया की मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आगे भी चलते रहेंगे।

# जल के लिए परेशान जनता, जल बोर्ड ले रहा अग्नि परीक्षा, दिल्ली जल मंत्री जागते रहो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली** पटेल नगर एक तरफ जहां देश ही नहीं दुनियां ने पानी से हो रही तबाही को देखा और अभी भी कहीं कहीं देख ही रहा है वहीं दिल्ली के पटेल नगर विधानसभा की जनता पानी की एक एक बूंद के लिए जल बोर्ड के चक्कर लगाती और खुद को जल बोर्ड कर्मियों द्वारा जलील होते देख रही है।विधान सभा पटेल नगर के प्रतिष्ठित समाज सेवक एस के चौबे ने बताया कि पटेल नगर विधान सभा के अंतर्गत वार्ड 85 का लगभग 85% क्षेत्र और वार्ड 88 का लगभग 20% क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है जो ऊंचाई पर पहाड़ी पर बसी हुई है जहां नेताओं की उदासीनता के कारण नल से जल आज तक नहीं दिया गया और यहां के लोग टैंकर से पानी भरने को मजबूर बनाए हो गए। यह क्षेत्र है गायत्री कॉलोनी, गुलशन चौक, नेपाली मंदिर, आंबेडकर पार्क, गुंबद के आस पास का एरिया, होली चौक, जोगी बस्ती, भील बस्ती, शिव मंदिर, राजीव चौक और झंडेवालान चौक यहां के सब लोग टैंकर से ही पानी भरने पर आश्रित है। यहां पर रहने वालों की संख्या लगभग 30 हजार से अधिक बताई जा रही है आपको बता दें कि चुनाव के समय यहां के लोग अपनी ड्यूटी को छोड़कर हर एक वोटर अपना वोट करने जाता है और अपने प्रश्नदीदा उम्मीदवार को खूब भर भर कर वोट करता है बस इस आशा में कि सबकी झुग्गी झोपड़ी बची रहे और इनको समय से पानी मिल जाय लेकिन चुनाव जैसे ही खत्म होता है यहां के लोगों को फिर धक्के खाने के लिए छोड़ दिया जाता है।इस समय की यह दशा है कि लोगों को टैंकर से भी पानी नहीं मिल पा रहा है कारण बताया जा रहा है कि जल बोर्ड ने 10-12 टैंकर को हटा दिया है जबकि जल बोर्ड को भली भांति पता है कि टैंकर की कितनी आवश्यकता है यहां पर उसके बाद भी टैंकर नेताओं के इशारे पर जनता को परेशान करने के लिए नेताओं के साजिश का हिस्सा बनकर जनता को परेशान कर रहा है। अगर जल बोर्ड को टैंकर हटाना ही था तो पहले दूसरे टैंकर की व्यवस्था की क्यों नहीं बिना गाड़ी की व्यवस्था किए चलती हुई गाड़ी को बंद क्यों किया? अगर जल बोर्ड अपने इस तरह के कुकृत्यो से बाज नहीं आती है तो इसके लिए इनके कुकृत्यो का उजागर करने के लिए हम बाध्य होंगे। पिछली सरकार में जहां कुछ कम लोग परेशान हुए थे वहीं इस सरकार ने तो प्यासे ही मारने की रचना बना डाली है जनता को, लोग मजबूर है पानी खरीद कर नहाने धोने और पानी पीने के लिए जो ठीक नहीं है जबकि प्रदेश की मुखिया एक महिला है और एक महिला को पानी की कीमत अच्छे से पता होती है।सुनने में यह भी आ रहा है कि जनता द्वारा चुने गए विधायक की भी जल बोर्ड नहीं सुन रहा है। इसमें दो बात हो सकती है एक या तो विधायक अपने ताकत को नहीं दिखाना चाह रहे है या फिर विधायक भी अब मजबूर हो गए है जबकि इतने कमजोर विधायक है नहीं।अगर क्षेत्र की जनता के समस्या का निदान अतिशीघ्र दीपावली से पहले किया नहीं गया तो इसका विरोध जल बोर्ड षड्यंत्रकारी को झेलना पड़ेगा। जल बोर्ड के हित के लिए अच्छा होगा कि जल बोर्ड दीपावली और छठ पर्व के पर्व को देखते हुए गाड़ियों को संख्या शीघ्र ही बढ़ाए क्योंकि आने वाले दोनों पर्वों में पानी की अधिक आवश्यकता होती है।

# बंधकों की लाश पर खड़े किए हाथ, क्या बोला हमास, नेतन्याहू की चेतावनी

● रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसके अलावा, गाजा के एक अस्पताल ने कहा कि उसे इज़राइल द्वारा सौंपे गए 45 फ़िलिस्तीनियों के अवशेष मिले हैं। ज़राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बुधवार को माँग की थी कि हमास बंधकों के शवों की वापसी के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पेश किए गए युद्धविराम समझौते में निर्धारित शर्तों को पूरा करे।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इजरायली सेना ने बुधवार को दावा किया कि युद्ध विराम समझौते के तहत मंगलवार को हमास द्वारा सौंपे गए शवों में से एक शव गाजा में बंधक बनाए गए किसी व्यक्ति का नहीं है। नाजुक युद्धविराम पर दबाव कम करने के लिए हमास ने मंगलवार को चार शव सौंपे, इससे पहले सोमवार को चार शव सौंपे गए थे, जब आखिरी 20 जीवित बंधकों को रिहा किया गया था। कुल मिलाकर, इज़राइल 28 मृत बंधकों के शवों की वापसी का इंतज़ार कर रहा था। चार शवों की रात भर की फोरेंसिक जांच के बाद, इज़रायली सेना ने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला है कि उनमें से एक शव -किसी भी बंधक से मेल नहीं खाता है। इजरायली सेना ने चेतावनी दी हमास को मृत बंधकों को वापस लाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करने होंगे। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मध्यस्थता में किए गए युद्ध विराम समझौते के तहत, हमास ने 20 जीवित इजरायली बंधकों और आठ शवों को वापस सौंप दिया है, जिनमें एक नेपाली, छह इजरायली और आठवां अज्ञात व्यक्ति शामिल है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसके अलावा, गाजा के एक अस्पताल ने कहा कि उसे इज़राइल द्वारा सौंपे गए 45 फ़िलिस्तीनियों के अवशेष मिले हैं। ज़राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बुधवार को माँग की थी कि हमास बंधकों के शवों की वापसी के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पेश किए गए युद्धविराम समझौते में निर्धारित शर्तों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि गम इस पर कोई समझौता नहीं करेंगे और अपने प्रयास तब तक नहीं रोकेंगे जब तक कि हम अंतिम मृतक बंधक को वापस नहीं लौटा देते। अमेरिका द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम योजना में सभी जीवित और मृत बंधकों को सोमवार को समाप्त हो रही समय सीमा तक सौंपने का आह्वान किया गया था। लेकिन समझौते के तहत, अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमास को मृत बंधकों के बारे में जानकारी साझा करनी होगी और जल्द से जल्द सभी को सौंपने का प्रयास करना होगा।

# दीप प्रज्वलन कर कुचायकोट में जीविका दीदियों ने किया मतदाता जागरूकता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज-कुचायकोट-** गोपालगंज जिले में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के लिए कुचायकोट के सम्मेलन जीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़ी जीविका दीदियों और कर्मियों ने एक अनूठी पहल की। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर मतदान के महत्व का संदेश दिया। इस अवसर पर, जीविका दीदियों ने सामूहिक रूप से दीप जलाए, जो ज्ञान, प्रकाश और लोकतंत्र में भागीदारी का प्रतीक थे। दीपों की रोशनी में, उन्होंने मतदाताओं को यह संदेश दिया कि जिस प्रकार एक छोटा-सा दीपक अंधेरे को दूर करता है, उसी प्रकार उनका एक-एक वोट भी मजबूत लोकतंत्र और बेहतर भविष्य के लिए रास्ता रोशन कर सकता है।

**प्रमुख संदेश-** दीदियों ने इस दौरान 'पहले मतदान, फिर जलपान' और 'मेरा वोट, मेरा अधिकार' जैसे नारे लगाए।

**उद्देश्य-** इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं और नए मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना था, ताकि वे बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

इस रचनात्मक और प्रतीकात्मक कार्यक्रम में जीविका दीदियों के साथ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने सभी को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। जीविका दीदियों का यह अभियान गाँवों में घर-घर जाकर संवाद स्थापित करने, रैली निकालने और रंगोली बनाने जैसे अन्य जागरूकता कार्यक्रमों के साथ लगातार जारी है।

### बलिया में हाईटेंशन तार की चपेट में शिक्षक की मौत

**बलिया** में नरही थाना क्षेत्र के भरौली में मंगलवार को एक शिक्षक की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मृतक की पहचान बिहार के बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के महरौली निवासी मनीष कुमार सिंह के रूप में हुई है। मनीष भरौली स्थित एक निजी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार सिंह प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी विद्यालय पहुंचे थे। दोपहर करीब 3 बजे छुट्टी के बाद जब वे घर जाने के लिए विद्यालय से बाहर निकले, तभी सामने से गुजर रहा हाईटेंशन तार अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया। तार की चपेट में आते ही मनीष कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। मनीष कुमार सिंह के परिवार में उनकी 10 साल की बेटी और 6 साल का बेटा है। अगले महीने उनके भतीजे की शादी होने वाली थी। इस दुखद घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### नगर पालिका पर कर्मचारियों का धरना-8 मांगों को लेकर प्रदर्शन, मांगे पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

● बलिया नगर पालिका परिषद कार्यालय प्रांगण में धरना प्रदर्शन हुआ।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** नगर पालिका परिषद कार्यालय प्रांगण में बुधवार को स्वायत्तशासी शासन कर्मचारी संगठन ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष भारत भूषण मिश्रा ने कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। मिश्रा ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कर्मचारियों का तीन वर्ष का एनपीएस (NPS) जमा कराना और ददरी मेला 2022-2023 तथा 2023-2024 का मानदेय भुगतान शामिल है। इसके अतिरिक्त, चार कर्मचारियों का बकाया वेतन तुरंत देने की भी मांग की गई है।

कर्मचारियों के स्थान पर अधिसंख्य पद के कर्मचारियों का समायोजन करने की मांग की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर वेतन निर्धारण कर उनकी पेंशन पत्रावलियों को एडी (AD) के समक्ष पुनरीक्षण के लिए भेजने पर भी जोर दिया गया।

कर्मचारियों के अकारण वेतन काटने पर रोक लगाने, सभी कर्मचारियों को हर हाल में 1 से 3 तारीख तक वेतन, पीएफ (PF) और पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही, कार्यरत अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों की सर्विस बुक का सत्यापन कर हस्ताक्षर करने की बात कही गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को तत्काल नहीं माना गया, तो प्रदर्शन जारी रहेगा।

### उप्र- महोबा में दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**बांदा** से सटे महोबा जिले के चरखारी कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल फोन की दुकान संचालित करने वाले एक व्यक्ति की किसी अज्ञात बदमाश ने गोली मारकर हत्या कर दी। महोबा जिले की अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) वंदना सिंह ने बुधवार को बताया कि चरखारी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे नौसारा गांव के नजदीक दुकानदार राजकुमार अहिरवार (28) को किसी बदमाश ने गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। बाद में उसे झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी। एएसपी ने बताया कि चरखारी कस्बे से मोबाइल की दुकान बंद कर राजकुमार अपने एक साथी प्रमोद के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था तभी नौसारा गांव से पहले उसे गोली मार दी गई। उन्होंने कहा, अब तक की जांच में लूट होने के साक्ष्य नहीं मिले है। हम झांसी मेडिकल कॉलेज से पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रहे हैं। घटना की जांच के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं।

# बलिया मेंआयजित कार्यक्रम में यूपी के 1.86 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में सब्सिडी-लाभार्थियों को त्योहारों पर मिलेगा मुफ्त सिलेंडर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल पर सब्सिडी प्रदान करने के लिए 1500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। बलिया कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा की उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

योजना के अंतर्गत, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर महीने में प्रत्येक गरीब परिवार को एक-एक मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। सब्सिडी की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 में होली पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी पात्र महिलाओं को एक-एक सिलेंडर प्रदान करेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजना महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उन्हें चूल्हे पर खाना बनाने से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों से राहत मिली है। बलिया जिले में इस योजना से 2.43 लाख लाभार्थियों को लाभ मिलेगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को बड़ी सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उज्ज्वला योजना की 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए। इनमें गुड़िया देवी, शिवकुमारी देवी, गुंजन यादव, पूजा देवी, कंचन देवी, गीता, संगीता, कौशिला देवी, सुमित्रा देवी और अफसाना शामिल थीं। इस अवसर पर एडीएम अनिल कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बलिया में शिक्षा विभाग के बाबूओं ने BSA कार्यालय पर धरना संग दिया अल्टीमेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद के समस्त शिक्षा विभाग के लिपिक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षा निदेशालय स्तर पर लम्बित 17 सूत्रीय एवं शासन स्तर पर लम्बित 19 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही महानिदेशक स्कूल शिक्षा, शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/बेसिक) उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश प्रयागराज को सम्बोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गयी कि उक्त मांगों एवं समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो प्रान्तीय आह्वान पर 30 अक्टूबर को प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, 12 नवम्बर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, 27 नवम्बर को प्रदेश के मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), 10 दिसम्बर को संयुक्त शिक्षा निदेशक, 23 दिसम्बर को अपर शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश प्रयागराज, 16 जनवरी 2026 को शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश, 29 जनवरी 2026 को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) लखनऊ तथा 10 फरवरी 2026 को महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के कार्यालय पर धरना दिया जाएगा।

फिर भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 25 फरवरी 2026 से महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में वेद प्रकाश पाण्डेय, अब्बासी, अक्षय श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, विजय शंकर, इंदु, आलोक, संजय यादव, संदीप श्रीवास्तव, अजय सिंह, मंतोष सिंह, राजेश कुमार, आशुतोष गुप्ता, अभिषेक सिंह, मुहम्मद खालिद, खड्ग बहादुर आदि शामिल रहे।